डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार | 14 सितंबर 2025 | वर्ष-31, अंक-328, पृष्ठ-12 | आश्विन कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com
मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

जितिया पर्व की शुभकामनाएं

## एक नजर

### राज्य में 18 सितंबर तक भारी बारिश की संभावना

**रांची।** मौसम विभाग ने झारखंड के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अलर्ट 13 सितंबर से लेकर 18 सितंबर 2025 के लिए जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि 18 सितंबर की सुबह 8:30 बजे तक राज्य में कहीं-कहीं गरज और आंधी-तूफान के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका है। मौसम विभाग ने 15 सितंबर के लिए अलग से येलो अलर्ट जारी किया है। इसमें उन जिलों को चिह्नित किया है, जहां वर्षा और वज्रपात होने की संभावना है। सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले में कुछ जगहों पर गर्जन के साथ वर्षा होने की संभावना है। वज्रपात होने की भी आशंका है। 16 सितंबर 2025 को हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। 17 सितंबर को चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। कुछ जगहों पर तेज आंधी भी चल सकती है। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका है।

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने रिम्स शासी परिषद की बैठक में लिया भाग

# एमआरआई मशीन की खरीद को त्वरित गति दी जाए : डॉ. इरफान

- सीएम सोरेन के नेतृत्व में रिम्स को नई दिशा, जल्द बड़ा बदलाव दिखेगा
- रिम्स को देश के बेहतरीन संस्थानों की श्रेणी में लाना चाहती है सरकार

**बोले मंत्री**

- ट्रॉमा सेंटर में खराब पड़े वेंटीलेटरों को शीघ्र मरम्मत हो या बदला जाए
- प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई होगी




नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल राजधानी रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में शनिवार को रिम्स शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि हम रिम्स को देश के बेहतरीन संस्थानों की श्रेणी में लाना चाहते हैं। यह तभी संभव है, जब सभी जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता से अपनी भूमिका निभाएं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हर स्तर पर बदलाव लाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। रिम्स की व्यवस्था को बदलने के लिए मैं पूरी तरह गंभीर हूं। इस दिशा में मेरी लगातार मुख्यमंत्री जी से वार्ता होती रहती है और उनका मार्गदर्शन मुझे निरंतर मिल रहा है। बहुत जल्द रिम्स में एक बड़ा और व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। थोड़ा समय जरूर लग सकता है, लेकिन बदलाव की बयार अब लोगों को दिखने लगी है। आने वाले समय में और भी ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बैठक में कहा कि सरकारी ड्यूटी के



दौरान बाहर प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एमआरआई मशीन की खरीद प्रक्रिया को त्वरित गति देने का आदेश निदेशक को दिया गया है। ट्रॉमा सेंटर में खराब पड़े वेंटीलेटरों को शीघ्र बदलने एवं मरम्मत करने, बिल्डिंग की मरम्मत और साफ-सफाई को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया है।

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि रिम्स निदेशक को कई मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। आने वाले समय में रिम्स में ठोस बदलाव नजर आएगा। रिम्स निदेशक ने बैठक को सकारात्मक और परिणामदायक बताया और भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में रिम्स में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 9 अक्टूबर 2025 को होगी, जिसमें शेष प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में विधायक सुरेश कुमार बैठा, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, वित्त सचिव, रिम्स निदेशक, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, रिनपास के निदेशक, प्रमंडलीय आयुक्त सहित कई अधिकारी एवं गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**बैठक में इन मुद्दों पर हुआ गहन विचार-विमर्श**

- क्रय में देरी और उससे उत्पन्न समस्याएं।
- ट्रॉमा सेंटर की सुविधाएं व खामियां।
- रखरखाव व्यवस्था और खराब वेंटीलेटरों की स्थिति।
- आवश्यक मशीनों की खरीद और उपयोग।
- इलाज की वर्तमान स्थिति और सुधार की रूपरेखा।

## पलामू के जोरकट से एक करोड़ की हथिनी की चोरी, महावत भी गायब

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में एक करोड़ की हथिनी की चोरी का मामला समाने आया है। साथ ही महावत की गायब होने की भी खबर है। इस संबंध में मेदिनीनगर के सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर हथिनी और महावत की खोजबीन जारी है। खोजबीन में वन विभाग की टीम भी लगी हुई है। सदर थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के विंध्याचल निवासी नरेंद्र कुमार शुक्ला हथिनी का मालिक बताया जा रहा है। विंध्याचल में खाने-पीने की व्यवस्था सही नहीं होने के कारण हथिनी को पलामू लेकर आये थे। जानकारी के अनुसार नरेंद्र शुक्ला ने हथिनी की देखभाल का जिम्मेदारी मिर्जापुर निवासी मुन्ना पांडेय और चुनार के रहने वाले मन्ना पाठक को सौंपी थी, इसी दौरान दोनों की दोस्ती एक अन्य हाथी मालिक ताड़केश्वर नाथ से हो गई थी। नरेंद्र शुक्ला ने पुलिस को बताया कि वे 11 अगस्त



- विंध्याचल में खाने-पीने के कमी के कारण हथिनी को पलामू भेजा गया था

को पलामू के मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट इलाके में पहुंचे थे। उस वक्त हथिनी और महावत वहीं मौजूद थे, लेकिन जब वे 13 अगस्त को दोबारा जोरकट पहुंचे तो वहां पर न ही हथिनी थी और न ही महावत। हथिनी की गायब होने पर उन्होंने कई जगहों पर खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। थक हार कर सदर थाना में हथिनी की खोज के लिए आवदेन दिया है।

## बाइक-स्कूटी की टक्कर में चार घायल, एक रेफर

**लातेहार।** परिषदन भवन के समीप शनिवार को बाइक और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में साजिदा खातून, सूरज देव उरांव, मुकुल उरांव और अजीत भुईयां शामिल हैं। सभी को स्थानीय लोगों की मदद से लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल मुकुल उरांव को रांची रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सदर प्रभारी थाना प्रभारी रामाकांत गुप्ता और एसआई राहुल सिन्हा अस्पताल पहुंचे। प्रभारी ने आर्थिक सहयोग कर मरीज को रांची रिम्स भेजने की व्यवस्था कराई। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता समसुल होधा, भाजपा नगर मंडल विवेक चंद्रवंशी, उत्तम कुमार, सोनू सिंह, संतोष कुमार, मुकेश कुमार भी अस्पताल पहुंचे और घायलों के परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




## न्यू मधुबन वाशरी का 100 फीट ऊंचा साइलो प्लांट धराशाई

- एक श्रमिक फंस गया था, कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया सुरक्षित

नवीन मेल डेस्क



**धनबाद।** धनबाद जिले के बीसीसीएल ब्लॉक 2 क्षेत्र के न्यू मधुबन वाशरी का लगभग 100 फीट ऊंचा साइलो प्लांट (टावर) शुक्रवार की देर रात अचानक तेज आवाज के साथ गिर गया। टावर के नीचे मौजूद श्रमिकों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इस हादसे में धर्मेंद्र ठाकुर नाम का एक कर्मी साइलो प्लांट में फंस गया था। 12 घंटे से अधिक समय तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद कर्मी धर्मेंद्र ठाकुर को सुरक्षित बचा लिया गया।

प्लांट में वेल्डर का काम करने वाले हरेंद्र महतो ने रेस्क्यू टीम की मदद से रस्सी के सहारे किराना के रास्ते ऊंचे टावर में प्रवेश किया। इसके बाद धर्मेंद्र ठाकुर बचाया गया। धर्मेंद्र ठाकुर को स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है। विधायक शत्रुघ्नमहतो ने बीसीसीएल सीएमडी की ओर से बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्रमिक हरेंद्र महतो को नकद पुरस्कार दिया। बीसीसीएल ब्लॉक 2 क्षेत्र के जीएम कुमार राजीव के अनुसार, साइलो हादसे में एक श्रमिक अंदर फंस गया था। उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। घटना के बाद एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई थी। साथ ही, मौके पर पहुंचकर स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि घटना की उच्चस्तरीय जांच होगी। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वाशरी डिवीजन के जीएम सोहेल इकबाल के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही बचाव अभियान शुरू कर दिया गया था। उन्होंने 100 फीट ऊंचा साइलो प्लांट ढहने की पुष्टि की है। बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हरेंद्र महतो ने कहा कि वे इसी प्लांट में वेल्डर का काम करते हैं। बचाव दल के लिफ्टर ने उन्हें ऊपर उठाया और इसके बाद हम मौके पर पहुंचे और रस्सी डालकर उन्हें बाहर निकाला।

**ठेकेदार कंपनी की लापरवाही है हादसे की जिम्मेदार : शत्रुघ्न महतो**

न्यू मधुबन वाशरी वाशरी चेन्नई की राधा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को आउटसोर्सिंग के तहत दी गई है, जो इसके संचालन और रखरखाव का भी काम देखती है। बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने इस हादसे के लिए ठेकेदार कंपनी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले बनी इस वाशरी में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। विधायक ने ठेकेदार कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### सेवा भारती की पत्रिका 'सेवा सुरभि' के विशेषांक 'वैश्विक चेतना व युवा शक्ति' का हुआ लोकार्पण

## हुनर व ईमानदारी से भारत के युवा बने विश्व की ताकत : संजय सेठ

- एचपी नारायण ने कहा, एक-दूसरे का मदद करना ही है जीवन का मंत्र

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को सेवा भारती, झारखंड के सेवा जागरण पत्रिका 'सेवा सुरभि' के 26वें विशेषांक 'वैश्विक चेतना एवं युवा शक्ति' का लोकार्पण रांची के डोरंडा स्थित जैप के शौर्य सभागार में किया। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि 'सेवा सुरभि' पत्रिका का फ्रंट पेज ही सारी व्याख्या कर दे रहा है। इसमें चार ऐसे युवाओं का फोटो है, जो भारत के नेशनल हीरो हैं।

संजय सेठ ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह से कोई भी अपिरिचित नहीं है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का आज सारी दुनिया लोहा मान रही है। हमारे युवा दुनिया में किसी से कम नहीं हैं। दो लेडी अफसरों ने छोटी-सी बोट में दुनिया के समुद्र का 43,000 किमी चक्कर आठ महीने में लगाया। भारत की ताकत 66 करोड़ युवा हैं जो देश में ही नहीं, विदेशों में भी अपना और देश का परचम लहरा रहे हैं। अपने हुनर, कमिटमेंट, ईमानदारी के बल भारत के युवा विश्व की ताकत बन गए हैं। जिन्होंने कभी प्लेन नहीं देखा, बर्फ के पहाड़ नहीं देखे, एनसीसी के उन बच्चों ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर भारत का झंडा लहराया है। पर्वतारोहण के क्रम में एनसीसी के बच्चों ने अपनी जान जोखिम में डालकर एक चाइनीज पर्वतारोही को बचाया है। यह है भारत का संस्कार। चेन्नई में 26 वर्षीय युवा दंपति ने 74 एकड़ में चार इंच से लेकर बड़े-बड़े ड्रोन बना रहे हैं। सेवा भारती की यह पत्रिका युवाओं को आगे बढ़ने में प्रेरणा देगी।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हटिया विधानसभा के विधायक एवं भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि दूसरों के लिए जीना ही जीवन है। कार्यक्रम में अपना आशीर्वचन देते हुए सेवा भारती के संरक्षक के डॉ एचपी नारायण ने कहा कि दीघार्यु होने का एक ही मंत्र है - एक दूसरे का सहयोग करना। अपने उत्तम स्वास्थ्य के लिए हमें सदैव दूसरों की सहायता करनी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं पूर्व अपर मुख्य सचिव एनएन पांडेय ने कहा कि सेवा भारती का कार्य सराहनीय है। भारत के इतिहास में आज का वर्तमान काल स्वर्णिम काल है। सेवा, त्याग और एक-दूसरे की मदद करने की भावना का विस्तार हो रहा है। आज आम जनमानस में सेवा की चेतना जागृत हो रही है। इस कार्य में सेवा भारती की अहम भूमिका निभा रही है। प्रांतीय सचिव ऋषि पांडेय ने सेवा भारती का कार्यवृत्त रखते हुए कहा कि सेवा भारती संस्था अपने विभिन्न सेवा कार्यों द्वारा सेवा बस्ती व सुदूर ग्रामों में समाजिक नवजागृति ला रही है। वर्तमान में सेवा भारती के 1741 कार्य चल रहे हैं। आगामी संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इसे ढाई हजार करने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्य को सफल बनाने के लिए समाज की सामूहिक सहयोग की आवश्यकता है। मौके पर 'सेवा सुरभि' के सलाहकार संपादक व वरीय पत्रकार चंदन मिश्र ने पत्रिका का परिचय देते हुए कहा कि 'सेवा सुरभि' का यह 26वां विशेषांक वैश्विक चेतना एवं युवा शक्ति राष्ट्र के युवाओं के लिए समर्पित पत्रिका है। युवाओं की चेतना और मार्गदर्शन के लिए इस पत्रिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। 'सेवा सुरभि' पत्रिका के 26 वर्षों की यात्रा वृतांत बताते हुए कहा कि 'सेवा सुरभि' पत्रिका विशेषांक में विद्वतजनों के आलेख-कहानी रहते हैं। यह पत्रिका पाठकों के लिए संग्रणीय के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए शोध का भी विषय रहता है। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंचीय परिचय- स्वागत सेवा भारती के न्यासी चंद्रकांत रायपत ने किया। मौके पर कलाकार शिखा कुमारी, प्रवीण दीक्षित, तान्या मिश्रा, मालविका मुखर्जी की शिष्याओं के नृत्य-संगीत की प्रस्तुति ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पत्रिका की संपादक डॉ सुष्मिता पांडेय एवं कलाकारों को सम्मानित किया। सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय की छात्रा तान्या मिश्रा ने एकल गीत 'अमिट सामर्थ्य मुझमें, याचना मै क्यों करूंगा, रुद्र हूं विष छोड़ मधु की कामना मै क्यों करूंगा' की प्रस्तुति की। धन्यवाद ज्ञापन सेवा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश मल्होत्रा ने किया, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ राजश्री जयंती ने किया।

**इंडिया**

## सोशल मीडिया से जेन जेड और वैश्विक भस्मासुर पैदा हो रहे हैं



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

जेन जेड का आंदोलन आग बनकर नेपाल को जला रहा था और सोशल मीडिया पर अनेक विघ्नसंतोषी इसे भारत का भविष्य बता खुश हो रहे थे,अब उसी तरह फ्रांस की राजधानी पेरिस में इमारतें जलाई गईं। काठमांडू से पेरिस की दूरी करीब 7 हजार किलोमीटर है विमान से करीब 12 से 14 घंटे लगते हैं पर लेकिन जेन जेड आंदोलन की आग इससे भी कम समय में सोशल मीडिया से नेपाल से फ्रांस पहुंच गई। इस आंदोलन को वहां के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के तख्तापलट का काउंटडाउन बताया जा रहा है। फ्रांस का ये आंदोलन नेपाल जैसा इसलिए लग रहा है क्योंकि प्रदर्शनकारियों की भीड़ की उम्र 13 वर्ष से 28 से 30 वर्ष तक की थी और फ्रांस में भी ज्यादातर लोग भी इसी उम्र के थे। लाखों लोगों की भीड़ बड़ी बड़ी इमारतों और गाड़ियों को दोनों जगह जला रही थी। हालांकि नेपाल की तरह संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, सुप्रीम कोर्ट और सचिवालय जैसे महत्वपूर्ण भवनों में आग लगाने जैसा फ्रांस में पहले दिन नहीं हुआ जो आगे हो सकता था । नेपाल में तख्तापलट से ठीक पहले जब युवा प्रदर्शनकारी सड़क पर उतरे थे तो पुलिस के साथ झड़प हुई थी। फ्रांस में भी प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ते नजर आए थे। 8 सितंबर को नेपाल सरकार ने भी पुलिस के जरिए आंदोलन को दबाने और भीड़ को डराने की कोशिश की थी। कुछ ऐसा ही कदम फ्रांस सरकार ने भी उठाया था । पेरिस में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए हर संभव कोशिश की। एक लाख से



ज्यादा लोग फ्रांस की सड़कों पर उतर आए थे और इन्हें काबू करने के लिए सरकार ने 80 हजार पुलिसकर्मियों को उतारा । राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 20 माह में ही एक के बाद एक पांच प्रधानमंत्री नियुक्त कर चुके हैं, लेकिन सड़कों पर विरोध और गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा। आंदोलन में वामपंथी और अतिवामपंथी तो शामिल थे ही, लेकिन इसमें अन्य लोग भी शामिल हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों की मांगों में अमीरों पर टैक्स बढ़ाना प्रमुख है।भारत में जिस तरह सोशल मीडिया पर नफरती,झूठे और फर्जी वीडियो डालकर अनपढ़ से लेकर अपरिपक्व युवाओं को देश की तरक्की को नकारने से लेकर धार्मिक,भाषायी और स्थानीय संवेदनशील मुद्दों पर भड़काया जाता है । लाखों लोग ऐसे वीडियो,ऑडियो और बहुत ही शातिराना ढंग से बनाई गई अन्य दुष्प्रचार सामग्री को बार-बार देखकर या तो सच मानने लगते हैं या उनके मन में आक्रोश भर जाता है । ये भड़काऊ सामग्री बनाने वालों के 'आइटी सेल' में प्रशिक्षित आइटी एक्सपर्ट होते हैं जो बेरोजगार और पैसे के पीछे भागने वाले युवाओं को लालच देकर विभिन्न पार्टियों से लेकर देशों तक के लिए काम कराते हैं । इनका काम भाड़े के सैनिकों की तरह होता है जिस कारण इन्हें साइबर सैनिक भी कहा जाता है जो हर महीने या साल क्लाइंट बदलते रहते हैं जो पार्टी उन्हें पैसा देती है उसी के लिए काम करते हैं इन्हें किसी भी जाति,धर्म या देश से नहीं बस पैसे से मतलब होता है। ये पढ़े लिखे मानव बम की तरह होते हैं जो सिर्फ पैसे कमाने के लिए भोले-भाले लोगों की भावनाओं से खेलते हैं और इनकी फैलाई अश्लीलता और नफ़रत के जहर से घर,समाज और देश तक जल रहे हैं । समय की मांग है कि भारत ही नहीं विश्व इन्हें रोकने के लिए कड़े कानून बनाए जैसे ड्रग्स और आतंकवाद के लिए बना हुआ है। सभी राजनीतिक पार्टियों को भी समझना चाहिए कि नफ़रत,अश्लीलता या आतंक का जहर फैलाकर हासिल किया हुआ राजपाट भस्मासुर बनाने जैसा है जिसका उदाहरण अफगानिस्तान था अभी श्रीलंका. पाकिस्तान, बांग्लादेश,नेपाल और फ्रांस है। चिंताजनक है कि झारखंड में भी ये सक्रिय हैं।

## इंडिगो 17 से रांची से पूर्णिया के लिए शुरू करेगा विमान सेवा




नवीन मेल डेस्क

**रांची।** रांची और पूर्णिया के निवासियों के लिए एक खुशखबरी है। इंडिगो एयरलाइंस आगामी बुधवार (17 सितंबर) से रांची से पूर्णिया के लिए विमान सेवा शुरू करेगी। यह विमान रांची से पूर्णिया वाया कोलकाता होकर जाएगा। इससे झारखंड और उत्तर बिहार के बीच यात्रा तेज और आरामदायक हो जाएगी। जानकारी के अनुसार, इंडिगो की रांची-पूर्णिया विमान सेवा फिलहाल प्रायोगिक तौर पर संचालित होगी। यह सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगी। यह सेवा उड़ान योजना के तहत शुरू हो रही है। रांची से विमान सुबह 7:40 बजे रवाना होकर कोलकाता जाएगा। वहां से पूर्णिया दिन के 1:40 बजे पहुंचेगा। पूर्णिया से विमान दिन में 2:30 बजे रवाना होकर वाया कोलकाता होते हुए रात 8:40 बजे रांची आएगा।

# हुसैनाबाद पुलिस ने लोटनियां गांव से 72 बोरी यूरिया खाद से लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

## पूर्व मुखिया नागेन्द्र उपाध्याय के घर में बने गोदाम से 426 बोरा खाद सील

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लोटनियां गांव से शनिवार को अहले सुबह ट्रैक्टर पर लदे 72 बोरी यूरिया खाद को जब्त किया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया की सूचना मिली की लौटानियां गांव से ट्रैक्टर पर यूरिया खाद लोड किया जा रहा है। इसकी सूचना की सत्यापन के लिए एसआई मुकेश सिंह दल-बल के साथ उक्त गांव पहुंचे, पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर पर खाद लोड कर रहे लोग फरार हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लायी और इसकी सूचना वरीय अधिकारियों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी को दी गयी। अनुमंडल पदाधिकारी ने इस सूचना पर अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, मजिस्ट्रेट अनंत झा को लौटानियां गांव भेजा। अंचल पदाधिकारी ने लौटनियां गांव निवासी व पूर्व मुखिया नागेंद्र उपाध्याय के घर स्थित बने एक गोदाम में 270 बोरी यूरिया खाद, डीएपी 60 बोरा, नीमकोटेड 12 बोरी, पारस विक्टा 14 बोतल, शक्तिमान 57 बोरी जीवोंन शक्ति 13 बोरी रखा पाया। इस संबंध में नागेंद्र उपाध्याय द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर उक्त गोदाम को सील कर दिया गया। अंचल पदाधिकारी ने बताया इस संबंध में नागेंद्र उपाध्याय के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत अग्रसर कार्रवाई हेतु जिला कृषि पदाधिकारी को भेज दिया गया है।

### आवंटन के पांच दिन बाद हैदरनगर के तीन पैक्स को 648 बैग मिला यूरिया

**हैदरनगर।** प्रखंड के 12 पंचायतों में प्रति पंचायत 500 बैग यूरिया की जरूरत के विरुद्ध मात्र 54 बैग का आवंटन गत 8 सितंबर को ही जिला प्रशासन ने दिया है। इस प्रखंड के तीन पैक्स में पांच दिन बाद शनिवार को खाद प्राप्त हुआ हैं। आवंटन के चौगुना ग्राहकों की भीड़ संभालना दुकानदार और पैक्स संचालक के बूते से बाहर हो गई है। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि हैदरनगर के तीन पैक्स से चार पंचायतों के किसानों को खाद वितरण करने की जिम्मेवारी दी गई है। जिसे उनकी उपस्थिति में किसानों को उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि दूसरी खेप में प्रति पैक्स 216 बैग का आवंटन दिया गया है। जबकि धान की लहलहाती फसलों में यूरिया डालने के लिए पल पल नजर किसान गड़ाए हैं। प्रशासनिक अधिसूचना के मुताबिक हैदरनगर के झरी पैक्स से मोकहर कला, बरडंडा (झरी), हैदरनगर (पश्चिमी) व चौकड़ी पंचायत के किसानों को खाद मिलेगा। वहीं लोहरपुरा (इमामनगर बरेवा) पैक्स से बभंडी, लोहरपुरा (इमामनगर बरेवा), संड़ेया और बिलासपुर पंचायत के किसानों के लिए यूरिया का आवंटन प्राप्त है। जबकि हैदरनगर (पूर्वी) पैक्स से परता, खरगाड़ा, हैदरनगर (पूर्वी) और कुकही पंचायत के किसानों को खाद मिलेगा। किसानों को जरूरत अनुसार बाजार और पैक्स में खाद की उपलब्धता और आवंटन नहीं होने से उनकी लहलहाती फसल मारी ही नहीं जा रही है। बल्कि उनकी खेती कार्य पर व्यापक आर्थिक क्षति का भी सामना करना पड़ेगा।

### डीआईजी से मिले जेएमएम नेता, पुराना थाना पर पुलिस चौकी की मांग



**हुसैनाबाद (पलामू)।** जेएमएम के वरिष्ठ नेता विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में हैदरनगर के युवाओं का शिष्टमंडल डीआईजी नौशाद आलम को पौधा भेंट किया। इस मौके पर जेएमएम नेता विवेकानंद सिंह ने कहा कि जब से हैदरनगर थाना कार्यालय नए भवन में स्थानांतरित हुआ है, तब से हैदरनगर बाजार व रेलवे गुमटी चौक के व्यवसायी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। थाना के स्थांतरण होने के बाद कई छोटी बड़ी घटनाएं भी होती रहती है। व्यवसायी से रंगदारी की मांग को लेकर गोली चालान, बाजार में दिन दहाड़े हत्या व दो सीएसपी में लूट के अलावा मारपीट की कई घटनाएं हुई है। डीआईजी नौशाद आलम ने युवाओं की बात को गंभीरता से लेते हुए हैदरनगर के थाना प्रभारी से दूरभाष पर जानकारी ली। डीआईजी ने हैदरनगर थाना प्रभारी को पुराना थाना भवन में दो पुलिस अधिकारी, जवान और चौकीदार की व्यवस्था का आदेश दिया है। डीआईजी के त्वरित कार्रवाई से युवा काफी खुश है। इसके लिए उन्होंने डीआइजी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि व्यवस्था हो जाने से हैदरनगर बाजार एवं रेलवे गुमटी चौक के साथ साथ रेलवे स्टेशन और देवी धाम आने जाने वाले लोग भी सुरक्षित महसूस करेंगे। डीआईजी से मिलने वालों में पंचायत समिति सदस्य राजीव शर्मा, समाजसेवी राकिब हुसैन, पप्पू शर्मा के अलावा कई शामिल थे।

### पंसा में 4 शिक्षकों के भरोसे 259 छात्र-छात्राओं का भविष्य

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंसा पंचायत मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में नामांकित 259 छात्र-छात्राओं का भविष्य एक सहायक अध्यापक सहित मात्र 4 शिक्षकों के भरोसे पर है। इससे बच्चों के बेहतर पठन-पाठन को लेकर अभिभावक चिंतित बताए जाते हैं। अभिभावकों की इस चिंता को दूर करने के लिए पंचायत समिति सदस्य सह उपप्रमुख नगीना सिंह ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। इसमें उन्होंने बताया है कि इन शिक्षकों में एक के प्रभारी प्रधानाध्यापक होने के कारण उनकी ज्यादा व्यस्तता विभागीय कार्य की रहती है। ऐसे में शेष 3 के भरोसे पर ही पठन-पाठन किस कदर हो रहा होता है, इसका सहज रूप से अनुमान लगाया जा सकता है। जबकि प्रखंड मुख्यालय से सुदूरवर्ती इस गांव में गरीब परिवार के ही बच्चों के 8वीं क्लास तक के पठन-पाठन की व्यवस्था इस विद्यालय पर ही निर्भर है। उपप्रमुख ने उपायुक्त को इस बात की भी जानकारी दी है कि इस विद्यालय के एक शिक्षक विरेंद्र कुमार पाल विगत 6 वर्षों से सदर प्रखंड के पोलपोल स्थित राजकीय बुनयादी विद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर हैं। उन्होंने इस विद्यालय में शिक्षकों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उनकी प्रतिनियुक्ति को रद्द कर मूल विद्यालय पंसा में वापसी का आदेश दिए जाने की बात बताई है। साथ ही अगली बहाली में इस विद्यालय के स्वीकृत पद के अनुरूप शिक्षकों को पदस्थापित करने की जरूरत पर बल दिया है। तबतक दो और शिक्षकों को इस विद्यालय में पदस्थापित कर बेहतर पठन-पाठन की अभिभावकों की चिंता को दूर करने की जरूरत बताया है। उन्होंने बताया कि शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया गया था। जिसे लेकर उन्होंने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया है।

### जिउतिया व्रत की खरीदारी को लेकर महिलाओं की उमड़ी भीड़

**हुसैनाबाद।** जिउतिया को लेकर बाजार मे महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई। पहले की अपेक्षा इस बार महिलाएं स्वयं बाजार में खरीदारी की। मिठाई दुकानदार संदीप कुमार व फल दुकानदार अन्ना सेठी और मिंटू ने बताया कि उन्हें अच्छी बिक्री की उम्मीद है। उनका कहना है कि यदि रोजाना इस तरह की बिक्री होती है, तो आय में सुधार होगा। फल, फूल और मिष्ठान की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी जा रही है। रीमा देवी, पिंकी देवी और सुषमा देवी ने बताया कि वे व्रत की तैयारी के लिए खरीदारी कर रही हैं। वे इस अवसर को परिवार के साथ हर्षोल्लास से मनाएंगी। जीवित्पुत्रिका व्रत पुत्रों की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन के लिए मनाया जाता है। यह व्रत आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को होता है। इस दिन माताएं अपनी संतान की रक्षा और कुशलता के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। यह व्रत महाभारत काल से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है। व्रत तीन दिनों तक चलता है। इसमें नहाय-खाय, व्रत और पारण शामिल हैं। माताएं इस दौरान भगवान की पूजा करती हैं और अपने बच्चों के लिए प्रार्थना करती हैं।

### अधिग्रहित भूमि के रैयतों को मिला नोटिस

**मोहम्मदगंज।** भजनियां पंचायत सचिवालय में आयोजित दो दिवसीय शिविर में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि के रैयतों को उनके मुआवजा भुगतान से संबंधित नोटिस दिए गए। इसे लेकर अंचल निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्र की अध्यक्षता में रैयतों की बैठक की गई। इसमें बताया गया कि भजनियां से हैदरनगर वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अधौरा और रानीदेवा पथ निर्माण के लिए इस गांव के 26 रैयतों की भूमि अधिग्रहित की गई है। बैठक में कुछेक रैयतों को उनके अनुपस्थित रहने के कारण नोटिस नहीं उपलब्ध कराए गए हैं। नोटिस उक्त सड़क निर्माण को लेकर अधिग्रहित भूमि के एवज में निर्धारित मुआवजा राशि के भुगतान को लेकर जारी किया गया है। इसके लिए जारी नोटिस के आलोक में रैयत व वंशज को वैध रैयती प्रमाणपत्र देना अनिवार्य होगा। हालांकि कई रैयतों ने मुआवजा राशि कम होने की बात भी कही है। बैठक में राजस्व उप निरीक्षक वरुण कुमार, मुखिया व पंसस प्रतिनिधि अरुण कुमार गुप्ता और विश्वनाथ चौधरी सहित कई रैयत व वंशज शामिल थे।

### शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में शामिल हुए विधायक



**मोहम्मदगंज।** आदर्श राजकीय कृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय तारा में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक संजय कुमार सिंह यादव विधायक ने विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं यथा-चहारदीवारी बालक-बालिका शौचालय, ओपन जिम, वाटिका व भूमि समतलीकरण की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि मुखिया अबू नसर सिद्दीकी, अतिथि राजद नेता कलामुद्दीन खान, सुदेश्वर, विधायक प्रतिनिधि खुर्शीद अहमद, पूर्व उप प्रमुख मोहम्मद एजाज, झामुमो नेता विवेकानंद सिंह, पंचायत समिति सदस्य शहबाज सहित छात्र-छात्राओं के माता-पिता, अभिभावक और प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सहित शिक्षक संतोष चौहान, अभिषेक कुमार, मनीष कुमार राय, आशीष कुमार पटेल, श्रीराम पांडेय, शगुफ्ता प्रवीण, हसनैन रजा, संजय कुमार, जागेश्वर प्रसाद, निक्की कुमारी, सबा प्रवीण, राजहंस कुमार, आदर्श कुमार व विकास प्रजापति के अलावा भारी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम में नियमित आने विद्यालय वाले आने छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता को सम्मानित किया गया। साथ ही मानसिक रेल टेस्ट के टॉपर को भी सम्मानित किया गया। बेहतर कार्य करने वाले हाउस सदस्य और बाल संसद भी सम्मानित किए गए।

### शिलापर गांव में भक्ति जागरण व झांकियों का जलवा बिखेरेंगे वाराणसी के कलाकार



**मोहम्मदगंज।** दशहरा पर्व को लेकर माता दुर्गा व अन्य संबद्ध देवी-देवताओं के प्रतिमा और पूजा स्थलों पर पंडाल आदि तैयार करने के काम में तेजी आ गई है। इसके साथ ही इस मौके पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर प्रवचनकतार्ओं और कलाकारों को अनुबंधित करने का प्रक्रियागत प्रयास पूरा किया जा रहा, बताया जाता है। इसी क्रम में शिलापर गांव की सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से जो जानकारी दी गई है। बताया गया है कि इस बार की पूजा में अष्टमी व नवमी को महाप्रसाद और दशमी को भंडारा का आयोजन किया जाने वाला है। जबकि महाष्टमी को वाराणसी के कलाकारों के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम के साथ धार्मिक प्रसंग पर आधारित संगीतमय झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। आयोजकों ने सपरिवार सम्मिलित हो कर दर्शन-पूजन कर पूण्य प्राप्त करने और प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

### शहरी आवास के लाभुकों की सूची जारी

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना-2 के चयनित लाभुकों की सूची शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय पर प्रकाशित की गई है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी ने बताया कि हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र से प्राप्त आवेदन का जांचोपरांत 1958 लाभुकों का चयन प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना-2 के लिए किया गया है। नगर पंचायत कार्यालय पर इसकी सूची प्रकाशित कर दी गई है। उक्त सूची पर दावा एवं आपत्ति एक सप्ताह के अंदर स्वीकृत की जाएगी। निर्धारित समय सीमा के बाद दावा आपत्ति के निष्पादन के बाद लाभुकों की सूची नागरीय प्रशासन निदेशालय को स्वीकृति के लिए भेजी जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि अर्हता पूरी नहीं करनेवाले 115 लोगों का आवेदन रद्द किया गया है।

## छतरपुर पुलिस ने भारी मात्रा में शराब लदे ट्रेलर को किया जब्त

नवीन मेल संवाददाता



**छतरपुर (पलामू )।** पुलिस ने अवैध शराब लदा ट्रेलर जब्त किया है। वहीं जांच में वाहन का पंजीयन संख्या और चेचिस नंबर अलग-अलग मिले है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। गुरुवार को छतरपुर थाना पुलिस को भारी मात्रा में अवैध शराब ले जाने से संबंधित जानकारी मिली थी। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वाहन संख्या को संदेह होने पर पकड़ा। पूछताछ करने पर पहले चालक ने पुट्टी लोड होने की बात कही। पुलिस द्वारा जांच करने के बाद ट्रेलर से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब मिला। शराब से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर छतरपुर थाना प्राथमिकी दर्ज करते हुए वाहन और शराब को जब्त कर लिया गया। वहीं वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार चालक हरियाणा के मेवात नूंह जिले के बेरी गांव का रहने वाला है। जिला परिवहन विभाग से वाहन की जांच में वाहन का पंजीकरण व चेचिस नंबर अलग होने की पुष्टि हुई। पूछताछ के क्रम में चालक से मिले जानकारी का सत्यापन कर रही है, वहीं अवैध शराब के धंधे में संलिप्त लोगों के विरुद्ध जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मृदा स्वास्थ्य स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम

## स्कूली बच्चों को मृदा संरक्षण व मिट्टी की उर्वरता की दी गयी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हुसैनाबाद में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से मृदा स्वास्थ्य स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आत्मा विभाग के सतीश कुमार चौबे ने किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों को मृदा संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता एवं कृषि क्षेत्र में मृदा परीक्षण के महत्व से अवगत कराना था। कृषि विज्ञान केंद्र चियांकी के कृषि वैज्ञानिक अशोक कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों को बताया कि स्वस्थ्य मिट्टी ही स्वस्थ फसल की आधारशिला है। उन्होंने मिट्टी की जांच की, उसमें मौजूद पोषक तत्वों की पहचान तथा संतुलित उर्वरक के प्रयोग पर उपयोगी जानकारी दी। मौके पर विद्यालय की वार्डेन सह शिक्षिका सुष्मिता रानी भी उपस्थित थी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने के साथ-साथ उनमें पर्यावरण एवं कृषि के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी उत्पन्न करते हैं। मौके पर एटीएम जयगोविंद यादव, एग्री क्लिनिक के विकास कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक मेहता, शिक्षिका वंदना पांडेय, रागिनी कुमारी, शारदा भारती, आरजू खान, सुमन कुमारी, नीलम मेहता, मीना देवी समेत काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

### पांच माह से मजदूरी नहीं मिलने पर मजदूरों का प्रदर्शन

**हरिहरगंज।** एनएच-139 फोरलेन निर्माण कार्य में लगे शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के विरुद्ध शनिवार को दर्जनों मजदूरों ने सुलतानी गांव के समीप कंपनी के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें पिछले पांच माह से मजदूरी नहीं मिली है। जिससे वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। बताया कि वे सभी फोरलेन निर्माण के कार्य में लगे हुए हैं। कुल 70 मजदूरों का मजदूरी शिवालया कंपनी के पास लंबित है। मौके पर कंपनी के पेटीदार संवेदकों ने भी मजदूरों का समर्थन किया। मजदूरों ने कहा कि पर्व-त्योहार का समय है और मजदूरी नहीं मिलने से घर चलाना मुश्किल हो गया है। इस अवसर पर बिरेंद्र विश्वकर्मा, हिमांशु कुमार, महेंद्र विश्वकर्मा, अजय दुबे, अमेश यादव के अलावे जितेंद्र भुइंया, हरिहर पासवान, उदय विश्वकर्मा, जितेंद्र पाठक, विकास पासवान, मदन विश्वकर्मा, गिरजा भुईयां, धर्मेंद्र भुईयां, गुप्तेश्वर शर्मा, मनोज कुमार, संजय भुईयां, अजय सिंह समेत अन्य मजदूर मौजूद थे। इस संबंध में शिवालया कंपनी के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने बताया कि चार दिनों के अंदर मजदूरों को बकाया मजदूरी मिल जाएगी।

### अतिवृष्टि से फसलों की क्षति से संबंधित आवेदन प्राप्त करने का काम जारी

**मोहम्मदगंज।** अतिवृष्टि से फसलों की क्षति की भरपाई के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन जमा करने का काम जारी बताया जाता है। अतिवृष्टि से फसलों की क्षति संबंधित आवेदन प्राप्त करने को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी कार्यालय ने 6 सितंबर को भी पत्र निर्गत कर जमीनी सत्यापन के साथ प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश प्रखंड कृषि पदाधिकारी व जनसेवक को दिए हैं। जिसके आलोक में इसे लेकर इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। जिससे कि फसलों की क्षति की भरपाई से संबंधित आवश्यक कार्रवाई ससमय संभव हो सकेगा। जिला कृषि पदाधिकारी ने बीटीएम, एटीएम और किसान मित्र को भी प्रखंड कृषि पदाधिकारी को इस मामले में आवश्यक सहयोग करते हुए यथाशीघ्र फसल नुकसान का जमीनी सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बताया जाता है कि इसके पहले भी उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के कृषि प्रभाग की ओर से अंचल अधिकारियों को 25 अगस्त को भी इस संबंध में पत्र जारी किया गया था।

### जपला आरपीएफ ने 62 लोगों को रेलवे एक्ट के तहत किया गिरफ्तार



**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के सोननगर गढ़वा रोड रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन पर रेल मजिस्ट्रेट के निर्देश पर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में अधिकारी व स्टाफ द्वारा यात्री सुरक्षा को लेकर महिला व दिव्यांग कोच और स्टेशन परिसर में 9 सितंबर से 13 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रेल अधिनियम के तहत महिला व दिव्यांग कोच व स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमते हुए 62 लोगों को गिरफ्तार किया। आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि यात्री सुरक्षा को लेकर आरपीएफ पुलिस सजग है। अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले और स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमने वाले व चैन पुलिंग करने वाले के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत डेहरी-बरवाडीह शटल पैसेंजर व विभिन्न ट्रेनों के महिला एवम दिव्यांग कोच, स्टेशन परिसर व जनरल कोच में अनाधिकृत रूप से समान बेचते भेंडर व चैन पुलिंग करने वाले 62 लोगों को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक दंडाधिकारी डाल्टनगंज को अग्रसारित किया गया है। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने सभी को जुमार्ना देने के उपरांत रिहा कर दिया है। मीना ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन्हें भी अनाधिकृत यात्रा करते या रेल परिसर में बेवजह विचरण करते पकड़ा जाएगा। उनपर कार्रवाई की जाएगी इस अभियान में आरपीएफ के उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा, जेपी प्रसाद, एएसआई जेपी यादव समेत आरपीएफ पुलिस बल के जवान शामिल थे।

**बैठक** | कुसुआ में जेएसएलपीएस का वार्षिक आमसभा

## महिला थाना प्रभारी ने अंधविश्वास से दूर रहने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड के ग्राम कुसुआ स्थित सामुदायिक भवन में जेएसएलपीएस का वार्षिक आमसभा बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। मौके पर आसपास की विभिन्न पंचायतों की महिला संगठन समूह की सैकड़ों सदस्याएं शामिल हुईं और अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी मौजूद थीं। वहीं विशेष अतिथि के रूप में देवरी कला पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह, दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर और जेएसएलपीएस के कर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और अतिथियों के स्वागत-सत्कार से हुई, जहां उन्हें शाल और बुके देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी ने महिलाओं को संगठित होकर आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महिला संगठन एक मजबूत कदम है, इसकी ताकत से महिलाएं न सिर्फ अपने परिवार बल्कि समाज की तस्वीर भी बदल सकती हैं। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से विशेष अपील की कि वे डायन प्रथा, भूत-प्रेत और तरह-तरह के अंधविश्वासों से दूर रहें। शिक्षा और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी परिस्थिति में महिला थाना उनकी मदद के लिए तत्पर है। पार्वती कुमारी ने अपना मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किया ताकि किसी भी महिला को परेशानी होने पर तुरंत संपर्क किया जा सके। सभा में शामिल महिलाओं ने भी अपने विचार रखे और संगठन के कार्यों से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस माध्यम से उन्हें न सिर्फ आजीविका के अवसर मिले हैं बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा है। वार्षिक आमसभा का माहौल उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आगे भी मिलकर काम करने और अपने अधिकारों के लिए सजग रहने का संकल्प लिया।

### नए थाना प्रभारी का किया गया स्वागत

**उंटारी रोड।** पूर्व जिला परिषद सदस्य सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने शुक्रवार को अपने दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता के साथ उंटारी रोड के नये थाना प्रभारी से मुलाकात की। इस दौरान मनोज सिंह ने थाना प्रभारी को बुके व फूल माला व शॉल देकर स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत विभाग की ओर से जनता को जागरूक किया जा रहा है, ताकि आम जनता और पुलिस मिलकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकरार रखें। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, महामंत्री रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर राजा राम मेहता, भाजपा नेता बीरेंद्रनाथ शर्मा, उपाध्यक्ष अखिलेश दीक्षित, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित कुमार प्रजापति, नागेंद्र दीक्षित, चंदन कुमार सिंह, नंदा पासवान, नंदलाल चौधरी, अशोक चौधरी, अजीत चंद्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# जिप बोर्ड की बैठक संपन्न, जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

- **सील दुकानों की नीलामी, डीआरडीए कर्मियों के वेतन भुगतान व बहुउद्देशीय भवनों को किराए पर देने जैसे फैसलों पर बनी सहमति**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय के उप विकास आयुक्त सभागार में शनिवार को जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद बोर्ड की बैठक हुई। इस बैठक में पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा के साथ-साथ विभागवार कार्यों पर चर्चा हुई और कई अहम जनहित से जुड़े फैसले लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन दुकानों का किराया जमा नहीं हो रहा है और जो सील हैं, उन्हें अंतिम नोटिस देकर सामान जब्त कर नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अलावा, जिला परिषद में विलय के बाद डीआरडीए कर्मियों के वेतन भुगतान में देरी को देखते हुए उनके दो माह के वेतन का भुगतान जिला परिषद निधि से करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में कोयल आजीविका अप्रैल पार्क के बिजली बिल का भुगतान करने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही डाकबंगला और विभिन्न बहुउद्देशीय भवनों की मरम्मत कर उन्हें किराए पर देने का निर्णय भी लिया गया।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह ने यूरिया वितरण के संबंध में उठाए गए मुद्दों पर प्रकाश डाला। इस पर जिला कृषि पदाधिकारी ने जांच कमेटी बनाकर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया।

बैठक में जिप सदस्य विजय रविदास ने आंगनबाड़ी सेविकाओं की सूची उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही, पड़वा प्रखंड में सीडीपीओ के अभाव में आंगनबाड़ी कार्यों में रुकावट को भी उठाया गया। जिप सदस्य प्रमोद सिंह ने जर्जर बिजली तार और पोलों की मरम्मत के लिए आग्रह किया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, विभिन्न जिला परिषद सदस्य और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## लायंस क्लब डाल्टनगंज की ओर से मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन, बच्चों को मिला स्वास्थ्य परामर्श

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब डाल्टनगंज की ओर से शनिवार को कुंड मोहल्ला स्थित उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल में एक मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं का दंत परीक्षण और हीमोग्लोबिन जांच की गई, साथ ही उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया।

दंत परीक्षण का कार्य चिकित्सक डॉ. विनीत सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने सभी छात्राओं के दांतों की जांच कर उन्हें मुँह की सफाई, ब्रश करने की सही विधि और दांतों की नियमित देखभाल के तरीके समझाए। बच्चों को व्यवहार में लाने योग्य आसान सुझाव भी दिए गए ताकि वे स्वयं अपनी ओर से दंत स्वच्छता बनाए रखें।

इसके अलावा, लायंस क्लब के सौजन्य से छात्राओं का हीमोग्लोबिन टेस्ट भी कराया गया। परीक्षण के दौरान जिन छात्राओं में खून की कमी पाई गई, उन्हें आयरन और कैल्शियम टैबलेट्स वितरित की गईं, ताकि पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा किया जा सके।

कार्यक्रम के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और स्टाफ को क्लब की ओर से सम्मान स्वरूप उपहार भी भेंट किए गए।

इस आयोजन में लायंस क्लब अध्यक्ष रूपेश कुमार, सचिव प्रभात कुमार अग्रवाल, लायन अनवर हुसैन, लायन पियूष तुलस्यान, लायन सुधीर अग्रवाल, लायन विनीत सिंह, लायन राधेश्याम प्रसाद, लायन नवीन गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

सभी सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविर अन्य विद्यालयों में भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके और उन्हें उचित मार्गदर्शन मिल सके।

## स्थानांतरण के बाद पलामू के प्रधान जिला जज को दी गई भावभीनी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड उच्च न्यायालय में स्थानांतरित हुए पलामू जिला न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय को शनिवार को जिला प्रशासन और न्यायिक अधिकारियों की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। समाहरणालय परिसर में आयोजित इस शिष्टाचार मुलाकात में डीआईजी पलामू रेंज नौशाद आलम, उपायुक्त समीरा एस, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रामेशन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर जिला जज के कार्यकाल को यादगार बताया। इस दौरान डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि न्यायाधीश दिवाकर पांडेय का कार्यकाल न सिर्फ न्यायिक दृष्टिकोण से उत्कृष्ट रहा, बल्कि उनके नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन और न्यायालय के बीच बेहतरीन समन्वय भी बना रहा, जिससे जिले में विधि व्यवस्था को मजबूती मिली।

डीआईजी ने कहा कि न्याय की स्थापना और त्वरित न्याय प्रक्रिया के लिए दिवाकर पांडेय ने हमेशा निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ कार्य किया। उन्होंने कहा कि उनके निर्णयों और व्यवहार से न केवल वादकारियों को विश्वास मिला, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता भी आई।

अब पलामू के नए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में श्रीराम शर्मा पदभार ग्रहण करेंगे। डीआईजी ने विश्वास जताया कि पूर्व की तरह ही पुलिस-प्रशासन नए जिला जज के साथ भी बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करेगा। कार्यक्रम में सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, न्यायिक पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, और अधिवक्ता भी मौजूद रहे। सभी ने दिवाकर पांडेय को उनके उच्च न्यायालय में नये कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### डीसी समीरा एस ने रजवाडीह मध्य विद्यालय में पीटीएम के दौरान अभिभावकों को किया जागरूक

## बच्चे केवल आपके नहीं, देश के भी कर्णधार हैं बच्चों की पढ़ाई में निभाएं सक्रिय भूमिका : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस ने शनिवार को सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में आयोजित विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) में भाग लिया और अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। बैठक का आयोजन डीसी की अध्यक्षता में हुआ, जबकि संयोजन डीएसई संदीप कुमार ने और संचालन प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की शिक्षिकाएं निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी तथा शिक्षक विजय कुमार ठाकुर और लैब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बच्चों द्वारा उपायुक्त, डीएसई और अन्य अतिथियों का तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत करते हुए की गई। बैठक में शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित अभिभावकों में प्रतिमा देवी, मुकेश साव, सुचिता देवी, रंजु देवी, अखिलेश यादव, नीलम देवी, अरविंद पाण्डेय, ललिता देवी और सरिता देवी शामिल रहे।

अपने संबोधन में उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि "बच्चे केवल अभिभावकों के ही नहीं, बल्कि देश के कर्णधार होते हैं।" उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और घर पर कम से कम दो घंटे पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। डीसी ने स्पष्ट किया कि निरक्षर अभिभावक भी बोलकर पढ़ाने जैसे तरीकों से बच्चों की मदद कर सकते हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों से साल में होने वाली चारों पीटीएम में भाग लेने का आग्रह करते हुए कहा कि यह समय बच्चों के भविष्य निर्माण का है और इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। डीसी ने यह भी साझा किया कि वे स्वयं सरकारी स्कूल की छात्रा रही हैं, इसलिए सरकारी विद्यालयों के प्रति नकारात्मक सोच को त्यागने की जरूरत है। मौके पर 'एक पौधा मां के नाम अभियान' के तहत डीसी ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और विभिन्न कक्षाओं में जाकर बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई की स्थिति का जायजा लिया।

बैठक में डीएसई संदीप कुमार ने सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी और इनका सही उपयोग करने की बात कही। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि उपायुक्त के आगमन से शिक्षकों का मनोबल बढ़ा है।

### बच्ची के गले से लॉकेट चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** शहर थाना की पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक बच्ची के गले से सोने का लॉकेट चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना शुक्रवार दोपहर की है, जब बच्ची अपने माता–पिता के साथ जेलहाता स्थित अरुण शुक्ला के क्लीनिक गई हुई थी। उसी दौरान अचानक बच्ची के गले से लॉकेट गायब हो गया। घटना के बाद बच्ची के परिजनों ने तुरंत शहर थाना में इसकी शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को कुछ ही घंटों में पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरेंद्र कुमार चंद्रवंशी, चेयरमैन रोड, हमीदगंज निवासी के रूप में की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि हरेंद्र पूर्व में भी एक मंदिर से चोरी के मामले में साल 2014 में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया सोने का लॉकेट भी बरामद कर लिया है। फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ नालसा वीर परिवार सहायता योजना के अंतर्गत डेडिकेटेड सेल का उद्घाटन

- **मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने किया ऑनलाइन उद्घाटन**
- **सैनिकों और उनके परिवारों को मिलेगी निशुल्क कानूनी सहायता**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) कार्यालय में नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 के अंतर्गत डेडिकेटेड सेल का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम में झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद तथा मेजर जनरल सज्जन सिंह मान भी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे। यह सेल नालसा के दिशा-निर्देश और झालसा के तत्वावधान में पूरे झारखंड राज्य के सभी जिलों में एक साथ प्रारंभ किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य देश की सेवा में समर्पित वीर सैनिकों, अर्धसैनिक बलों तथा उनके आश्रित परिवारों को निशुल्क एवं त्वरित कानूनी सहायता प्रदान करना है।

पलामू जिला में भी इस योजना के अंतर्गत एक डेडिकेटेड सेल की स्थापना की गई है, जिसमें तीन पैनल अधिवक्ता और दो पीएलवी (पैरा लीगल वालंटियर) को नियुक्त किया गया है। यह सेल उन परिवारों की मदद करेगा, जिनके सदस्य देश की सीमाओं पर तैनात हैं और जो किसी कानूनी समस्या का सामना कर रहे हैं।

इस उद्घाटन अवसर पर पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार, द्वितीय प्रतीक चतुर्वेदी, चतुर्थ पवन कुमार, पंचम स्वेता ढींगरा, षष्ठम राजकुमार मिश्रा, अष्टम आयशा खान, नवम आभाष कुमार, सीजेएम मनोरंजन कुमार, एसीजेएम सुशीला सोरेंग, डालसा सचिव राकेश रंजन, एसडीजेएम कमल प्रकाश, रेलवे जेएम प्रज्ञेष निगम, जेएम एसके गौतम, सोनम बिश्नोई, रश्मि चंदेल, रविशंकर पांडेय, शंभू महतो आदि न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, महासचिव अजय कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद्र सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, अधिवक्ता शलभ कुमार, शशिभूषण दुबे, राजेश सिंह समेत कई अधिवक्ता, न्यायिक कर्मी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### लोक अदालत में सुलहः पति-पत्नी बच्चे के साथ हुए एकजुट

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान एक और भावुक क्षण सामने आया जब चैनपुर थाना अंतर्गत कनकारी निवासी कन्हाई ठाकुर और उनकी पत्नी रेखा देवी के बीच वर्षों से चल रहे पारिवारिक विवाद को कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास के प्रयास से सुलझा लिया गया। विदित हो कि कन्हाई ठाकुर ने अपनी पत्नी को विदा कराने हेतु सेक्शन 9 के तहत OS 172/2025 कुटुंब न्यायालय, पलामू में दाखिल किया था। दंपति की शादी 12 जून 2023 को हुई थी और उनके दांपत्य जीवन से आठ माह का एक बेटा है। 20 जून 2025 से पत्नी रेखा देवी अपने मायके में रह रही थीं। न्यायालय के हस्तक्षेप और दोनों पक्षों की सहमति के बाद राष्ट्रीय लोक अदालत में इस विवाद का समाधान हो गया और पत्नी अपने बेटे सहित पति के साथ राजी-खुशी विदा हुईं। इस अवसर पर दोनों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर पुनर्मिलन का स्वागत किया और साथ रहने की प्रतिबद्धता दोहराई।




### राजकीय अभियान्त्रिकी महाविद्यालय पलामू में इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ

## प्रेरणा, आत्मविश्वास व स्वास्थ्य जागरूकता पर केंद्रित रहा द्वितीय सत्र

- **विशेषज्ञों ने छात्रों को दी जीवनोपयोगी सलाह**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राजकीय अभियान्त्रिकी महाविद्यालय, पलामू में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय की सभी चार शाखाओं के विभागाध्यक्षों ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि चार वर्षों की सशक्त शिक्षा के बाद वे दक्ष अभियंता बनकर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह ने उद्घाटन सत्र में अभियान्त्रिकी के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंजीनियर समाज के विकास की दिशा तय करते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. भवेश कुमार ने किया, जबकि समन्वयक की भूमिका डॉ. दिपेश कुमार और डॉ. सुमित कुमार ने निभाई। छात्र समन्वयकों मंजीत कुमार, उज्जवल, विमल कुमार सिंह और स्वप्निल प्रधान—की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम के दूसरे दिन का फोकस प्रेरणा, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य जागरूकता पर रहा। मुख्य अतिथि डीएवीआईईटी के प्राचार्य प्रो. डॉ. संजीव श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में केवल डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि नैतिक मूल्यों और संवाद कौशल के साथ चरित्र निर्माण भी आवश्यक है।

कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राजीव रंजन ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और डिजिटल उपकरणों के सीमित उपयोग को स्वस्थ जीवनशैली के लिए जरूरी बताया।

संवादात्मक सत्र में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अपने जीवन के लिए मार्गदर्शक अनुभव बताया। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि इस तरह के प्रेरणादायक सत्र आगे भी आयोजित किए जाएंगे।

## खरौंधी में खेलो झारखंड महोत्सव का आगाज

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित खरौंधी उच्च विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान और बीपीएम नवीन प्रकाश ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। तत्पश्चात अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के बालक-बालिकाओं ने विभिन्न खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में लक्ष्मी कुमारी, 200 मीटर दौड़ (बालिका अंडर-14) में साहित्य कुमारी, 200 मीटर दौड़ (बालक अंडर-17) में राना चंद्रवंशी तथा 400 मीटर दौड़ (बालक अंडर-17) में हसीम आलम ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-19 वर्ग में दशरथ उरांव ने बाजी मारी। बालक वर्ग में अंडर-14 भाला फेंक प्रतियोगिता में रितिक मेहता, अंडर-19 गोला फेंक में हरि ओम कुमार और बालिका वर्ग में आभा कुमारी (सर्कल इवेंट), जिया कुमारी (220 मीटर दौड़), काजल कुमारी (भाला फेंक 28 मीटर), विप्री कुमारी (200 मीटर दौड़) तथा निधि कुमारी (हाई जंप) विजेता बनीं। लंबी कूद में काजल कुमारी और गोला फेंक में खुशबुन खातून ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 वर्ग की 200 मीटर दौड़ में कुंजबिहारी सिंह विजेता रहे। इस अवसर पर बीडीओ रविंद्र कुमार ने कहा कि खेल बच्चों की प्रतिभा को निखारने का सबसे बड़ा माध्यम है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं सामने आती हैं और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाती हैं।

## ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने वाले दुकानदारों पर होगी कार्रवाई : राजकमल

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने वालों के विरुद्ध नगर पंचायत सख्त कार्रवाई करेगा। शनिवार को नगर पंचायत के सभागार में आयोजित बैठक में प्रशासक राजकमल ने निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि आगामी सोमवार से पूरे नगर क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान उन सभी दुकानदारों और व्यवसायियों पर कार्रवाई होगी, जिनके पास ट्रेड लाइसेंस नहीं है। राजकमल ने स्पष्ट कहा कि नगर पंचायत के अंतर्गत व्यवसायिक गतिविधि संचालित करने के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य है। जिन दुकानदारों ने अब तक ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाया है, उन्हें शीघ्र ही आवेदन कर आवश्यक कागजात जमा करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अभियान शुरू होने के बाद यदि किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान के पास वैध ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया गया, तो ऐसे दुकानदारों को नोटिस जारी किया जाएगा और नोटिस मिलने के एक सप्ताह के भीतर उनकी दुकानें सील कर दी जाएंगी। प्रशासक राजकमल ने दुकानदारों से अपील की कि वे नगर पंचायत प्रशासन के इस कदम में पूरा सहयोग करें। बैठक में यह तय किया गया कि अभियान को पूरी सख्ती और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाएगा। राजकमल ने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन की प्राथमिकता नगर में सुव्यवस्थित व्यापारिक माहौल स्थापित करना है। बैठक में सिटी मैनेजर प्रणय मंडिलवार, रवि कुमार,पीएमयू के जितेंद्र कुमार, स्पैरो सॉफ्टेक से नसीम खान, अमित कुमार, रमेश्वर कुमार और दिलनवाज खान उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने शनिवार को प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय राजी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में वे सीधे कक्षाओं में पहुंचे और बच्चों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुचि को परखा और लगभग एक घंटे तक बच्चों को गणित विषय के शॉर्टकट ट्रिक सिखाए। बीडीओ द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ उत्तर दिया। नए तरीकों से गणित सीखकर विद्यार्थी खुश नजर आए और उन्होंने इस पहल को बेहद उपयोगी बताया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ रविंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालयों का नियमित निरीक्षण और बच्चों से सीधा संवाद करना मेरी प्राथमिकता है। बच्चों को रोचक ढंग से पढ़ाई कराना ही असली शिक्षा है। आगे भी समय-समय पर ऐसे शैक्षिक संवाद जारी रहेंगे, ताकि विद्यार्थी सरल तरीके से कठिन विषयों को सीख सकें। उन्होंने विद्यालय में कराए गए पौधरोपण की भी प्रशंसा की और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक सराहनीय पहल है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बीडीओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह और भी बढ़ा है। इस मौके पर शिक्षक मनोज कुमार सिंह, संतोष कुमार यादव, आलोक कुमार चौबे, सनेश कुमार पाल सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

## प्रखंड स्तरीय खेलकूद का आयोजन



**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय के किसान उच्च विद्यालय के मैदान मे शुक्रवार को प्रखंड संसाधन केंद्र डंडई के द्वारा प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ देवलाल करमाली, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रेनू बाला,सीआरपी दिलीप कुमार यादव,ओमप्रकाश चौधरी बीआरपी राजू रंजन प्रधानाध्यापक याकूब अंसारी, रामप्रवेश राम सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काट किया। खेलो झारखंड प्रतियोगिता में 100 मी, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर,1500 मीटर, 3000 मीटर के दौड़ के साथ-साथ खोखो, एथेलेटिंक सहित अन्य खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 100 मीटर की दौड़ में प्रथम खुशबू कुमारी,द्वितीय पूजा कमारी, तृतीय मदीना खातून,400 मीटर की दौड़ में प्रथम अंगद कुमार द्वितीय मुकेश कुमार सिंह तृतीय शिवपूजन कुमार, 800 मीटर की दौड़ में प्रथम अजीत कुमार सिंह द्वितीय राजीव कुमार, तृतीय राहुल कुमार,600 मीटर की दौड़ में प्रथम सुषमा कुमारी, द्वितीय आरती कुमारी, तृतीय सुप्रिया कमारी,1500 सौ मीटर की दौड़ में प्रथम विक्रांत गप्ता, द्वितीय गौतम यादव तृतीय अशोक कुमार, 3000 मीटर की दौड़ में प्रथम जसीम अंसारी, द्वितीय लक्ष्मण कुमार ने प्राप्त किया।

### डीआईजी ने किया भवनाथपुर थाना का औचक निरीक्षण

# आम जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** पलामू प्रमंडल के डीआईजी नौशाद आलम ने शनिवार को भवनाथपुर थाना के औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना, पुलिस निरीक्षक कार्यालय के साथ साथ निमार्णाधीन इंस्पेक्टर कार्यालय सह आवास और पुलिस पदाधिकारी आवास का भी निरीक्षण किया। इससे पूर्व थाना पहुंचने पर थाना परिसर में पुलिस के जवानों द्वारा डीआईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस क्रम में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों को लंबित मामलों के निष्पादन में गति लाने व क्षेत्र में विधि-व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के लिए पहुंचे डीआईजी को थाना प्रभारी के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान डीआईजी ने थाने के सभी पदाधिकारी व जवानों का टर्न आउट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीआईजी ने थाना सिरिस्ता में संधारित अभिलेखों का अवलोकन करते हुए उसमें पाई गई त्रुटियों में सुधार करने, आम जनता के शिकायतों का त्वरित समाधान करने, जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने, क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार यहां आया हूं। पहले यह क्षेत्र अतिसंवेदनशील हुआ करता था, लेकिन जनता की समेकित सहयोग से आज इस क्षेत्र के लोग अमन चैन की जिंदगी जी रहे है। आशा है, कि इसी तरह पुलिस और जनसहयोग की मदद से यह कारवां चलता रहे। अपने कार्य क्षेत्र के सभी थानों का औचक निरीक्षण कर उन्हें सुदृढ़ बनाने का प्रयास करना ही मेरा दायित्व है। इस मौके पर थाना प्रभारी रजनी रंजन, केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, हरिहरपुर ओपी प्रभारी सैफुल्लाह खां, एसआई दिनेश सिंह, परवेज आलम, एएसआई उपेंद्र राम, उदय यादव, आशुतोष सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## 15 व 16 को खेलो झारखंड प्रतियोगिता

**केतार।** प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन 15 एवं 16 सितंबर को लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में किया जाएगा। इसकी जानकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवि कुमार बैध ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया हैं। प्रतियोगिता में केवल सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं झारखंड एकेडमिक काउंसिल से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के नियमित छात्र-छात्राएं ही भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बीते वर्ष की अंक पत्रिका, बोनाफाइड प्रमाण पत्र, उपस्थिति रजिस्टर, पात्रता प्रपत्र और ई-विद्या वाहिनी से प्राप्त छात्र आईडी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। चयनित खिलाड़ियों की आयु वर्ग अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणी में होगी। बीपीएम ने स्पष्ट किया कि विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों का विवरण निर्धारित प्रपत्र में फोटो सत्यापन सहित बीआरसी केतार को उपलब्ध कराना आवश्यक है। देरी होने पर संबंधित विद्यालय प्रधानाध्यापक या शिक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## लूटपाट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चार आरोपी फरार

नवीन मेल संवाददाता



**मेराल।** थाना क्षेत्र के अरंगी गांव में शुक्रवार के शाम में लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी को मेराल पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी गोंदा गांव निवासी रविंद्र ठाकुर का पुत्र आनंद कुमार है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि शाम लगभग 6 मिथिलेश कुमार चंद्रवंशी ओखरगाड़ा गांव से मिस्त्री का काम कर घर लौट रहा था। लौटने के क्रम में बिकताम पहाड़ के पास तीन मोटरसाइकिल पर 5 से 6 सवार व्यक्ति मोटरसाइकिल से मिस्त्री को ओवरटेक कर मारपीट करते हुए 5 हजार रुपए लूट लिए। लूटपाट की घटना के दौरान ही मिस्त्री मिथिलेश कुमार चंद्रवंशी हल्ला करने लगा। हुहल्ला सुन आस-पास के गांव वाले घटनास्थल पर पहुंचे और एक व्यक्ति को गांव वालों ने दबोच लिया, जबकि घटना में संलिप्त शेष व्यक्ति भागने में सफल रहे। घटना की सूचना पाकर मेराल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी लिया। पुलिस ने लूटपाट की घटना में शामिल आनंद कुमार को थाना लाया और घटना के संबंध में पूछताछ किया गया।

## विक्षिप्त युवक ने जूस पी रहे युवक पर किया हमला, पुलिस ने दबोचा

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के खरौंधी मोड़ के समीप शनिवार को एक विक्षिप्त युवक ने बिहार के औरंगाबाद निवासी एमडी फियाज पर ब्लेड से हमला कर दिया। फियाज अपने साथी के साथ जूस पी रहे थे, तभी अचानक युवक ने उन पर हमला कर दिया। हमले में फियाज का गर्दन कट गयी। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हमलावर को पकड़ लिया और काबू में कर लिया। इसके बाद घटना की सूचना भवनाथपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हमलावर को हिरासत में लेकर थाना ले आई।

### नवीन मेल में खबर छपने के बाद एसडीओ ने की डोभा निर्माण की जांच

# योजनाओं की लूट का बड़ा खेल : एसडीओ

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा(चिनियां)।** गढ़वा मनरेगा योजनाओं में गड़बड़ी की खबरें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला चिनियां प्रखंड के बिलैयतीखैर पंचायत के राजबास गांव से सामने आया है, जहां डोभा निर्माण योजना में बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़ा उजागर हुआ है। ग्रामीणों द्वारा गढ़वा उपायुक्त को दिए गए आवेदन के बाद उपायुक्त के निर्देश पर रंका अनुमंडल पदाधिकारी रुद्रप्रताप ने शनिवार को चिनियां प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ सुबोध कुमार व मनरेगा पदाधिकारियों से कागजी दस्तावेज की जांच की। इसके बाद एसडीओ रुद्रप्रताप मेराल के सहायक अभियंता संग योजना स्थल राजबांस पहुंचे। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीणों और वार्ड सदस्य अरुणा भुइयां, छोटेलाल सिंह, सुरजदेव सिंह, प्रमेश्वर, रेशमी देवी, विधायक प्रतिनिधि जगदीश सिंह, रवि प्रसाद, शशी प्रसाद, चतुरी सिंह, रामधयान यादव समेत अन्य की मौजूदगी में जांच की गई। लेकिन, मौके पर डोभा निर्माण का कोई अस्तित्व ही नहीं मिला। जांच के दौरान मजदूर विजय परहिया ने एसडीओ के समक्ष कहा कि उनके खाते में मनरेगा डोभा निर्माण योजना का पैसा आया था, लेकिन पंचायत के मुखिया गोपाल यादव ने कहा कि यह पैसा मेरा है और खाता से पैसा निकलवा लिया गया। इसी तरह उपेंद्र ठाकुर के नाम पर हुए डोभा निर्माण में मजदूर राजकुमार यादव ने साफ कहा कि पैसा तो उनके खाते में आया है, पर उन्होंने कभी डोभा निर्माण का काम नहीं किया और ना ही कोई पैसा मांगने आया है। उनका आरोप है कि मुखिया ने उनकी पत्नी के खाते से भी पैसा निकलवाकर रख लिया। जांच में खुलासा हुआ कि एक योजना में 64,296 रुपये और दूसरी में 67,690 रुपये मजदूरों के नाम से मास्टर रोल पर पैसा निकाला गया। वहीं अन्य मजदूरों—जैसे रेशमी देवी, सेवक परहिया, महेंद्र परहिया, चलितर परहिया, धनु परहिया—के नाम से भी भुगतान निकालने की बात सामने आई, लेकिन वे स्थल पर मौजूद नहीं थे। मौके पर पूछे जानेपर एसडीओ रुद्रप्रतापदेव ने साफ कहा कि स्थल पर योजना का कोई अता-पता नहीं है। जांच से यह स्पष्ट है कि डोभा निर्माण के नाम पर फजीर्वाड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि पूरी जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंप दी जाएगी। इधर ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ एक मामला नहीं है, बल्कि पंचायत में योजनाओं की लूट का बड़ा खेल चल रहा है। अब देखना है कि इस घोटाले पर प्रशासन किस तरह की कार्रवाई करता है।

## उपायुक्त के आदेश को भी नहीं मान रहे पंप संचालक, बिना हेलमेट के दे रहे हैं पेट्रोल

**कांडी।** प्रखंड के पेट्रोल पंप संचालकों ने जिला परिवहन पदाधिकारी के आदेश का अवमानना करते हुए बिना हेलमेट के भी दोपहिया चालकों को धड़ल्ले से पेट्रोल दिया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक आदेश जारी किया है कि नो हेलमेट नो पेट्रोल दोपहिया चालकों को नहीं देना है। प्रखंड मुख्यालय में तीन, लमारी में एक और दारीदह में एक पेट्रोल पंप है। सभी पंपों पर उक्त आशय का सूचना पट्ट तो पंप संचालकों ने लगा रखा है लेकिन पंप संचालकों द्वारा आदेश का अनुपालन नही किया जा रहा है। बिना हेलमेट के भी जो भी दोपहिया वाहन चालक पेट्रोल लेने आ रहे हैं। उन्हें भी बिना रोक टोक के पेट्रोल दिया जा रहा है। जिला कार्यालय द्वारा आदेश तो अवश्य निर्गत हो जाता है। लेकिन स्थानीय स्तर पर उस आदेश का अनुपालन नहीं होता। अगर स्थानीय प्रशासन तत्तपर होकर और कड़ाई के साथ किसी भी आदेश का अनुपालन कराती है तो बहुत हद तक सड़क दुर्घटना पर अंकुश लग सकता है। इसके लिए स्थानीय प्रशासन को सख्त होना होगा। पेट्रोल पंप संचालकों को भी सख्त आदेश देना होगा कि अगर कोई भी पेट्रोल पंप संचालक अगर बिना हेलमेट के दोपहिया चालकों को पेट्रोल देते पकड़े जाते हैं तो उनपर सख़्त कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

## पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**रमना।** प्रखंड क्षेत्र के हरादाग पंचायत के बाजार में बड़े पैमाने पर अवैध देशी महुआ शराब बनाने की गुप्त सूचना पर रमना पुलिस ने छापेमारी कर बड़े पैमाने पर जावा महुआ एवं भट्ठी को नष्ट कर दिया। इस छपामारी में पुलिस ने 40 लीटर अवैध देसी महुआ शराब बरामद किया। पुलिस के आने की सूचना पाकर देसी महुआ अवैध शराब कारोबारी भागने में कामयाब रहा। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि हरादाग पंचायत में अवैध शराब बनाने की गुप्त सूचना मिल रही थी। इस सूचना के आलोक में पुलिस ने छापामारी की, छापामारी के दौरान अवैध शराब कारोबारी भागने मे कामयाब रहा। मौके से पुलिस ने 40 लीटर महुआ निर्मित अवैध शराब, शराब बनाने के उपकरण, गैस सिलिंडर दो, एल्युमिनियम का तस्ला एक, चूल्हा एक, पांच बड़ा प्लास्टिक ड्राम एवं एक छोटा प्लास्टिक ड्रम जब्त कर थाना लाया गया। अवैध देसी महुआ शराब अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर, जांच चल रही है।

## शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**रमना।** राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग- 2 में प्रमुख करुणा सोनी, मुखिया अनीता देवी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा, विद्यार्थियों के अभिभावक विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशुतोष कुमार एवं शिक्षकों के उपस्थिति में विद्यालय के स्मार्ट क्लास रूम में बैठक की गई। जिसमें अभिभावकों के द्वारा विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था और बच्चों को पठन-पाठन में होने वाले समस्या के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। जिसका समाधान एवं बेहतर शैक्षिक वातावरण के लिए प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि बच्चों के माता-पिता की भूमिका को अहम बतायी। सांसद प्रतिनिधि एवं विधायक प्रतिनिधि ने विद्यालय के चारदीवारी निर्माण विद्यालय के लिया मुलभूत सुविधा विधायक से मिलकर दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही विद्यालय परिवेश को बेहतर बनाने के लिया शिक्षक अविभावक कि सहयोग एवं मिलकर कार्य करने का अपील किया। जिससे शिक्षक, छात्र एवं अभिभावक सभी मिलकर शिक्षा के लिए सतत कार्य करें ताकि शिक्षा क्षेत्र में होने वाले सभी समस्या को दूर किया जा सके।

समाहरणालय, लातेहार
(भू–अर्जन शाखा) समाहर्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या– 424 /भू0 अ0 दिनांक–13.09.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार /समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–नेतरहाट थाना नं0–81 राजस्व थाना–महुआडांड़ पुलिस स्टेशन–नेतरहाट़ जिला लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–इको कोटेज का अधिष्ठापन अपेक्षित है। इको कोटेज का अधिष्ठापन के दौरान 02(दो) रैयतों के जमीन का अंश भाग अधिग्रहित किया जायेगा। भू–अर्जन के कारण कुल शून्य परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–नेतरहाट थाना नं0–81 राजस्व थाना–महुआडांड़ पुलिस स्टेशन–नेतरहाट़ जिला लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**1.53** एकड़ मानक माप का भूखंड, प्रारंभिक अधिसूचना किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र. सं0 | ग्राम का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नेतरहाट | 23 | 2146 | टांड दो | 0.88 | 0.88 | घासी किसान वो रंगु किसान पिता बुधराम किसान वगैरह | घासी किसान वो रंगु किसान पिता बुधराम किसान वगैरह | कोयल भ्यू प्वाइट | झूलन किसान | कोयल भ्यू प्वाइट | सड़क |
| 2 | नेतरहाट | 63 | 2138 | टांड दो | 1.02 | 0.65 | झुलन किसान वो दुलरू किसान वो विफना किसान पिता कल्टु किसान | झुलन किसान वो दुलरू किसान वो विफना किसान पिता कल्टु किसान | घासी किसान | 2138 अंष | – | सड़क |
| कुल– | | | | | | 1.53 | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्य अवधि में किया जा सकेगा।

झारखण्ड सरकार /समाहर्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है। अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय /विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार

PR 361863 (Land Reforms)25-26*D

समाहरणालय, लातेहार (भू–अर्जन शाखा)
समाहर्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या– 425 /भू0 अ0 दिनांक–13.09.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार /समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–नेतरहाट थाना नं0–81 राजस्व थाना–महुआडांड़ पुलिस स्टेशन–नेतरहाट़ जिला लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–टेन्ट सिटी का अधिष्ठापन अपेक्षित है। टेन्ट सिटी अधिष्ठापन के दौरान 06(छः) रैयतों के जमीन का अंश भाग अधिग्रहित किया जायेगा। भू–अर्जन के कारण कुल शून्य परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–नेतरहाट थाना नं0–81 राजस्व थाना–महुआडांड़ पुलिस स्टेशन–नेतरहाट़ जिला लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**6.08** एकड़ मानक माप का भूखंड, प्रारंभिक अधिसूचना किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र. सं0 | ग्राम का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नेतरहाट | 157 | 1390 | टांड तीन | 1.94 | 1.94 | साहेब किसान वो गानचरवा किसान पिता विफईया किसान एवं अन्य | जयपाल किसान वगैरह | चैता किसान | सडक | | |
| 2 | नेतरहाट | 23 | 1389 | टांड दो | 0.10 | 0.10 | घासी किसान वो रंगू किसान पिता बुधना किसान | बुधराम किसान वो सुभाष किसान वगैरह | चैता किसान | सहेबा किसान | | |
| 3 | नेतरहाट | 159 | 1388 | टांड दो | 0.97 | 0.97 | चैता किसान पिता भिगहू किसान वो सिपता किसान वगैरह | मुनेश्वर किसान वगैरह | गिरन किसान | साहेबा किसान | | |
| 4 | नेतरहाट | 13 | 1385 | टांड दो | 2.23 | 1.43 | गन्दूर किसान पिता तुरिया किसान | उमेश किसान | निज | नन्दु किसान | | |
| 5 | नेतरहाट | 55 | 1383 | टांड दो | 1.50 | 0.68 | जोहन किसान वगैरह | बबली देवी वगैरह | गन्दरू किसान | गिरन किसान | | |
| 6 | नेतरहाट | 18 | 1384 | टांड दो | 0.96 | 0.96 | गिरन किसान वगैरह | टुपन किसान वगैरह | फगना किसान | चैता किसान | | |
| कुल– | | | | | | 6.08 | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्य अवधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार /समाहर्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय /विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार।

PR 361865 (Land Reforms) 25-26 (D)

कार्यक्रम

### पीएम श्री मध्य विद्यालय केतार में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी आयोजित

# शिक्षा के लिए शिक्षक व अभिभावक दोनों का प्रयास जरूरी : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता




**केतार।** पीएम श्री मध्य विद्यालय केतार में शनिवार को शिक्षकअभिभावक गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया प्रमोद कुमार, डॉक्टर निशंक निश्रम और प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस गोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावक विद्यालय में उपस्थित हुए और विद्यालय प्रबंधन से बच्चों की पढ़ाई तथा प्रगति पर चर्चा की। अभिभावकों ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए आवश्यक है कि बच्चों की संख्या के मुताबिक शिक्षकों की पदस्थापना होनी चाहिए। शिक्षक के अभाव में बच्चों का पढ़ाई सफर कर रहा है। प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार ने अभिभावकों से कहा कि शिक्षा केवल विद्यालय की चारदिवारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें अभिभावकों की भी उतनी ही भूमिका है जितना कि शिक्षकों की है। दोनों के प्रयास से बच्चों का भविष्य गढ़ा जाता है बच्चों की स्कूल में नियमित उपस्थिति घर पर पढ़ाई का माहौल, अनुशासन और नैतिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देना जरूरी है तभी बच्चे आगे बढ़ पायेंगे। मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि शिक्षक-अभिभावक बैठक विद्यालय विकास की रीढ़ है। विद्यालय में बच्चों का अनुशासन और प्रतिभा वाकई प्रेरणादाई है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के शत् प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। इससे पूर्व विद्यालय में शत् प्रतिशत उपस्थित रहने वाले बच्चों के अभिभावकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर शिक्षक संतोष कुमार, मनोरंजन कुमार, राजू सिंह,धनंजय पटेल,प्रेम कुमार, प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

## विधायक प्रकाश राम ने सुनी लोगों की समस्या

**बारियातू।** स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने प्रखंड क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत दौरा कर लोगों की समस्या से हुए अवगत। इस दौरान शिबला पंचायत के राजगुरु, बेसरा, भाटचतरा, कुशमाहा, मकरा इन सभी गांवों मे पहुंचकर ग्रामीणों से भेट मुलाकात कर कई समस्याओं से रु-बरू हुए। वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक से सड़क, जलमिनार, पुलिया, गाडवाल, चबूतरा जैसे समस्या को रखा। विधायक ने इन सभी समस्याओं को जल्द ही ठीक करवाने की आश्वाशन दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद, पंकज सिंह, रिंकू यादव, निर्मल यादव, महेंद्र यादव, देवेंद्र प्रसाद, बलदेव यादव, बलदेव यादव विजय भुइयां, अनिल यादव, प्रकाश यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ इंडिया के दो मैनेजरों ने शाखा के अंदर ही आपस में भिड़े

**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के गोसाइडीह बैंक ऑफ इंडिया शाखा से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां दो बैंक मैनेजर किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए और दोनों के बीच हाथापाई चालू हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि इस वायरल वीडियो की पुष्टि अखबार नहीं करता है। वायरल वीडियो में दो मैनेजरों के बीच हुए विवाद को एक बैंक सुरक्षाकर्मी छुड़ाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में दोनों मैनेजर एक-दूसरे के औकात में रहने की बात कहते हुए आवाज सुनाई दे रहा है। घटना बढ़ने पर बैंक के अन्य कर्मी बीच में आए और किसी तरह मामला शांत करवाया। हालांकि, इस दौरान बैंक में आए कुछ ग्राहकों ने इस लड़ाई का वीडियो और तस्वीरें अपने मोबाइल में कैद कर लीं, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सूत्रों के अनुसार एक वाउचर को लेकर दोनों मैनेजरों के बीच नोक-झोंक हुआ। मामले ने इतना तूल पकड़ा की दोनों मैनेजर हाथापाई तक करने लगे। हालांकि इस मामले में मैनेजर बबन कुमार यादव से पूछा गया तो उन्होंने कोई भी प्रतिक्रिया देने से इंकार किया जबकि दूसरे मैनेजर से संपर्क नहीं हो पाया है।

## ग्रामीणों ने भूमि सुधार को लेकर सीओ को सौंपा ज्ञापन

**चंदवा।** प्रखंड के बारी पंचायत के ग्रामीणों ने रिवीजन सर्वे के बाद भूमि अभिलेखों में आई त्रुटियों के सुधार की मांग को लेकर सीओ को ज्ञापन सौंपा। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, सचिव रोबेन उरांव व समाजसेवी बेलाल अहमद की अगुवाई में ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी सुमित कुमार झा से मुलाकात की। इस दौरान अंचलाधिकारी को आवेदन सौंप कर त्रुटियों में सुधार की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि हाल सर्वे में हुई गड़बड़ी के कारण वे परेशान हैं। कई रैयतों को सीएस खतियान में रैयती भूमि को आरएस खतियान में सरकार के नाम दर्ज कर दिया गया है, जबकि जमीन पर अब भी वंशज काबिज हैं और 2016-17 तक की ऑफलाइन रसीद भी उनके पास मौजूद है। इसी तरह, जमीनदार द्वारा बंदोवस्ती भूमि जिसमें सीएस खतियान में गैर मजरूआ मालिक दर्ज है। ग्रामीणों ने कहा कि इस संबंध में वे लातेहार अपर समाहर्ता से मिल चुके हैं, जिन्होंने अंचल पदाधिकारी के पास आवेदन करने का निर्देश दिया था। अब ग्रामीणों ने मांग की है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान कर उन्हें राहत दी जाए। इधर ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद अंचलाधिकारी झा ने समस्या निष्पादन को लेकर उचित पहल का भरोसा दिया। मौके पर हाजी हाशिम,अहमद अंसारी, राजू उरांव, जीते उरांव, महेश्वर राम, जितेंद्र उरांव, अरुण राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## गांजा तस्करी के आरोपियों को 12 साल की सजा

**लातेहार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा की अदालत ने एनडीपीएस केस संख्या 2/22 की सुनवाई करते हुए दो आरोपियों को 12-12 वर्षों का सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपए जुमार्ना की सजा सुनाया है। जानकारी के अनुसार गत 5 अगस्त 2021 को बिहार के बख्तियारपुर से स्विफ्ट डिजायर कार में तहखाना बनाकर गांजा की तस्करी करने की गुप्त सूचना के आधार पर लातेहार पुलिस द्वारा चंदवा चौक पर नाकेबंदी की गई थी, जिसमें एक स्विफ्ट डिजायर कार की जांच के क्रम में पाया गया कि कार के सीट और डिक्की में तहखाना बनी हुई है। जिसे खोलने पर 74 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस इंस्पेक्टर विकास कुमार शर्मा ने जब कार को रोका तो दो व्यक्ति उतर कर भागने का प्रयास किया। दोनों को मौके पर गिरफ्तार किया गया। एक ने अपना नाम राकेश कुमार सिंह और दूसरे ने कुंदन कुमार सिंह उर्फ मानिकचंद बताया। दोनों बख्तियारपुर पटना के रहने वाले हैं। आरोपियों ने अपना गुनाह कुबूलते हुए पुलिस को बताया कि वे पिछले कई महीनों से गांजा का कारोबार कर रहा हैं और पुलिस को चकमा देकर भिन्न भिन्न वाहनों से झारखंड और बिहार में गांजा बेंच रहे थे। मामले की प्राथमिकी चंदवा थाना कांड संख्या 100/ 2021 दिनांक 5 अगस्त 2021 दर्ज किया गया था।

## डीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें योजनाओं के प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम जनमन, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मनरेगा के तहत निर्मित अपूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, मनरेगा पार्क, बिरसा हरित ग्राम योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बैठक के क्रम में कहा कि ग्रामीण विकास की योजनाएं सीधे आमजन के जीवन से जुड़ी हैं, इसलिए इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से अबुआ आवास योजना 2023-24 एवं 2024-25 की समीक्षा के क्रम में कहा कि जिन प्रखंडों में योजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहां के जिम्मेवार पदाधिकारी को चिह्नित कर उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए और आवश्यक होने पर वेतन पर रोक की कार्रवाई भी की जाए। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने स्तर से नियमित समीक्षा बैठक करें, प्रगति की जानकारी प्राप्त करें और जहां आवश्यकता हो, सुधारात्मक कदम उठाएं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर योजना को आगामी बैठक से पूर्व शत-प्रतिशत पूर्ण कराने का सख्त निर्देश भी दिया गया।

## व्यवहार न्यायालय लातेहार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

# सैनिक बलों व उनके परिवार के सहायता के लिए डेडिकेट सेल का हुआ स्थापना

- हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने किया ऑनलाइन उद्धघाटन
- 14 हजार पांच सौ वादों का हुआ निपटारा

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में व्यावहार न्यायालय लातेहार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्धघाटन झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सह झालसा के मुख्य संरक्षक तरलोक सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य भर में सैनिकों एंव उनके परिजनों के लिए सैनिक बोर्ड एवं डेडिकेटेड सेल का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्य न्यायाधीश के साथ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद सहित उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश एवं मेजर जनरल सज्जान सिंह मान मौजूद रहे। मुख्य न्यायाधीश ने अपने संबोधन में विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा किये जा रहे कल्याणकारी योजनओं के बारे में बात करते हुए इसकी सराहना की। साथ ही सभी न्यायिक पदधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को बढ़-चढ़ कर लोक अदालत में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दूबे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय सुनिल दत्ता द्विवेदी, सीजेएम विक्रम आन्नद, एसीजेएम कुमारी जीव, सिविल जज तृतीय सह न्यायिक दंडाधिकारी मीनाक्षी मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्रधिकार के सचिव शिवम चैरसिया, एसडीजेएम प्रणव कुमार, प्रभारी न्यायाधीश सह प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट जेजेबी उत्कर्ष जैन, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पन्नालाल, कंज्यूमर फॉरम के अध्यक्ष अजीत कुमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शाहदेव, बार एसोसिएशन लातेहार के सदस्य, डेडिकेटेड सेल के अधिवक्ता निरंजन प्रकाश मल्लान, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण, पीएलवी, बैंक कर्मी सहित सैकड़ों की संख्या में वादकारी मौजूद रहे।

### एक करोड़ 38 लाख रुपए का हुआ सेटलमेंट

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छह बेंच का गठन किया गया था। इसमें प्री-लीटिगेशन के लगभग 11 हजार 500 मामले एवं कोर्ट लंबित तीन हजार तीन सौ मामलों का निष्पादन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न वादों में लगभग एक करोड़ 38 लाख रुपए का सेटलमेंट किया गया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चटकपुर निवासी असमीर कुजूर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। युवक अपने बाइक में एक अन्य मित्र के साथ सरना टोली घूमने आया हुआ था। इसी दौरान लौटने के क्रम में घर पहुंचने से पूर्व चटकपुर मुख्य सड़क पर एक कुत्ता बाइक के बीच आ गया जिससे बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें घायल हुए युवक असमीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। महुआडांड़ थाना शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया है।

# दुर्गा पूजा को ले कर शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** दुर्गा पूजा को ले कर शांति समिति की एक बैठक अंचल अधिकारी नंद कुमार राम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एसडीपीओ अरविंद कुमार, बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, नगर प्रशासक राजीव रंजन, सदर थाना प्रभारी रमाकांत गुप्ता और एसटी एससी थाना प्रभारी भागीरथी पासवान समेत शहर के कई गण्यमान्य लोग मौजूद थे। बैठक में दुर्गा पूजा समितियों से पूजा का लाइसेंस ले लेने की अपील की गई। विसर्जन के दौरान रूट चार्ट का पालन करने की अपील की गई। एसडीपीओ कुमार ने कहा कि पूजा असामजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस तत्पर है। ऐसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा और उन्हें नोटिस दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पूरी नजर रखी जायेगी। कहीं किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर पुलिस या प्रशासन को सूचित करने की अपील की गयी। सदर थाना प्रभारी ने सभी पूजा समितियों से 10-10 स्वयंसेवकों की सूची उपलब्ध कराने का आग्रह किया। बैठक में एसआई राहुल सिन्हा, समाजसेवी सरयू प्रसाद सिंह, पूजा समिति डुरूआ के अध्यक्ष असीम कुमार बाग, ललित पांडेय, प्रमुख राज कुमार प्रसाद, काली मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष जय कुमार सिंह, राजन तिवारी, शैलेश कुमार, श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद और सचिव आशीष टैगोर, श्रीराम चरित मानस नवाह्न परायण पाठ महासमिति के महामंत्री सुदामा प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया जुलेश्वर लोहारा, ललित पांडेय, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामेश्वर सिंह, मनमोहन राम, अशोक जयसवाल, पिंटू रजक, पप्पू सरदार, लव प्रसाद, कन्हाई पासवान, रणधीर कुमार, राजन तिवारी, शंभू प्रसाद, मासूक अंसारी, हरिओम प्रसाद, अनूप महल्का, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

# लातेहार कांग्रेस जिला अध्यक्ष के लिए हो रही है मंथन

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत पर्यवेक्षकों ने नई कार्यकारिणी गठन को लेकर कार्यकतार्ओं के साथ रायसुमारी की। शनिवार लातेहार परिसदन भवन में प्रेस वार्ता में सृजन कार्यक्रम के पर्यवेक्षक महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सुनील केदार और उनके साथ प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक राज्यसभा के पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, रामगढ़ के विधायक ममता देवी व हिन्दू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक व स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए सुनील केदार ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने राष्ट्रीय व्यापी अभियान चलाया है। उनका निर्णय है कि संगठन को मजबूत किया जाए और पार्टी के जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष को मजबूत कर इनका चुनाव थोपने के बजाए सीधे कार्यकतार्ओं के राय लेकर मजबूत संगठन बनाया जा रहा हैं। संगठन को मजबूत करने के लिए पहली बार कांग्रेस ने संगठन सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। नई कार्यकारिणी गठन को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकतार्ओं से रायशुमारी के बाद जिलाध्यक्ष के उम्मीदवारों के नाम पार्टी हाईकमान को भेजे जाएंगे। अभी तक जो 15 लोगों के नामों पर चर्चा किया जा रहा है। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने कहा कि सभी कार्यकतार्ओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। साहू ने बताया कि झारखंड के अन्य जिलों में भी कार्यकारिणी गठन को लेकर कार्यकतार्ओं और पदाधिकारी से रायशुमारी ली जा रही है। रामगढ़ विधायक ममता देवी ने कहा कि केंद्र सरकार पूरी तरह से विफल हो गई। झारखंड की जनता मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से त्रस्त है। वहीं जब उनसे सूर्या हांसदा एनकाउंटर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा इस मामले में जांच चल रही है, जांच के बाद ही इस मामले में कुछ बोल पाउंगी।

# युवाओं में सेवा व नेतृत्व की भावना जगाने का सशक्त मंच : फादर एडवर्ड

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** जेवियर्स कॉलेज, महुआडांड़ में ऑल इंडिया कैथोलिक यूनिवर्सिटी फेडरेशन के अंतर्गत एक सार्थक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के सदस्यों द्वारा मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत करने से हुआ।, मुख्य प्रवक्ता के रूप में उपस्थित फादर एडवर्ड मुदुसरी एसजे का स्वागत प्राचार्य डॉ. फादर एमके जोस ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

अपने प्रेरक संदेश में फादर एडवर्ड मुदुसरी एसजे ने कहा कि एआइसीयूफ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि यह युवाओं को जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाने का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा का उपयोग न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए करें, बल्कि समाज की बेहतरी और कमजोर वर्गों की सेवा के लिए भी आगे आएं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि एआइसीयूफ छात्रों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक न्याय की समझ और मानवीय मूल्यों का विकास करता है। प्राचार्य डॉ. फादर एम के जोस ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को एआइसीयूफ की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अकउवक्र कॉलेज को-ऑर्डिनेटर राजीप टिर्की, एआइसीयूफ कॉलेज प्रेसिडेंट सुधा कुषमा, प्रो. रेचेल नाग, प्रो. स्वाति मिंज, प्रो. अंकिता एक्का, प्रो. रोनित, प्रो. अंशु, प्रो. अंकिता, प्रो. बंसति सहित सभी एआइसीयूफ सदस्य उपस्थित रहे।

## लातेहार जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आज

**बालूमाथ।** लातेहार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम 2025 के तहत जिला अध्यक्ष चयन को लेकर 14 सितंबर को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जायेगा। बालूमाथ स्थित होटल रोज गार्डन में पूर्वाह्न 10 होना सुनिश्चित हुआ है। बैठक में बालूमाथ, चंदवा, बरियातू एवं हेरहंज प्रखंड कमेटियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम में एआईसीसी द्वारा नियुक्त जिला पर्यवेक्षक एवं महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री सुनील केदार,पीसीसी पर्यवेक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू, रामगढ़ विधायक ममता देवी और हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह बैठक जिले में संगठनात्मक मजबूती लाने और आने वाले दिनों की दिशा तय करने में मील का पत्थर साबित होगी। उपरोक्त जानकारी कांग्रेस बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात ने दी है।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में अभिभावक-शिक्षकों ने की बैठक

# अभिभावक बच्चों के साथ सामान्य व्यवहार करें : जिप अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने अपने बच्चों के साथ सामान्य व्यवहार करने की बात कही। जिप अध्यक्ष जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार (एसओई) के सभागार में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दूसरे अभिभावक-शिक्षक बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आगे कहा कि मां को अपने बच्चियों के साथ सहेली और पिता को अपने बच्चों के साथ एक अच्छा दोस्त बन कर रहना चाहिए। उन पर अनावश्यक दवाब या हमेशा डांटना फटकारना नहीं चाहिए। इससे बच्चों में नकारात्मकता आती है। इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। बेटियों को पढ़ाने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि बेटियां बोझ नहीं है। आज सरकार ने बेटियों के जन्म से ले कर उसकी शादी तक की व्यवस्था कर रखी है।

उन्होंने अपने बच्चों के लिए सिर्फ जन्मदाता नहीं वरन कर्मदाता बन कर अपनी जिम्मवारियों का निवर्हन करने की बात कही। राज्य प्रतिनिधि पल्लवी साहू ने कहा कि माता पिता ही बच्चों के पहले शिक्षक होते हैं। बच्चों का कौशल विकास उसके घर से ही होता है. विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज ने कहा कि विद्यालय में पेयजल व शिक्षकों की कमी समस्या से अवगत कराया गया है, वे इसे बात को विधायक प्रकाश राम तक पहुंचायेगें और इन समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेगें. विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष टैगोर ने बच्चों को मोबाइल से दूर रखने एवं आउट डोर गेम में रूची बढ़ाने की अपील की।

प्राचार्य तृप्ति भारती ने पीटीएम के उदेश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां शिक्षक व अभिभावक मिल कर विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए संवाद करते हैं। उन्होंने अपने बच्चों की विद्यालय में कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील अभिभावकों से की। कहा कि हर बच्चे में कोई न कोइ विशेषता अवश्य होती है। विद्यालय में उसे तराशा जाता है। विद्यालय प्रबंधक पीपी गुप्ता ने कहा कि सीबीएसई के द्वारा परीक्षाओं में किये गये बदलाव की जानकारी दी। इससे पहले वरीय शिक्षक नरेंद्र पांडेय ने विषय प्रवेश कराया। उन्होंने अपने बच्चों पर घर में कम से कम एक घंटा अवश्य देने एवं विद्यालय में लंच और वाटर बोतल दे कर भेजने की अपील की। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष दिप्ती कुमार, पूर्व जिप सदस्य रामदेव सिंह के अलावा अभिभावक दीपक पांडेय, राजकुमार दास, रूपेश कुमार, आरती कुमारी, सुनैना कुमारी आदि मौजूद थीं।

## हेरहंज में अवैध बालू भंडारण पर डीएमओ ने की कार्रवाई

**लातेहार।** उपायुक्त के निर्देश पर शनिवार को अवैध बालू उत्खनन व भंडारण के खिलाफ जिला खनन पदाधिकारी नदीम शफी एवं खनन निरीक्षक पद्मलोचन पोद्दार के नेतृत्व में हेरहंज थाना क्षेत्र के हूर मोड़ के पास छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान लगभग 2800 घन फीट अवैध बालू को जब्त किया गया। जब्त बालू की निगरानी की जिम्मेदारी चौकीदार सरवन पासवान को सौंपी गई है। इस मामले में दिनेश चंद्र अग्रवाल इंफ्राकोन प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट इंचार्ज, भूमि मालिक एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ हेरहंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। डीएमओ नदीम शफी ने बताया कि जिले की सभी नदियों में एनजीटी की रोक लागू है। यदि किसी भी नदी से बालू का अवैध उत्खनन या भंडारण किया जाता है, तो खनन विभाग एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई जारी रहेगी। छापेमारी अभियान में हेरहंज थाना पुलिस भी शामिल थी।

## बरवाडीह स्टेशन पर संतरागाछी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू

**बेतला (लातेहार)।** चतरा के सांसद कालीचरण सिंह के प्रयास से बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर संतरागाछी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया है। शनिवार की सुबह ट्रेन के स्टेशन पर रुकते ही क्षेत्रवासियों में अपार खुशी का माहौल देखने को मिला। लंबे समय से चली आ रही इस मांग के पूरी होने से यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। ठहराव की शुरूआत पर भाजपा कार्यकतार्ओं और स्थानीय ग्रामीणों ने स्टेशन परिसर में पायलट एवं सह पायलट को अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया। उन्हें मिठाई खिलाई गई और हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने सांसद कालीचरण सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस फैसले से बरवाडीह और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को यात्रा में काफी सुविधा होगी। इस अवसर पर भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, ननदेव सिंह, युवा मोर्चा जिला कार्य समिति सदस्य दीपक तिवारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित कुमार, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, मिलन शुक्ला, सतीश यादव, धीरज कुमार, दिलीप पासवान, अतुल कुमार सिंह समेत कई कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने बताया कि बरवाडीह स्टेशन पर संतरागाछी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग वर्षों से की जा रही थी। अब सांसद के प्रयास से यह मांग पूरी हो गई है। इसके ठहराव से यात्रियों को अजमेर, रांची, जमशेदपुर और संतरागाछी जैसे बड़े शहरों की यात्रा करने में काफी सहूलियत होगी।

## नए मतदान केंद्र को लेकर अनुमंडल स्तरीय बैठक

**महुआडांड़।** अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ विपिन कुमार दुबे की अध्यक्षता में नए मतदान केंद्र भवन बनाने एवं 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र को सुव्यवस्थित करने के संबंध में सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि का स्वागत करते हुए बैठक की शुरूआत की गई। बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ लोकसभा चुनाव 2024 एवं विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में हुई परेशानी के संबंध में विचार विमर्श कर मनिका विधानसभा क्षेत्र में कुल 11 नए मतदान केंद्र बनाए जाने एवं सुव्यवस्थित किए जाने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति दी गई। साथ ही वैसे मतदान केंद्र जहां पिछले चुनाव के दौरान 80 से कम वोटिंग हुई वैसे जगहों पर लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने में सभी राजनीतिक दलों को सहयोग करने की अपील की। वहीं सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करते हुए कार्यालय में इसकी सूची उपलब्ध कराई जाए, ताकि निर्वाचन आयोग को सभी बूथ लेवल एजेंट की सूची उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रखंड अध्यक्ष संजय जयसवाल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनीना कुजूर, शशि भूषण तिवारी बरवाडीह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष समेत अन्य उपस्थित थे।

## प्रतिभा खोज फुटबॉल प्रतियोगिता सीजन 19 का शुभारंभ

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी सरना खेल मैदान में शनिवार को ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल के संचालक कुश यादव के द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज फुटबॉल प्रतियोगिता सीजन 19 का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, विशिष्ट अतिथि मुखिया दुर्गावती देवी,विद्यालय के निदेशक कुश यादव व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फीता काट कर व फुटबॉल को किक मारकर किया। टूनार्मेंट का पहला मुकाबला किंग्स इलेवन चरका पत्थर पतरातू बनाम एसटी ब्रदर्स निंद्रा के बीच खेला गया, जिसमें पेनल्टी शूटआउट में पतरातू के टीम विजय हुई। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए सितमोहन मुंडा ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासित व सशक्त बनाने का एक बेहतर माध्यम है। युवा अगर एकाग्र होकर अपनी ऊर्जा को सही दिशा दें तो वे राज्य व देश का नाम रौशन करेंगे। इसके अलावे मुखिया दुर्गावती देवी, युवा झामुमो नेता ब्रह्मदेव प्रजापति,कुश यादव ने भी युवाओं को खेल को अनुशासन व खेल भावना के साथ खेलने की बात कही।

कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।
(अभियंत्रण कोषांग)
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

लोहरदगा जिला अन्तर्गत महिला महाविद्यालय, बरही, लोहरदगा हेतु 02(दो) बस (35+A+D) का क्रय किया जाना है। जिसके लिए इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता /प्रतिष्ठान से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता /प्रतिष्ठान दिनांक 20.09.2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक जिला परिषद कार्यालय में निंबंधन आदि शुल्क सहित कोटेशन समर्पित करेंगे।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा।

PR 361826 (Lohardaga) 25-26 (D)

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार।
(Email Id- witilatehar2005@gmail.com)

आवश्यक सूचना

महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार में **ONLINE SPOT ROUND COUNSELLING** से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

डी0जी0टी0 के पत्रांक–DGT-MIS0011/1/2025-O/o DIR(TC)[71015] Dated:-11.09.2025 के आलोक में निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के अन्तर्गत संचालित **महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार में दिनांक 15.09.2025 से 30.09.2025 तक महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार में SPOT ROUND ONLINE ADMISSION लिया जाएगा।** उक्त तिथि में रिक्त सीटों पर FIRST COME FIRST SERVE BASIS (पहले आयें पहले पायें) पर व्यवसाय/सीटों का आवंटन कर पूर्व से निबंधित अभ्यर्थियों का ही नामांकन लिया जाएगा। आवेदक दिनांक 15.09.2025 से 30.09.2025 के बीच अपना सभी मूल प्रमाण–पत्र, ONLINE REGISTRAITION SLIP, पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, आवासिय प्रमाण–पत्र एवं जाति प्रमाण–पत्र के साथ नामांकन हेतु संस्थान में सम्पर्क करें।

संस्थान, में व्यवसायवार रिक्त सीटों कि विवरणी

| कम सं0 | व्यवसाय का नाम | आवंटित सीटों की सं0 | भरे सीटों की सं0 | रिक्त सीटों की सं0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | COPA | 24 | 10 | 14 | |
| 2. | ELECTRONICS MECHANIC | 24 | 05 | 19 | |
| 3. | INFORMATION TECHNOLOGY | 24 | 00 | 24 | |
| 4. | SEWING TECHNOLOGY | 20 | 03 | 17 | |

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य
नोडल महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
लातेहार।

PR 361858 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)

# सेवानिवृत्ति के उपरांत सभी विभाग अपने कर्मी को दें त्वरित लाभ : उपायुक्त




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), झारखण्ड, राँची के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से पेंशन अदालत का आयोजन समाहरणालय परिसर लोहरदगा में किया गया।

कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि करियर में यह पहला अवसर है जब इस तरह कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला है। कोई भी कर्मी जब अपने सेवाकाल के बाद सेवानिवृत्त होता है तो पेंशन ही जीवन पर्यंत उसकी आर्थिक सुरक्षा होती है। किसी भी सेवानिवृत्त कर्मी का पेंशन अगले छह माह में शुरू हो जाना चाहिए। इतने लंबे समय तक किसी कर्मी द्वारा सरकारी कार्यालय में व्यतीत किये गए समय का कोई मूल्य नही है। पेंशन उस कर्मी का अधिकार है। सरकार किसी कर्मी को उसकी योग्यता व पद के आधार वेतन देती है। पेंशन नौकरी के बाद की सुरक्षा है। पेंशन मानवीय संवेदना के आधार पर नहीं बल्कि विधिक प्रावधानों के आधार पर दी जाती है। उपायुक्त ने कहा किसी भी कार्यालय में अगर कोई कर्मी सेवानिवृत्त हो तो उसके पेंशन के लिए तत्काल प्रयास किये जाएं। विशेष परिस्थितियों को छोड़ सामान्य परिस्थितियों में विसंगतियों को दूर कर उसका पेंशन प्रारंभ कराया जाए। ग्रेच्युटी व अन्य लाभ त्वरित दिए जाएं। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सरकार ने कर्मी के सेवानिवृत्ति उपरांत आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए पेंशन की शुरुआत की थी। आज के कार्यक्रम में पेंशन संबंधित के प्रक्रिया की जानकारी लें। पेंशन अदालत में सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमण्डल दंडाधिकारी अमित कुमार, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, जिला परिवहन पदाधिकारी जया सांखी मुर्मू, सीएजी ऑफिस के उप महालेखाकार सुभाष कुमार रजक, वरीय लेखा पदाधिकारी (पेंशन) अजित राजू राजन मिंज समेत लोहरदगा जिला के सभी जिला स्तरीय व प्रखंड स्तर के पदाधिकारी, सेवानिवृत्त कर्मी आदि उपस्थित थे।

## आयुष्मान कार्ड के लिए आयोजित शिविर में अब तक 17,02 लाभुकों का कार्ड निर्गत

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद के निर्देश पर सभी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु शिविर का आयोजन 3 सितंबर 2025 से किया जा रहा है। अब तक कुल 1702 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। उपायुक्त ने कहा है कि जिन लाभुकों का राशन कार्ड बना हुआ है लेकिन अब तक वे आयुष्मान कार्ड से आच्छादित नहीं हुए हैं, वे अपना व अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड अपने पीडीएस दुकान में लगने वाले शिविर में जा कर अवश्य बनवा लें। अब आयुष्मान बनवाने के लिए कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है। सभी जनवितरण प्रणाली दुकानों में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए इस शिविर का आयोजन प्रत्येक दिन सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड से सभी राशन कार्डधारी परिवार को आच्छादित करने का लक्ष्य है। अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए शिविर में आवेदन के साथ राशन कार्ड और आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना है।

## गाराडीह उर्दू उवि में शिक्षक -अभिभावक की बैठक आयोजित

**कैरो/लोहरदगा।** राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गाराडीह प्रखंड - कैरो में द्वितीय "शिक्षक -अभिभावक " बैठक (PTM) का आयोजन किया गया। सभी अभिभावकों को मुख्य गेट से पुष्पवर्षा कर सभा स्थल तक लाया गया। बैठक में मुख्य रूप विद्यालय में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति, प्रोजेक्ट इंपैक्ट सह प्रयास कार्यक्रम, बच्चों में लर्निंग गैप को पाटने , मासिक परीक्षा और अभिभावकों के सहयोग पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में प्रधानाध्यापक के अलावा गजनी पंचायत के मुखिया सुमन उरांव, चंद्रदेव उरांव, पूर्व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डहरु मुंडा, शिक्षक मो. खालिद अख्तर, पवन खाखा ने सभा को संबोधित किया। प्रधानाध्यापक देवनंदन नायक ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों का सहयोग ज़रूरी है। साथ ही अपने अपने बच्चों का आधार कार्ड को 5-7 वर्ष और 15-17 वर्ष में अपडेट आवश्य कराएं तथा सभी बच्चों का खाता खोलने में मदद करें।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(पंचायत शाखा)

आम सूचना

एतद द्वारा संबंधित वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 के निमित्त अधिग्रहित किये गये वाहनों का मुआवजा भुगतान हेतु वाहन का निबंधन पुस्त की प्रति, Cancelled Cheque एवं आधार कार्ड की प्रति जिला पंचायत कार्यालय, लोहरदगा में अविलंब जमा करना सुनिश्चित किया जाय। ताकि आपके वाहन का क्षतिपूर्त्ति मुआवजा का भुगतान **RTGS** के माध्यम से किया जा सके।

मुआवजा भुगतान हेतु वाहनें की विवरणी :–

| क्रमांक | वाहन सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन मालिक नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | JH1CR-4647 | बोलेरो | मनोहर कुजूर |
| 2 | JH08D-8766 | बोलेरो | मुस्तफा अंसारी |
| 3 | JH01CJ-4138 | बोलेरो | अशोक साहु |
| 4 | JH07F-2458 | बोलेरो | संतोष कुमार |
| 5 | JH08B-9236 | बोलेरो | रंजीत राम |
| 6 | JH08G-0907 | बोलेरो | गौतम लैलीन |
| 7 | JH01BK-3019 | बोलेरो | सरस्वती देवी |
| 8 | JH01BK-2531 | बोलेरो | पंचु भगत |
| 9 | JH01CH-4014 | बोलेरो | मनमोहन शर्मा |
| 10 | JH01BH-7587 | बोलेरो | शिव कुमार केशरी |
| 11 | JH01DK-1566 | बोलेरो | वीणा उरांव |
| 12 | JH03E-3800 | बोलेरो | किशोर प्रसाद जयसवाल |
| 13 | JH01CE-2010 | बोलेरो | शिव शंकर महतो |
| 14 | JH03F-8454 | बोलेरो | शिव लाल उरांव |
| 15 | JH08F-5019 | सुमो | बबलु उरांव |
| 16 | JH08F-8795 | सुमो | इरसाद आलम |
| 17 | JH08B-8738 | सुमो | प्रकाश भगत |
| 18 | JH08B-8183 | सुमो | फागु साहु |
| 19 | JH02V-7318 | सुमो | अरविन्द तिर्की |
| 20 | JH01AV-3508 | सुमो | अमित कुजूर |
| 21 | JH01X-9221 | सुमो | राजु उरांव |
| 22 | JH08H-8907 | महिन्द्रा सुमो | पुजा देवी |
| 23 | JH01DH-3890 | सुमो | शांति गोलोरिया लकड़ा |
| 24 | JH08B-3111 | सुमो | मुकुल देवी |
| 25 | JH01BC-3799 | सुमो | अनील उरांव |
| 26 | JH08D-1643 | सुमो | मो0 नसीम खान |
| 27 | JH08C-1172 | सुमो | मो0 असगर अंसारी |
| 28 | JH10G-4422 | सुमो | मुमताज |
| 29 | JH01V-6970 | सुमो | पुष्पा उरांव |
| 30 | JH08D-0835 | सुमो | साकीर हुसैन |
| 31 | JH08A-2349 | सवारी | रामजी साहु |
| 32 | JH01AD-4554 | सवारी | कृष्णा महतो |
| 33 | JH02AC-9355 | सवारी | संजय उरांव |
| 34 | JH07E-9574 | सवारी | राजेन्द्र उरांव |
| 35 | JH01AV-9116 | सवारी | दुर्गा साहु |
| 36 | JH01AY-5458 | सवारी | दिलेश्वर लोहरा |
| 37 | JH01DZ-6877 | स्कार्पियों | जगदीप |
| 38 | JH01CD-3198 | स्कार्पियों | विकास मिंज |
| 39 | JH14D-5150 | स्कार्पियों | पिंटु कुमार साहु |
| 40 | JH01BS-5378 | बोलेरो | रवि कुमार विश्वकर्मा |
| 41 | JH01EA-9249 | बोलेरो | संजय कुजूर |
| 42 | JH01DB-6614 | बोलेरो | बिरसा उरांव |
| 43 | JH15H-4476 | बोलेरो | दीलेश कुजूर |
| 44 | JH08D-6745 | बोलेरो | राजेश प्रसाद |
| 45 | JH01DF-3600 | बोलेरो | रामदेव उरांव |
| 46 | JH03N-4082 | बोलेरो | अरूण सिंह खेरवार |
| 47 | JH01Q-2035 | बोलेरो | महावीर भगत |
| 48 | JH01BT-9649 | बोलेरो | आनन्द उरांव |
| 49 | JH01CJ-1167 | बोलेरो | जयनाथ उरांव |
| 50 | JH08C-6315 | बस | लिवेंस एकेडमी |
| 51 | JH01AV-4813 | बस | लिवेंस एकेडमी |
| 52 | JH08B-0606 | बस | लिवेंस एकेडमी |
| 53 | JH05AM-6665 | बस | लिवेंस एकेडमी |
| 54 | JH05AP-6665 | बस | लिवेंस एकेडमी |
| 55 | JH05AG-0452 | बस | लिवेंस एकेडमी |
| 56 | JH08F-0354 | बस | अविराम कॉलेज |
| 57 | CG14A-3300 | बस | अविराम कॉलेज |
| 58 | JH08D-8662 | बस | अविराम कॉलेज |
| 59 | JH08E-3639 | बस | जे0एम0एस0 |
| 60 | JH08E-8020 | बस | जे0एम0एस0 |
| 61 | JH08H-3991 | बस | सतेन्द्र गुप्ता |
| 62 | JH01B2-9888 | बस | शीला अग्रवाल |
| 63 | JH08F-5636 | बस | दिनेश भगत |
| 64 | JH01CW-5786 | बस | लखन कुमार |
| 65 | JH01AY-7191 | बस | बसंत प्रसाद |
| 66 | JH01V-9006 | बस | सुकरा भगत |

PR 361806 (Lohardaga)25-26*D

ह0/–उपायुक्त, लोहरदगा

## मुख्य न्यायाधीश पहुंचे लोहरदगा, जिला प्रशासन ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान अपने नेतरहाट भ्रमण के क्रम में परिसदन लोहरदगा पहुंचे। जिला प्रशासन की ओर से माननीय न्यायाधीश को सम्मान स्वरूप भव्य गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान न्यायिक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श भी हुआ।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा, उपायुक्त डॉ. ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय प्रेमलता त्रिपाठी, एडीजे-। स्वयम्भू, एडीजे-॥ नीरजा आसरी, सीजेएम केके मिश्रा, रजिस्ट्रार व्यवहार न्यायालय अमित कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमण्डल दंडाधिकारी अमित कुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## जय श्री राम समिति की अहम बैठक दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां तेज

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति द्वारा जिला कार्यालय हटिया गार्डन लोहरदगा में दुर्गा पूजा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी दुर्गा पूजा के दौरान समिति के संरक्षक पदाधिकारी एवं सदस्य सभी पूजा समितियों एवं पंडालों का भ्रमण करेंगे। साथ ही नगर प्रखंड पंचायत के पंडालों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों से भी मुलाकात कर विधि व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। विशेष रूप से नवरात्रि के प्रथम दिन अर्थात 22 सितंबर 2025 को संध्या 7 बजे लोहरदगा बरवा टोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जय श्री राम समिति के निर्वाचित पदाधिकारी – अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष का एक वर्ष पूरा होने पर जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल जी द्वारा महा आरती, भंडारे का प्रसाद वितरण एवं अभिभावक संरक्षण सलाहकार व पदाधिकारियों का सम्मान समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न किया जाएगा। समिति द्वारा इस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी जोश-खरोश से की जा रही हैं। बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी, रोहित साहू, शैलेश कुमार, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, जिला महामंत्री प्रदीप साहू, कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह, रक्त संग्रह अध्यक्ष जीवनराज मेहता, पूर्णिमा वर्मा, उपाध्यक्ष विनोद साहू, जागेश्वर साहू, काली साहू, उपेंद्र जी, दिग्गत सिंह सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।



## आज विद्युत आपूर्ति रहेगा बाधित

**लोहरदगा।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल लोहरदगा के सहायक विद्युत अभियंता अज्जू कच्छप ने जानकारी दी है कि दिनांक 14 सितंबर 2025, रविवार को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक 11 केवीए पीएचईडी फीडर में डाली कटिंग एवं मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कारण उक्त समयावधि में क्षेत्रीय पावर सप्लाई बंद रहेगा। इससे प्रभावित होने वाले क्षेत्र में प्रमुख रूप से पत्तराटोली, कचहरी मोड़, उपायुक्त आवास, पुलिस अधीक्षक आवास, कोर्ट कंपाउंड, ब्लॉक मोड़ एरिया इत्यादि शामिल हैं। सहायक अभियंता अज्जू कच्छप ने जनता से असुविधा के लिए खेद प्रकट करते हुए आवश्यकतानुसार बिजली बचाने और अपने कार्यों की योजना बनाने का अनुरोध किया है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

**सिसई(गुमला)।** सिसई प्रखण्ड के प्रस्तावित कुड़ुख उच्च विद्यालय शिवनाथपुर सिसई में शुक्रवार को शिक्षक दिवस आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा माननीय सांसद सुखदेव भगत , जिला परिषद सदस्य उत्तरी सिसई विजयलक्ष्मी कुमारी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुकरु उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से डाक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्णण,कार्तिक उरांव व डाक्टर भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा आकर्षक नृत्य संगीत व नाटक प्रस्तुत किया गया जो सभी का मन मोह लिया। साथ ही छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षा से संबधित भाषण दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुकरु उरांव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का मुल मंत्र है। शिक्षित होंगे तब ही सहित्य की ओर बड़ सकेंगे । सहित्य की जानकारी होना जीवन के लिए बहुत जरूरी है ।शिक्षा से ही आप अपना अधिकार पा सकते हैं ।शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन एक मृत शरीर के समान है ।इस लिए सभी अभिभावक अपने अपने बच्चे बच्चियों को शिक्षा जरूर दे।

## राज्य की महिलाएं सशक्त व स्वावलंबी बन रही हैं : राधा तिर्की




नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय में शनिवार को महिला मोर्चा की बैठक बड़ी ही उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिप सदस्य सह झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राधा तिर्की ने की। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य अख्तर अंसारी, तिवारी उरांव, महिला मोर्चा के सह सचिव फातमा परवीन, झामुमो प्रवक्ता मंसूर अंसारी विशेष रूप से मौजूद थे। संगठन को और मजबूती देने तथा महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भंडरा प्रखंड झामुमो महिला मोर्चा कमिटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष अनीता पन्ना, उपाध्यक्ष मनियारो उरांव, अनीता उरांव, सचिव सुनैना उरांव, सहसचिव सचमिला कुमारी, कोषाध्यक्ष सूरजमुनी उरांव एवं सदस्य में अंगनी उरांव, दयामनी उरांव, झीबी उरांव का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष सह जिप सदस्य राधा तिर्की ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में लोगों को उनका हक और अधिकार मिल रहा है। राज्य की महिलाएं सशक्त और स्वावलंबी बन रही हैं। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार आपके द्वार तक पहुंच रही है। समस्याओं का समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कार्य काल में महिलाएं सशक्त और आत्म निर्भर हो रहीं हैं। सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं पारित की है। सरकार ने मंईयां सम्मान योजना लागू कर माता और बहनों के खाते में प्रतिमाह दो हजार पांच सौ रूपए दे रही है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने कहा कि झामुमो की रीढ़ हमेशा से गांव और गरीब रहे हैं। आने वाले दिनों में महिला मोर्चा गांव-गांव जाकर संगठन को और मजबूत करेगा। मौके पर मड़वारी उरांव, अनीता पन्ना, तैयब खान, महमूद अंसारी, नसीम मीरदाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उपायुक्त-सह जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
(खेलकूद)

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सुचना

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एंव युवाकार्य विभाग अंतर्गत खेलकुद एंव युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड रांची द्वारा लातेहार जिले के अंतर्गत संचालित कुल–3 (तीन) आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रो के प्रशिक्षणार्थियो के लिए सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप पौष्टिक भोजनादि का व्यवस्था करने हेतु इच्छुक कैटरर/आपूर्तिकर्ता से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता दिनांक 24.09.25 को 01:00 बजे ~~पूर्वा0~~/अप0 तक अनुमण्डल कार्यालय, लातेहार स्थित जिला खेल कार्यालय में निविदा डाल सकेंगे। दिनांक 24.09.25 को ही अप0 03:00 बजे समाहरणालय के सभाकक्ष में निविदा समिति/संचालन समिति की उपस्थिति में निविदा खोला जायेगी जिसमें निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति आपेक्षित है।

नोट :– निविदा आमंत्रण संबधी विस्तृत जानकारी के लिए जिले के website www.latehar.nic.in में देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
जिला खेल पदाधिकारी,
लातेहार

PR 361805 District (25-26)_D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चंदवा, लातेहार
Office e-mail id- itichandwa@gmail.com Website- https://iti.jharkhand.gov.in

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चंदवा, लातेहार में शैक्षणिक सत्र–2025–26–27 में नामांकन संबंधित सूचना–

1. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतु 8वीं एवं 10वीं कक्षा में प्राप्तांक के आधार पर आयोजित की जाने वाली ऑनलाईन SPOT ROUND काउन्सिलिंग से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना
2. डी0जी0टी0 के पत्रांक–DGT-MIS011/1/2025-O/0 DIR(TC)[71015] Dated:- 11.09.2025 के आलोक में निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण , झारखण्ड राँची के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदवा, लातेहार में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन के लिए SPOT ROUND काउन्सिलिंग हेतु काउन्सिलिंग एवं नामांकन का कार्यक्रम निम्नवत् है :–

| Time Schedule for SPOT Round of online Counselling & Admission | | | |
|---|---|---|---|
| Sl. No. | Activity | Dated | |
| | | Date | To |
| 01 | SPOT Round online Admission (Seat Allotment and Admission for PreRegistered Candidates) | 15.09.2025 | 30.09.2025 |

3. दिनांक–15.09.2025 से 30.09.2025 तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में SPOT ROUND online Admission लिया जाएगा। SPOT ROUND online Admission के दौरान संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर First Come First serve basis पर व्यवसाय /सीट का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा। उक्त तिथि में Admission Module में पूर्व से निबंधित अभ्यर्थियों का ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा नामांकन लिया जाएगा।
4.

| COURSES OFFERED | DURATION | SEATS AVAILABLE | | | | | | | QUALIFICATION REQUIRED |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TOTAL | UR | EWS Seat | ST Seat | SC Seat | PH Seat | SMQ Seat | |
| Electrician | 2 Years | 40 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 10th Pass |
| Fitter | 2 Years | 40 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 10th Pass |
| Welder | 1 Year | 40 | 12 | 1 | 10 | 6 | 2 | 1 | 8th Pass / 10th Pass |
| Mechanic Diesel | 1 Year | 48 | 0 | 2 | 7 | 0 | 2 | 1 | 10th Pass |

5. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webportal https://iti.jharkhand.gov.in एवं आवश्यकतानुसार मो0नं0–8210581447/7909019428/7632937813 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
चंदवा, लातेहार

PR 361820 Labour Employment and Traning (25-26)_D

### मोमिन कॉन्फ्रेंस महासम्मेलन की तैयारी पूरी, किस्को व कुरसे में हुई बैठक संपन्न

## महासम्मेलन के माध्यम से हक-अधिकार सुनिश्चित होंगे: हाजी जब्बार

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा के नया नगर भवन में आज आयोजित होने वाले मोमिन कॉन्फ्रेंस महासम्मेलन की सफलता को लेकर जिले भर में तैयारिया पूरी कर ली गई हैं। इसी कड़ी में किस्को चौक और कुरसे में प्रखंड स्तरीय बैठकों का आयोजन किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस बैठक में प्रदेश सचिव सह संयोजक हाजी अब्दुल जब्बार, प्रदेश महासचिव मोजम्मिल अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष सवाहरत हुसैन, जिलाध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष जहूर अंसारी, यूथ जिलाध्यक्ष ऐनुल अंसारी, वरीय उपाध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, उपाध्यक्ष हातिम अंसारी, उपाध्यक्ष रौनक इक़बाल, महासचिव रुस्तम अंसारी, नगर अध्यक्ष सेराज अंसारी, जिला सचिव सईद अंसारी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए हाजी अब्दुल जब्बार ने कहा कि आज का महासम्मेलन मोमिन समाज के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। इस सम्मेलन में मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब फिरोज अंसारी, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली, अमानत अली सहित कई राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय दिग्गज नेता शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन के मंच से समाज के हितों को लेकर 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा जाएगा, जिसमें शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें शामिल होंगी।

हाजी अब्दुल जब्बार ने कहा कि आजादी के बाद से मोमिन समाज ने देशहित में बलिदान तो दिया, लेकिन उन्हें आज भी सरकारी लाभ और योजनाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। अब समय आ गया है कि समाज एकजुट होकर हक और अधिकार की लड़ाई लड़े। उन्होंने कहा कि महासम्मेलन के माध्यम से मोमिन समाज अपनी एकता और ताकत का परिचय देगा और जिले में सौ फीसदी हक-अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाएगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी सभी की है। इसके लिए अंजुमन के सदर और सेक्रेट्री समेत सभी गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाएं और अधिक से अधिक लोगों को सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। यूथ जिला अध्यक्ष ऐनुल अंसारी ने कहा कि यह महासम्मेलन समाज की आवाज बनेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए नया रास्ता खोलेगा। बैठक के उपरांत सभी ने सम्मेलन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। बैठक में मोईन अंसारी, नसीम अंसारी, तबरेज अंसारी, कबीर अंसारी समेत कई कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित रहे।



# न्यूज बॉक्स

## बॉक्साइट के अवैध खनन पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र में वन विभाग ने अवैध बॉक्साइट खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बॉक्साइट से लदा एक हाईवा ट्रक जब्त किया है। यह कार्रवाई वन विभाग और डुमरी पुलिस की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर की।जानकारी के अनुसार, कोठी गनिदारा के जंगल में अवैध खनन की सूचना मिलने के बाद, कुरूमगाड़ वन क्षेत्र के वन विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर छापा मारा। टीम को मौके पर बॉक्साइट से भरा एक हाईवा ट्रक मिला, जिसे तुरंत जब्त कर लिया गया। हालांकि, कार्रवाई के दौरान हाईवा का ड्राइवर और अवैध खनन में शामिल तस्कर भागने में सफल रहे।अधिकारियों ने बताया कि जब्त किए गए हाईवा को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए वन परिसर, चैनपुर में रखा गया है। इस कार्रवाई के बाद से इलाके में सक्रिय अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।गौरतलब है कि इस क्षेत्र में लंबे समय से बॉक्साइट की अवैध चोरी हो रही है, जिससे राज्य सरकार को राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वन विभाग ने ऐसी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए अपनी गश्त और कार्रवाई तेज कर दी है, जिसकी यह कार्रवाई एक महत्वपूर्ण कड़ी है। विभाग ने अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

## अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन




**भरनो (गुमला)।** प्लस टू हाई स्कूल भरनो के सभागार में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अभिभावक और शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गोष्ठी का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वरदानी टोप्पो ने सभी अतिथियों के स्वागत के साथ किया। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय भरनो प्रखंड का सबसे बड़ा विद्यालय है, जिसमें वर्तमान में 1312 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। उन्होंने कहा कि उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार आयोजित इस गोष्ठी का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करना है। बैठक में प्रमुख पारसनाथ उरांव, पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही, सीआरपी विजय कुमार समेत अन्य वक्ताओं ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि बच्चों की निगरानी में लापरवाही न करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि "नाबालिग बच्चों को बाइक देकर स्कूल न भेजें, घर पर उनकी पढ़ाई पर ध्यान दें और उन्हें गलत संगत से दूर रखने की जिम्मेदारी भी अभिभावकों की है।

## चार दुकानदारों ने दिखाई ईमानदारी, सड़क पर मिले 25 हजार नकद व लैपटॉप पुलिस को सौंपा



**भरनो(गुमला)।** भरनो प्रखंड के चार दुकानदारों ने ईमानदारी और मानवता की अनोखी मिसाल पेश की। शुक्रवार को भरनो से रांची जाते समय उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर बेड़ों थाना क्षेत्र के पूरनापानी दिवाकर ढाबा के समीप सड़क पर एक मेहरून रंग का लेदर बैग मिला। कार रोककर बैग उठाने के बाद जब स्थानीय लोगों की मौजूदगी में उसे खोला गया तो उसके अंदर 25 हजार रुपये नकद, एक लैपटॉप, मोबाइल फोन, चार्जर, दवाइयाँ, रजिस्टर और अन्य जरूरी कागजात मिले। बैग मालिक की पहचान नहीं हो पाने पर दुकानदारों ने बिना देर किए पूरा सामान बेड़ों थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया। इस सराहनीय कार्य में शामिल दुकानदार थे – सुजीत रवि, सरोज प्रजापति, आजाद खान और कृष्णा उरांव। पुलिस ने ईमानदारी और जागरूकता की इस मिसाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि बैग मालिक पुलिस थाना आकर अपनी वस्तुएं ले सकता है। स्थानीय लोगों ने भी युवकों की ईमानदारी की खुलकर तारीफ की। ग्रामीणों का कहना है कि हाल ही में भरनो में सड़क सुरक्षा समिति का गठन हुआ है, जिसके बाद लोगों में जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव बढ़ा है। इसी का परिणाम है कि चार दुकानदारों ने मानवता का परिचय देते हुए इतने कीमती सामान को पुलिस के हवाले कर दिया।

## बिशुनपुर में मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन

**बिशुनपुर (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को मासिक गुरुघोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो एवं जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान ने संयुक्त रूप से की। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई और शिक्षकों को अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्णतः सजग व जिम्मेदार बनने का निर्देश दिया गया। गुरुघोष्ठी में सावित्रीबाई फुले योजना, कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना, पोर्टल, विद्या वाहिनी पर छात्रों और शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही आने वाले दिनों में ओपन एआई टूल्स के प्रशिक्षण की जानकारी साझा की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने सभी विद्यालय प्रभारियों को चैटजीपीटी एप डाउनलोड कराने का निर्देश दिया, ताकि तकनीक की मदद से शिक्षण कार्य को और प्रभावी व रोचक बनाया जा सके। वहीं, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान ने कहा कि "प्रत्येक शिक्षक यदि विद्यालय के प्रति कर्तव्यनिष्ठ और जिम्मेदार बनेगा, तभी शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और योजनाओं का लाभ सही मायने में छात्रों तक पहुँच पाएगा।" बैठक में एपीओ रॉस मिंज, बीईईओ श्री चौबे, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार, सभी बीआरपी, सीआरपी और प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में योजनाओं के क्रियान्वयन, विद्यार्थियों की उपस्थिति और शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर विशेष बल दिया गया। गुरुघोष्ठी का मुख्य उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और छात्रों तक शैक्षणिक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचाना रहा।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर विशेष सत्र

# छात्रों को नियम पालन की दिलाई गयी शपथ

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में नए बैच के छात्रों के इंडक्शन कार्यक्रम के अवसर पर एक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को यातायात नियमों और सुरक्षित ड्राइविंग की अहमियत से अवगत कराना था। इस मौके पर जिला प्रशासन और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने छात्रों को सड़क पर जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। मुख्य वक्ता जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ज्ञान शंकर जायसवाल ने सड़क दुर्घटनाओं के चिंताजनक आंकड़े साझा किए। उन्होंने छात्रों को तीन घातक गलतियों से हमेशा बचने की सलाह दी – अत्यधिक रफ्तार (ओवर-स्पीडिंग), नशे की हालत में वाहन चलाना, और हेलमेट का प्रयोग न करना। डीटीओ ने "जीवन बचाएं, सुरक्षित चलाएं" का नारा दोहराते हुए कहा कि एक दुर्घटना केवल एक व्यक्ति की जान ही नहीं लेती, बल्कि पूरे परिवार को तोड़ देती है। उन्होंने छात्रों को वैध तरीके से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया भी समझाई। मोटर यान निरीक्षक (एमवीआई) रोबिन अजय सिंह ने हेलमेट के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि कानून के मुताबिक न केवल चालक बल्कि पीछे बैठने वाले व्यक्ति (पिलियन राइडर) को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नियम सिर्फ चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए है। सड़क सुरक्षा प्रबंधक प्रभाष कुमार ने वाहन बीमा से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बीमा के प्रकारों – थर्ड पार्टी बीमा, फर्स्ट पार्टी बीमा और ओन डैमेज कवर – के फायदे विस्तार से बताए। सत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा "गुड समैरिटन नीति" पर चर्चा थी। अधिकारियों ने बताया कि इस नीति का उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वाले लोगों को कानूनी सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि लोग बिना डर के आगे आकर घायलों की मदद कर सकें। कॉलेज प्रबंधन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों को न केवल तकनीकी रूप से दक्ष, बल्कि सामाजिक रूप से भी जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस मौके पर डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल, एमवीआई रोबिन अजय सिंह, सड़क सुरक्षा प्रबंधक प्रभाष कुमार, सड़क सुरक्षा तकनीकी सहायक प्रणय कांशी, कॉलेज प्राचार्य, छात्र-छात्राएँ और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ज्ञानोदय पब्लिक विद्यालय मुरकुंडा में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

# विद्यालय में संस्कार का भाव जगाना आवश्यक : श्यामधन साहू

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के मुरकुंडा स्थित ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और नृत्य के माध्यम से शिक्षकों का अभिनंदन कर किया। इसके बाद अतिथि शिक्षकों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत और नृत्य ने सबका मन मोह लिया। छोटे-छोटे विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने अभिभावकों को भी भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक श्यामधन साहू ने कहा कि विद्यालय में संस्कार का भाव जगाना आवश्यक है क्योंकि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य अजय उरांव को अपना शिष्य बताते हुए कहा कि यह सम्मान पाकर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इसी क्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक झाड़ी भगत ने अपने संबोधन में कहा – "शिक्षा एक अमूल्य धन है, जिसे न कोई चुरा सकता है और न ही छीन सकता है। विद्या ही सबसे बड़ा धन है, जिसे प्रत्येक विद्यार्थी को अर्जित करना चाहिए।"विद्यालय के प्राचार्य अजय उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक दिवस शिक्षकों को सम्मानित करने का दिन है। डॉ. राधाकृष्णन के सुझाव पर ही उनके जन्मदिन, 5 सितंबर, को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि गुरुजनों का सम्मान करना ही भारतीय संस्कृति की असली पहचान है। कार्यक्रम में मुरकुंडा मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया ताकि बच्चों को उनसे प्रेरणा मिल सके। गौरतलब है कि ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल मुरकुंडा क्षेत्र में शिक्षा और संस्कार के प्रसार हेतु कार्यरत है। विद्यालय में नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाएं संचालित होती हैं, जहां 12 अनुभवी और प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रयास से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में जुटे हैं।

## रेहलदाग उच्च विद्यालय तक पीसीसी सड़क निर्माण की मांग

**बिशुनपुर (गुमला)।** प्रखंड के घाघरा पंचायत अंतर्गत रेहलदाग ग्राम के ग्रामीणों ने शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिशुनपुर को एक आवेदन सौंपकर रेहलदाग उच्च विद्यालय तक पहुंच पथ पर पीसीसी सड़क निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य सड़क से विद्यालय की दूरी लगभग 400 मीटर है, लेकिन इस रास्ते में छात्रों को एक छोटी नदी और कीचड़युक्त मार्ग से गुजरना पड़ता है। बरसात के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने और कीचड़ फैलने से बच्चों को विद्यालय पहुंचने में भारी कठिनाई होती है। कई बार तो उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से घर लौटना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस 400 मीटर मार्ग का पीसीसी सड़क निर्माण हो जाए, तो न केवल विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होने से बचेगी बल्कि आसपास के ग्रामीणों को भी आवागमन में सुविधा होगी। यह मार्ग कई टोले के लोगों के लिए मुख्य पहुंच पथ है, जिस पर पक्की सड़क बनने से गांव का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

## पालकोट पंपापुर इंटर महाविद्यालय में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट स्थित पंपापुर इंटर महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस समारोह बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों एवं महाविद्यालय कर्मियों के स्वागत से हुई, जिन्हें सम्मानपूर्वक मंच तक लाया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर वातावरण को जीवंत बना दिया। सभी शिक्षकों को इस अवसर पर उपहार भी भेंट किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार जायसवाल ने कहा कि "छात्र जीवन स्वतंत्र जीवन है। आप सभी एक कदम आगे बढ़ चुके हैं। अब प्रतियोगिता ही आपको आपकी मंजिल तक ले जाएगी और सफलता स्वयं आपके पास आएगी।" इस अवसर पर प्राध्यापक विजय मिश्रा, प्रभात, जीतेश मिंज, रोशनी मिंज, उर्वशी कुमारी, ज्ञानमनी बड़ा, प्रीति कुमारी गुप्ता, प्रिंयका कुमारी, सुमति किड़ो, मनोज लकड़ा समेत महाविद्यालय के सभी शिक्षकेतर कर्मचारी और छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

## शव पहुंचा कर लौट रही एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सिलफरी गांव के पास एंबुलेंस संख्या यूपी 23 टी 8005 दुर्घटनाग्रस्त होकर खेत में जा पलटी। पुलिस ने शनिवार की सुबह जेसीबी की मदद से एंबुलेंस को बाहर निकाला। घटना शुक्रवार देर रात 11:30 की है वहीं किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है एंबुलेंस में चालक व उपचालक मौजूद थे। चालक रवि कुमार ने बतलाया कि वह पटना से शव लेकर शुक्रवार की देर रात पुटरूंगी गांव गए थे जहां से लौटने के दौरान एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पलट गई। इधर चैनपुर पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही शुक्रवार की रात ही पुलिस मौके पर पहुंची और मदद पहुंचाने का प्रयास किया पर देर रात होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त एंबुलेंस को खेतों से बाहर नहीं निकाला जा सका। वहीं शनिवार की सुबह जेसीबी की मदद से पुलिस ने एंबुलेंस को खेतों से बाहर निकाल।


कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

आम सूचना

"स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता–2025"

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि "स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0" अंतर्गत अगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 को ध्यान में रखते हुए नगर परिशद, गढ़वा द्वारा नगर परिशद क्षेत्र में दुर्गा पूजा के अवसर पर "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता–2025" का आयोजन किया जाना है। निकाय अंतर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वच्छता का मूल्यांकन दिनांक 22.09.2025 से 02.10.2025 के दौरान नगर परिशद, गढवा द्वारा गठित टीम/समिति के द्वारा नीचे दिये गये मापदंडो के आधार पर किया जाएगा। जिसका उदेश्य दुर्गा पूजा त्योहार को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना, नागरिकों का स्वच्छता, सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना, सामुदायिक सहयोग से स्वच्छ शहर, स्वस्थ शहर का निर्माण करना है।

| क्र0 सं0 | मापदंड | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1 | पूजा पंडाल/प्रतिमा निर्माण सामग्री में प्रकृति/पर्यावरण संरक्षण की झलक | 10 |
| 2 | पूजा पंडालों में कागज, पता, जूट या बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग | 10 |
| 3 | पूजा पंडाल में प्रवेश व निकासी द्वार अलग–अलग तथा महिला एवं पुरुष हेतु अलग–अलग कतार की व्यवस्था सुनिश्चित करना | 10 |
| 4 | पूजा पंडाल/परिसर में आस–पास के दुकानदारों एवं आम नागरिकों द्वारा गंदगी ना फैलाने एवं परिसर में साफ–सफाई के लिए स्वयं से किये गये उपाय करना | 10 |
| 5 | नशा मुक्ति, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नही करना एवं स्वच्छता से संबंधित होर्डिंग का स्वयं से अधिष्ठापन कराकर एवं ध्वनी विस्तारक यंत्र. से प्रचार करना | 10 |
| 6 | विज्ञापन के लिये बायोडिग्रेडेबल सामगी का उपयोग या फिर होर्डिंग के लिये LED Screen या स्टैंडी का प्रयोग | 10 |
| 7 | पूजा पंडाल के आकार के अनुसार पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला डस्टबीन की व्यवस्था कर आगंतुकों द्वारा उनका प्रयोग कराना | 10 |
| 8 | निकाय द्वारा चिन्हित विर्सजन स्थल में पूजा समिति के तत्वधान में प्रतिमा का विसर्जन | 10 |
| 9 | C.C.TV कैमरा का पंडाल में अधिष्ठापन करना | 10 |
| 10 | कार्बन डाईऑक्साइड गैस (अग्रिशमन यंत्र) सिलेंडर का पूजा पंडालों में अधिष्ठापन करना | 10 |
| | कुल अंक | 100 |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा।

PR 361906 (Urban Development)25-26*D



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय, चतरा

एक दिवसीय भर्ती–कैम्प, | सूचना | दिनांक– 15.09.2025

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक– 15.09.2025 को जिला नियोजनालय चतरा के कार्यालय परिसर में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक निम्नांकित Company द्वारा निम्नवत पद हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Exp. | Job location | Pay/Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | TVS | Tele Caller | 02 | Graduation | _ | 2 Yrs | Chatra | 13,000 | NO |
| 02 | Virson Security & Facility Services PVT.LTD | Security Guard | 50 | 10th | 18 Yrs To 45 Yrs | No | All Jharkhand | 10K to 12K | Only For Male |
| | | Security Supervisor | 10 | B.A | 21 yrs to 45 Yrs | Yes | | 12K to 15K | |
| | | Gunman | 10 | 12th | 21 Yrs to 45 Yrs | Yes | | 18K to 23K | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। अतः इच्छुक उम्मीदवार अपना निबंधन एवं चयन हेतु निवास प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लाएं।

नोटः– 1. किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
2. यह कार्य निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का लेन–देन अपराध है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा

PR 361818 Labour Employment and Traning(25-26)#D



उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(खेल शाखा)
Email id-lohardagadso@gmail.com
(जिला पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग)

आम सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखण्ड, रॉची के पत्रांक–554/रॉची दिनांक–10.09.2025 के निदेशानुसार विभाग द्वारा विभिन्न जिलों में संचालित आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्र, सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स एवं जे0एस0एस0पी0एस0 अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों प्रवेश हेतु प्रशिक्षुओं का चयन के लिए जिला स्तर पर दो दिवासीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता,2025–26 का आयोजन दिनांक–18.09.2025 एवं 19.09.2025 को किया जाना निर्धारित है। उक्त जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में चयनित प्रशिक्षुओं को राज्य स्तर पर होने वाले प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य है। जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता की विवरणी निम्नवत हैः–

| क्र0 | प्रतियोगिता का स्तर | खेल विद्या | आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षुओं की रिक्त संख्या | | जे0एस0एस0पी0एस0 में प्रशिक्षुओं की रिक्त संख्या | | सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स हेतु प्रशिक्षुओं की रिक्त संख्या | | चयन एवं पंजीकरण का स्थल | पंजीकरण की तिथि एवं ट्रायल का समय | प्रतिभागियों का सामान्य कौशल/विशिष्ट प्रशिक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | बालक | बालिका | बालक | बालिका | बालक | बालिका | | | |
| 01 | जिला स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल | फुटबॉल | 32 | 22 | 17 | 17 | 11 | 18 | +2 न0 उ0 वि0 मिनी स्टेडियम, लोहरदगा। | 18.09.2025 से 19.09.2025 को प्रातः 08:00 बजे पूर्वाहन से | Battery Test & Skill Test |
| 02 | | एथलेटिक्स | 11 | 2 | 14 | 7 | 0 | 1 | | | |
| 03 | | कबड्डी | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | | | |
| 04 | | कुश्ती | 0 | 0 | 6 | 2 | 8 | 5 | बी0एस0 कॉलेज स्टेडियम, लोहरदगा | 18.09.2025 से 19.09.2025 को प्रातः 08:00 बजे पूर्वाहन से | |
| 05 | | बैडमिंटन | 0 | 26 | 5 | 2 | 13 | 25 | मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला कॉलेज, लोहरदगा | 18.09.2025 से 19.09.2025 को प्रातः 08:00 बजे पूर्वाहन से | |

उक्त प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता से संबंधित दिशा–निर्देश निम्नवत हैः–
1. आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0एस0एस0पी0एस0 प्रशिक्षण केन्द्र हेतु प्रतिभागी खिलाड़ियों की आयुसीमा 10 से 14 वर्ष के बीच होना चाहिए।
2. सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स हेतु प्रतिभागी खिलाड़ियों की आयुसीमा 16 से 22 वर्ष के बीच होना चाहिए।
3. प्रतिभागियों को 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र खेल उपलब्धि प्रमाण–पत्र (यदि हो तो) लाना अनिवार्य होगा।
4. प्रतिभागियों का चयन Battery Test (NSTC Norms) एवं Specific Skill Test के आधार पर होगी।
5. प्रतिभागियों को चयन हेतु खेल किट, सामग्री एवं पोशाक लाना अनिवार्य होगा।

नोटः– 1. अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय, लोहरदगा मे संपर्क किया जा सकता है।
2. जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियो को आने–जाने का यात्रा–व्यय देय नहीं होगा।

जिला खेल पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 361807 Lohardaga(25-26).D



झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर, सरायकेला-खरसावाँ

भर्ती कैम्प

तिथि :– 16.09.2025, समय :–पूर्वाहन 10 बजे से || स्थलः– जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर, सरायकेला–खरसावाँ।

| NAME OF EMPLOYER | NAME OF THE POST | NO. OF VACANCY | QUALIFICATION | EXPERIENCE | AGE GROUP (IN YEARS) | PAY/SALARY (P.M.) – INR | OTHER BENEFITS | JOB LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| AIRTEL PAYMENTS BANK LIMITED | ABDE | 20 | 10th/12th/GRADUATE | 0-6 YEARS | 18-35 | UPTO 12,700 | PF & ESI | SARAIKELA-KHARSAWAN |
| LIC OF INDIA | LIC BIMA SHAKHI | 50 | 10TH (MATRIC) | 0-5 YEARS | 18-70 | NEGOTIABLE | COMMISSION + BOUNS | SARAIKELA-KHARSAWAN |

नोटः– भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों का झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में अथवा झारखण्ड रोजगार पोर्टल पर निबंधित होना अनिवार्य है। भर्ती कैम्प में भी निबंधन की सुविधा उपलब्ध होगी। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है। इसलिए रिक्ति के शर्तो लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का मार्ग भत्ता देय नहीं होगा। भर्ती कैम्प की पूरी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
सरायकेला–खरसावाँ

PR 361811 Labour Employment and Traning (25-26)_D

# उसके अहसानों का बोझ

1987 की अक्टूबर रही होगी। हमारी बटालियन को आदेश हुआ कि श्री लंका में वहाँ की सरकार और लिबरेशन टाइगर ऑफ़ तमिल येल्लम (लिट्टे) के बीच चल रहे उनकी आंतरिक लड़ाई में "शांति स्थापित करने वाली सेना" (पीस कीपिंग फॉर्स) के रूप में हमारी तैनाती की जा रही है। मैंने कोलम्बो पहुंचने पर श्याम से पूछा था, " मीत, तुम उदास क्यों लग रहे हो ?" वह भी जैसे अपने मन की गुत्थियों को खोलने के लिए बेचैन हो रहा था। "यार करण, माता - पिता की मुझे चिंता बिल्कुल नहीं है। मुझे चिंता अगर है तो शनोली की।" कहकर वह चुप हो गया। "मीत, तुमने शनोली के बारे में कभी बताया नहीं।" "आज मन नहीं मान रहा। इसलिए तुम्हारे सामने बताना चाह रहा हूँ।"कहकर वह फिर चुप हो गया। "तुम चुप क्यों हो गए ? अपने मन की बात खुलकर खोल देने से मन हल्का हो जाता है।" उसने अपनी आशंकाएं बताई थी, "करण, शनोली बहुत सुन्दर है। जानते हो शनोली माने नेपाली में क्या होता है, काइंड हर्टेड, दयावान! वह सचमुच में बहुत सरल है, दयावान है। दूसरों पर सहज विश्वास कर लेती है। मैंने उसे हर तरह से सहारा देने का वादा किया था। उन्हीं पहाड़ों और झरनों की सौगंध खाई थी, जो पहाड़ों के देवता कहलाते हैं। लेकिन मैं उसे उसके माता - पिता के भरोसे छोड़कर चला आया।" मैंने आश्चर्य से पूछा था, "इसमें तुमने गलत क्या किया? जब तक लड़कियों का विवाह नहीं हो जाता है, वे अपने माता - पिता के सहारे ही तो रहती हैं।" "मीत, तुम नहीं समझे। उसके माता - पिता बहुत गरीब हैं। ऊपर से उसके पिता को दारू पीने की लत है। नेपाल में लड़कियों को खरीदने वाले दलाल घूमते रहते हैं। उनका सौदा कर वे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता आदि शहरों की जिस्म की मंडियों में बेच दिया करते हैं। मैं एक बार उसे देख लेना चाहता था। उसे भरोसा दिलाना चाहता था कि मैं शीघ्र ही उसे लेने आऊंगा। लेकिन यहां तो अभी छुट्टी भी नहीं मिल सकती है।" कहकर वह सचमुच रो पड़ा। मैंने उसे ढाढ़स देकर चुप कराया था। हम लोग की तैनाती जाफना के जंगलों में हो चुकी थी। यह "पीस कीपिंग फ़ोर्स" क्या होता है, हम भारतीय सेना वालों को समझ नहीं आया था। हमलोग अपने देश के लिए लड़ नहीं रहे थे। युद्ध में दो ही शब्द होते है , दोस्त और दुश्मन।



ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र

हमारा दुश्मन कौन है और क्यों है? हमें पता नहीं था। श्रीलंकाई सेना के अधिकारी हमें दिशा बता रहे थे। दिन में भी उस जंगल में कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। अचानक दो सौ मीटर दूर पर ग्रेनेड फेंके जाने से धमाका हुआ था। धुएं के गुबार के बीच कवर लेते हुए गोलियां चलनी शुरू हो गयी थी। मैं घासों के बीच चीरते हुए आगे बढ़ रहा था। मुझसे दस गज पीछे दाहिनी ओर श्याम बहादुर राइफल हाथ में लिए हुए, पीठ पर बैग में गोलियां और अन्य सामान लिए हुए बढ़ रहा था। हम लोग बीच - बीच में नीरसता दूर करने के लिए मजाक भी करते जाते थे। मैंने कहा भी था, "इस पोस्टिंग के बाद छुट्टी लेकर शनोली से जरूर मिल आना।" "तुम्हारी भविष्यवाणी सच हो!" ये सारी बातें हो ही रही थी कि अचानक नजदीक से गोलियों की बौछार जैसी होने लगी। लगता है हम लोग लिट्टे विद्रोहियों के ठिकाने के काफी करीब आ चुके थे। उन्हें हमलोगों की घेराबंदी का अहसास होने लगा था। गोलियां हमारे तरफ भी आ रही थी। ऊँचे - ऊँचे घासों से सरसराती हुई निकल जा रही थी। इतने में एक गोली मेरे हेलमेट से टकराई। मैं एक क्षण के लिए बेहोश हो गया। जब मुझे होश आया, मैंने अपने हाथ से सिर के ऊपर के हेलमेट को टटोला। वह सुरक्षित था। हेलमेट पर एक गहरा डेंट था, छील कर एक चिप भी बाहर आ चुका था। मैंने पीछे देखा, श्याम कराह रहा था।

मैं रेंगते हुए उसके पास पहुंचा। उसकी गर्दन में एक गोली धंसते हुए निकल गई थी। मेरी समझ में तुरंत आ गया। लगता है जो गोली मेरे हेलमेट से लगी, वही छिटककर श्याम की गर्दन चीरते हुए निकल गयी थी। इसका पता शायद श्याम को भी नहीं हो, लेकिन मुझे पता था। मैंने श्याम को कंधे पर उठाया और बेस मेडिकल कैंप की ओर दौड़ पड़ा। वहां पहुंचते ही उसे स्ट्रेचर पर लिटाया गया। श्याम बेहोश हो गया था। उसे एयर एम्बुलेंस से कोलंबो ले जाया गया। मेरे मन में यह बात बैठ गयी मैंने ही श्याम को घायल किया था। दस दिनों के बाद समाचार आया कि श्याम को एयर एम्बुलेंस से मद्रास (चेन्नई) ले जाया जा रहा था, रास्ते में उसकी मौत हो गयी। मैं सोचता रहा, मेरी जिंदगी उसी की दी हुई है। जो गोली उसे लगी, वह मुझे लगनी चाहिए थी। मैं ही कहीं न कहीं उसकी मौत का कारण था। मैं अपनी जिंदगी पर उसके अहसानो का बोझ लिए हुए किसी तरह जिए जा रहा हूँ ।

# ऋण कृत्वा घृतं पीवेत्



अरुणा झा



इस संसार का नियम कानून ही कुछ उल्टा पुल्टा है पुस्तकों में कुछ छपा होता है और जिंदगी में होता है कुछ और। अब देखिए लिखा है कि "हमें ऋण अर्थात कर्ज नहीं लेना चाहिए"। आखिर क्या हानि है कर्ज लेने में। सुख का उपभोग तो करना ही चाहिए, अब वह जैसे भी हो। क्योंकि "बहुत जतन मानुष तन पावा" फिर इसे व्यर्थ क्यों गवाएँ। हर एक कार्य के लाभ और हानि दोनों होते हैं। किंतु कर्ज लेने में तो मुझे सिर्फ लाभ ही लाभ नजर आते हैं। मिसाले तौर पर इसकी बदौलत घर में आप सामानों का अंबार लगा सकते हैं। जितने भी आधुनिक घरेलू उपकरण बाजार में आए उसे खरीदने जाइए इससे फायदा ही फायदा होगा। मोहल्ले में संभ्रांत समझे जाएँगे, सुख सुविधा की सारी चीज मौजूद रहने पर घर हरा -भरा रहेगा, मन प्रसन्न रहेगा। फिर जो जन्म लेता है वह मृत्यु को प्राप्त होता है। शास्त्र पुराण यही कहते हैं कि "सारा संबंध शरीर के रहने तक ही होता है, मृत्योपरान्त सारे बंधन छूट जाते हैं और कुछ भी साथ नहीं जाता। तो जब सब कुछ यहीं रह जाता है तो इस दुनिया से हमने जो भी लिया, दुनिया में ही छोड़ कर चले जाएँगे तो उस हिसाब से तो कर्ज भी यहीं रह जाएगा। अर्थात ऊपर जाकर यमराज द्वारा सताए जाने का भी डर नहीं रहता है क्योंकि हम तो खाली हाथ आए और खाली हाथ जा रहे हैं।

तुलसीदास जी ने भी रामायण में कहा है "सकल पदारथ एही जग माही । करमहीन नर पावत नाहीं ।।"उन्होंने इस बात का खुलासा नहीं किया कि सकल पदार्थ पाने के लिए क्या करना चाहिए? मेरे विचार में उनका इशारा भी इसी कर्ज लेने की तरफ होगा। क्योंकि जो 'करम' यानी कि बुलंद तकदीर वाला होता है, कर्ज भी उसे ही मिलता है। क्योंकि कर्ज लेना भी एक कला है। सभी कर्ज नहीं माँग सकते। न ही सब को कर्ज मिल सकता है।

मेरे एक मित्र हैं जो पॉकेट में हमेशा एक पाँच सौ का नोट रखते हैं और जब भी और जहाँ भी आपसे भेंट हो जाए खीसें निपोड़ते हुए कहेंगे "सौ -दो सौ छुट्टे हो तो देना जरा मेरे पास पाँच सौ का नोट है, तुड़वाकर दे देंगे।"लेकिन उस परमात्मा की कृपा से आज तक उसके छुट्टे हुए ही नहीं।

लोगों का कहना है कि खास- खास मौकों पर कर्ज लेना जायज है जैसे बेटी विवाह, बच्चों की पढ़ाई। तो मैं पूछती हूँ कि वो कर्ज अगर जायज है तो मन को शांति प्रदान करने के लिए एवं शारीरिक सुख के लिए लिया गया कर्ज नाजायज कैसे हो गया? यह शरीर भी तो परमात्मा का ही दिया हुआ है अतः हमें कोई अधिकार नहीं कि बिला- वजह इसे कष्ट पहुँचा कर परमात्मा के मन को दुखी करें । अतः कर्ज लीजिए, जी भर कर लीजिए। और अगर कोई महाजन आपके दरवाजे पर हो -हल्ला मचाने लगे और आपकी इज्जत का जनाजा निकलने की संभावना उपस्थित हो जाए। तो दूसरे से कर्ज लेकर , पहले वाले को चुकता कीजिए। दूसरे को तीसरे से लेकर और तीसरे को चौथे से।इस तरह से 'जल चक्र', 'फसल चक्र' की तरह 'कर्ज चक्र' भी चलता रहेगा और समय-समय पर पैसा भी मिलता रहेगा और शाख भी बनी रहेगी।

फिर सवाल यह उठता है कि कौन कर्ज नहीं लेता जितने भी उद्योग धंधे हैं वे कर्ज लेकर ही शुरू किए जाते हैं। बड़े-बड़े देश की तो प्राचीन काल से ही परंपरा रही है कर्ज लेने की । तो आप भी अर्थव्यवस्था के शाश्वत नियम को अपनाइए कि हर देश अपने बड़े देश से कर्ज लेकर अपने से छोटे देश को देता है और वाहवाही लूटता है अतः आपको इसे लेने में शर्म नहीं आनी चाहिए।

सारांशतः हम कह सकते हैं कि हम सभी उस परमात्मा की संतान हैं और हमारे कर्मों का सारा लेखा-जोखा रखने वाले जब वही हैं, तो कर्ज लेने के बाद उसे लौटाने की चिंता हम क्यों करें? इसलिए

"यावत जीवेत् सुखम जीवेत्
ऋणं कृत्वा घृतं पीवेत "

को अपने जीवन में उतारकर स्वयं को धन्य करने का प्रयत्न कीजिए। सिर्फ एक फार्मूला को ध्यान में रखिएगा कि कर्ज माँगने भूल कर भी मेरे पास मत आइएगा। क्योंकि हो सकता है या समझिए की पूरी संभावना है कि आपके माँगने से पहले मैं ही माँग बैठूँ।



## हमारी हिंदी हमारी पहचान

हर देश की पहचान उस देश की भाषा और संस्कृति से होती है। 'हमारी हिंदी हमारी पहचान' एक ऐसा नारा है जो हिंदी को भारत के जनमानस की भाषा, सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता के धागे के रूप में स्थापित करता है। हिंदी भारत में सर्वाधिक और विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। हिंदी विश्व की सबसे प्राचीन, समृद्ध और महान भाषा है। यह सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि भारत देश की पहचान है, यह हमारे देश की संस्कृति और संस्कारों का प्रतिबिंब है। हिंदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय होने का बोध कराती है। हिंदी भाषा बहुत सरल और सहज है, इसे आसानी से कोई भी सीख सकता है। भारत कई राज्यों का देश है। यहाँ अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती है जिनमें देश के सबसे बड़े हिस्से में हिंदी बोली जाती है। आजादी के बाद संविधान बनाया गया था। विचारशील संविधान निर्माता ने इस विषय पर गंभीरता से विचार किया और इस निर्णय पर पहुँचे कि हिंदी ही एक ऐसी भाषा है जो राष्ट्रभाषा के महत्वपूर्ण स्थान पर अलंकृत होने की क्षमता रखती है क्योंकि हिंदी बोलने वालों की संख्या देश में सबसे ज्यादा है। इसके अलावा हिंदी भारत की अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को करीब लाने में सक्षम है। भारत एक बहुभाषी देश है और संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता दी गई है जिससे किसी एक भाषा को राष्ट्रभाषा घोषित करने से भाषाई एकता को खतरा पहुँच सकता है। राष्ट्रभाषा घोषित करने से भाषाई एकता को कोई खतरा नहीं पहुँचे इसलिए 14 सितंबर 1949 में हिंदी को राजभाषा घोषित की गई। राजभाषा का अर्थ है कामकाज की भाषा जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार का कामकाज हिंदी में होगा 14 सितंबर 1953 में प्रथम राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया था उसके बाद प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाने लगा इस दिन कई प्रतियोगिताएँ होती हैं अनेक कार्यालय में राजभाषा अधिकारी होते हैं और हिंदी भाषा से संबंधित कार्यक्रम किए जाते हैं। हिंदी हिंदुस्तान की भाषा है। हमारी एकता का प्रतिबिंब है। हमारी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। यह विविधताओं वाले देश भारत को एक सूत्र में पिरोने का काम करती है जिससे राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है और देशभक्ति और राष्ट्रीय भावनाओं को साझा करने में मदद करती है। हिंदी भाषा हमारे देश भारत के सम्मान, स्वाभिमान और गर्व का प्रतीक है। विश्व में कई लोग भारतीय संस्कृति और हिंदी भाषा को सीख रहे हैं। हम भारतवासी हिंदी के प्रति अपना प्रेम और सम्मान प्रकट करने हेतु हिंदी दिवस मनाते हैं। हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसे देश के हर एक कोने का व्यक्ति समझ ही लेता है। अनेकता में एकता को बढ़ावा देने वाली भाषा हिंदी को आज देश के नागरिक बोलने में शर्माने लगे हैं। बच्चों की स्कूल में हिंदी के बजाय अंग्रेजी भाषा सीखने पर जोर दिया जाता है। इन्हीं कारणों से हिंदी पिछड़ती जा रही है। कारणवश हमें हिंदी के अस्तित्व को बचाने हेतु 'हिंदी दिवस' जैसे प्रयास करने पड़ रहे हैं। यदि हम भारतवासी भारत में रहकर ही अपनी मातृभाषा हिंदी को महत्व नहीं देंगे तो यह हमारी सबसे बड़ी भूल होगी। अपनी भाषा हिंदी के अस्तित्व को बचाने हेतु हम भारतीयों को हिंदी के महत्व को खुद ही समझना होगा और औरों को भी समझाना होगा। हमें विदेशी भाषाओं को सीखने पर अधिक जोर न देकर हिंदी को रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा अनिवार्य रूप से बनाना होगा। अब से हमें प्रण लेना होगा कि हम घर से बाहर होने पर भी अपनी भाषा हिंदी बोलते हुए शर्माना नहीं बल्कि गर्व के साथ हिंदी को बोलना है। जब हम सभी मिलकर इस दिशा में प्रयास करेंगे तो 'हिंदी दिवस' को मनाने का उद्देश्य सार्थक हो जाएगा और 'हमारी हिंदी हमारी पहचान' पूर्ण रूप से हो जाएगी। जय हिंद- जय हिंदी।



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

## माँ का पीतल का संदूक

एक छोटा-सा संदूक पीतल का, पर चमकता सोने-सा। नानाजी-नानीजी ने माँ को दिया था उनकी शादी के समय आशीष, परंपरा और अपनापन समेटकर। उसमें भरे थे गहनों के खज़ाने,सोने की चूड़ियाँ,हार, कंगन, नथ,मंगटिका, बाजुबंध, चीक, छाड़ा हसली, पाजेब, झांझर,चाँदी की मछली, पान और सुपारी, गिलास, कटोरे और अनगिनत सिक्के।



सविता सिंह मीरा

हर वस्तु में छिपा था एक रिवाज़, एक संस्कार, एक घर का गर्व।
माँ अक्सर कहतीं "ये संदूक मेरी नई ज़िंदगी का श्रृंगार था।"उनकी आँखों में झिलमिलाती यादें
हमेशा मुझे बाँध लेती थीं।जैसे ही सन्दुक निकलता माँ कुछ किस्से जरूर जैसे की ऐसा ही और उससे भी वड़ा पीतल का पात्र था इसमे रखा रहता था पान जो भी बैठक में आता उनको पान खिलाकर स्वागत किया जाता, फिर घी मिश्री इत्यादि। और फिर उसी बैठक में कितनो की बेटियों का रिश्ता तय होता और हँसी और पकवान से बैठक गुंजायमान। जब भी वो पीतल का सन्दुक निकलती तो पता नहीं क्योंहमें ये आपनी और खिंचता, यह संदूक मुझे बचपन से भाता रहा। जैसे इसके भीतर गूँजते हों नानी के आशीर्वाद,माँ की हँसी, और समय की धीमी सरगोशियाँ।
कल आखिर मैंने माँ से कहा—"माँ, इसे मुझे दे दीजिए। आपने इसमें सोने के गहने सँभाले थे,
अब मैं इसमें अपनी छोटी-छोटी ऑक्सिडाइज्ड ज्वेलरी रखूँगी।" और माँ ने मुस्कुराकर
वह संदूक मेरे हाथों में थमा दिया। उस क्षण मुझे लगा—
यह सिर्फ धातु का डब्बा नहीं, बल्कि पीढ़ियों की परंपरा, धरोहर और स्नेह का दीप है। कुछ वस्तुएँ वस्तु नहीं रहतीं, वे भावनाओं की थाती बन जाती हैं। मेरे लिए वही है,माँ का यह पीतल का संदूक।



## मैडम एम

मैडम एम अपने एकाकी जीवन से उब चुकी थी।वह वर्षों से अपने फ्लैट में अकेले रह रही थी। एक दिन फ्लैट से निकलकर दरवाज़े तक गई। घड़ी की सुइयाँ सुबह के ठीक नौ बजा रही थी। दूध देने वाला नूरा पैकेट रखकर नीचे जाने के लिए ज्यों ही मुड़ा। मैडम एम आवाज लगाई-- नूरा !तुम कितने घरों में सुबह से दूध का पैकेट पहुँचाते हो? नूरा चौंका-- मैडम, करीब चालीस घरों में। मैडम एम बोली -- नूरा, तुम्हारे पिताजी भी यही दूध व्यवसाय करते हैं? तुम सब कितने भाई-बहन हो ?कुछ पढ़ते लिखते भी हो? इतने सारे प्रश्नों की बौछार से नूरा थोड़ी देर चुप रहा। फिर बोला-- दो बहनें और दो भाई हैं। किसी तरह से बड़ी बहन की शादी हो सकी है। मैं और मेरा भाई सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। "अच्छा नूरा, मेरे पास कुछ किताबें हैं, मैं देना चाहती हूँ। ठीक है, मैं छाँट कर रखूंगी।" "अच्छा मैम"कहकर नूरा चला गया। मैडम सोचती रही, मैं इस परिवार के लिए और क्या कर सकती हूँ? "कुछ पुरानी साड़ियाँ हैं जो नूरा की माँ के लिए दे सकती हूँ। दूसरे दिन भर मैडम एक आलमारी से एक एक सामान निकालने में व्यस्त रही। वे सामान जो कभी सहेजकर रखे गए थे, अब उनका कोई काम का नहीं रहा था। आलमारी में रखी गई वो साड़ियाँ जो सलमा सितारा के काम से लवरेज थी, आज मैडम एम की इच्छा उसे हाथ लगाने की भी नहीं हो रही थी।वह निकाल लेती है। जब पति जीवित थे तो इन्हीं साड़ियों को पहनकर वो इठलाकर पार्टियों में जाती थी, ड्राई क्लीन करवाकर रखती थी, ताकि आगे की पार्टियों में पहन सकूँ। आज बड़ी बेदर्दी से नूरा की मम्मी के लिए निकाल ली थी। दूसरे दिन सुबह वह दूध के पैकेट हाथ में लेते हुए बोली-- "नूरा, ये लो, दो साड़ियाँ, तुम्हारी मम्मी के लिए।" नूरा हतप्रभ खड़ा था। --"ये मैडम को क्या हो गया है, अच्छी अच्छी साड़ियाँ दान कर रही हैं?" तीसरे दिन कई कॉपियाँ जिसमें सिर्फ एक या दो पृष्ठ लिखे थे, फाड़कर खाली कर लिए गए। फिर तीसरे दिन सुबह नौ बजे बोली --- "नूरा ! ये देखो कई कॉपियाँ हैं जो खाली पड़े हैं, लो इसे उपयोग करना।" नूरा कभी कुछ नहीं देने वाली मैडम एम को कैसी कैसी आँखों से देख रहा था --"कितना बदल गई है मैडम एम। कोरोना काल में मनुष्य क्या से क्या हो गया है।" नूरा सोचता रहा दिन भर इस बदलाव के बारे में? मैडम एम के बारे में आज तक वह इतना संवेदनशील होकर नहीं सोचा था। एक दिन दूध का पैकेट पकड़ाते हुए उसने पूछा---" मेम आप इन दिनों बीमार दिख रही हैं? खैरियत तो है?



गीता सिन्हा गीतांजलि

मैडम एम बोली - - - "नहीं नहीं नूरा, मैं ठीक हूँ..... थोड़ा कल बुखार..... "नूरा साहस समेटकर बोला - - - -" मैम! बाजार से कुछ मंगाना हो, या डॉक्टर के पास जाना हो, दवाइयाँ मंगाना हो तो प्लीज मेरा मोबाइल नंबर रख लीजिए......" वह इस छोटे से बालक को देखते रही...... देखती रही...... दूसरे दिन सुबह नौ बजने की प्रतीक्षा करती रही,.... करती रही। नूरा और मैडम एम के बीच एक कभी न टूटने वाली रिश्ते की डोर बँध चुकी थी।

**काव्य कोना**

## प्रतीक्षा - एक मुलायम डोर

प्रतीक्षा
क्षण-क्षण पल हर पल
मुलाकात, उस एक मुलाकात की
डर कर हट गए कितने
फिर भी ,
आयेगा वह
निश्छल, निस्वार्थ बांहे फैलाए खड़ा
योद्धा वहीं कहलाएगा
विलीन होने को तैयार चिरनिद्रा में।
प्रतीक्षा
क्षण-क्षण पल हर पल
मुलाकात उस एक मुलाकात की
आयेगा वह
निश्छल, निस्वार्थ बांहे फैलाये खड़ा
आभारी हूं
सीखाया सोना कांटो पर
फूलों की शैय्या ले गया कपट से
कृतज्ञ हूं सिर्फ तुम्हारा
छीन कर आह भी
बिठला दिया चौराहे पर
देखने और समझने के लिए
मुकरियां रास्ते के
और कहा, हाथ बढ़ा कर पकड़ ले
डोर एक मुलायम, कहलाती है प्रतीक्षा।
प्रतीक्षा
क्षण-क्षण पल हर पल।

**नाग मणि**

## युवा शक्ति भविष्य का आधार



मनीषा सहाय सुमन

युवा शक्ती राष्ट्र की कर्णधार है। यह भविष्य के आधार स्तंभ है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति व विकास का दायित्व युवा वर्ग के मजबूत कंधों पर ही होता है। किसी भी देश के युवा वर्ग ने हमेशा से राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका को सदैव निभाया है। सेना हो या वैज्ञानिक अनुसंधान का क्षेत्र हो, समाज सेवा या सासंकृतिक क्षेत्र सभी में संगठित य असंगठित युवा वर्ग ने अपने आदम्य से ही शसक्त राष्ट्र के निर्माण में सहायक होते हैं। समय- समय पर अनेक चुनौतियों का सामना कर, आध्यात्मिक ज्ञान और सफल मार्गदर्शन के आधार पर ही राष्ट्र प्रगती पथ पर निरंतर आगे बढता है।

परंतु समय -समय पर कुछ घटनाएं हमे यह सोंचने पर विवश कर देती हैं कि- "क्या युवा पीढ़ी मानसिक अवसाद क शिकार हो रही है।"



बढ़ते अपराध, महिलाओं के प्रति दुर्व्यवहार, हिंसक प्रदर्शन, जाम, धरना, कनून का उल्लंघन, असिहष्णुता की मानसिकता यह सोंचने पर विवश करती है कि युवा शक्ति किस दिशा में आगे बढ़ रही है।

जिधर देखें हर तरफ संवेदनहीनता और नकरात्मक सोंच ,छोटी - छोटी बात पर आक्रमकता तो कभी किसी को मार देना तो कभी स्वयं को आत्महत्या के मार्ग तक ले जाना। दोनो ही हालात में हम किस तरह के समाज का निर्माण कर रहें हैं।

इन सभी परिस्थितियों का सबसे बड़ा कारण बदलती सामाजिक स्थिती,परिवार के मार्गदर्शन का आभाव, युवाओं का घर परिवार से दूर हास्टल प्रणाली पर जीवन जीना, उत्तरदायित्व का आभाव, बजारवाद, प्रतिस्पर्धा के अलावा समाजिक माध्यम द्वार दिखावे की प्रवृति भी है। आज युवा वर्ग विशेषकर समाजिक माध्यम की ग्लोबल जेनेरशन की दिशाहीन सोंच और समझ लक्ष्य पाने के क्षणिक उपायों की तरफ उन्हें मोड़ देती है। जहाँ प्रयास में असफलता उनके मार्ग का बड़ा अवरोध बनती हैं तो उनके अंदर का गुस्सा बड़े.विरोध का रूप ले तोड़- फोड़ को अग्रसित होता है जो कभी उनके लिये तो कभी समाज और देश के लिये घातक होता है।

इसके आलावा राजनितिक हस्ताक्षेप भी युवा शक्ति के दुरूपयोग का बड़ा कारण बन रहा है। अपने फायदे के लिये संगठित या असंगठित युवा शक्ति का लाभ तुच्छ मानसिकता के लोग उठा कर अपने उदेशयों के पूरा करतें हैं।

चाहे जो हो युवाओं से ही राष्ट्र का भविष्य है। हमें सार्थक कदम उठा विभिन्न क्षेत्रों में सफल मार्गदर्शन ,अनुशासन से युवा वर्ग को सही दिशा देनी होगी। समाजिक राजनीतिक दवाब को कम करते हुए ,पाश्चात्य सभ्यता के जगह अपनी संस्कृती के बीज बोने होंगे। क्षणिक प्रयासों के स्थान पर शोध को बढ़ावा देना होगा। युवा वर्ग को खुद भी सजग व सतर्क रहना होगा की उनका उपयोग राजनितिक फायदे के लिये न किया जाए। यदी युवा वर्ग सही दिशा में बढ़ेगा तभी किसी भी राष्ट्र का विकास संभव है।

**संयोजक : नरेश अग्रवाल**

## माटी की महक

करीब दस वर्ष हो गए रजनी के बेटे-बहू को लंदन में बसे हुए। इस बीच सिर्फ एक बार दिल्ली आए थे अपने घर,बहन की शादी में अब तो पोती 'कियारा ' भी पाँच साल की हो गई है जिसे देखने के लिए रजनी की आँखें तरस गयीं हैं,पर पतिदेव जाना ही नहीं चाहते अपना घर छोड़कर। लेकिन जब पोती से खेलने और बातें करने की चाहत ने जोर पकड़ा तो रजनी ने मना ही लिया पतिदेव को और पहुंच गये दोनों लंदन। लेकिन अंग्रेजी भाषा की घुट्टी पीकर पली नन्ही कियारा से हिन्दी में संवादहीनता उन्हें खलने लगी। रजनी ने तो कुछ दिनों में टूटी-फूटी अंग्रेजी भाषा सीखकर पोती के साथ अपना तालमेल बिठा लिया परन्तु पतिदेव तो टस -से- मस नहीं हुए। भाषा की कठिनाई को भाँपते हुए बेटे ने पूछा -" मम्मी! आप दोनों को कियारा के साथ बातचीत करने में दिक्कत तो नहीं हो रही ?" " हां बेटा! मैंने तो इतने दिनों में कोशिश कर कामचलाऊ अंग्रेजी सीख ली। पर तुम्हारे पापा तो सीखना ही नहीं चाहते। इतनी भी कठिन नहीं है अंग्रेजी...!"" सुनो रजनी! तुम मुझे इतना भी बेवकूफ मत समझो।आती है मुझे भी अंग्रेजी। परंतु मैं तो कियारा बिटिया को हिन्दी सिखाना चाहता हूँ।इधर तुमने नोटिस नहीं किया कि वो मेरी हर बात समझने लगी है। हिन्दी बोलने की कोशिश भी करती है।"" यदि मैं भी अंग्रेज मैन बन गया तो अपनी माटी की महक ही खो जाएगी..."



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम








सुनील 'बादल'

आया ऊपर से आदेश
डू ऑल थिंग्स इन
हिंडी
गया तुरंत जवाब
बीइंग डन
इस तरह हिंदी का
हो रहा
डन डना डन!

## आज का दोहा

आंखों में अमराइयां, दिल में जैसे ज्वार।
अरमानों की बस्तियाँ, बसने लगीं संभार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### पीएम मोदी ने मिजोरम की पहली रेल लाइन का उद्घाटन किया

# पहली राजधानी एक्सप्रेस के साथ आइजोल आया रेलवे मानचित्र पर

**एजेंसी। मिजोरम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम की पहली रेल लाइन का उद्घाटन किया और आइजोल को दिल्ली से जोड़ने वाली राज्य की पहली राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। लगभग 8,070 करोड़ रुपये की बैराबी-सैरंग रेल लाइन को भारतीय रेल के इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण माना जाता है। परियोजना को मंजूरी साल 2008-09 में मिली थी और इसका निर्माण 2015 में शुरू हुआ था। इस रेल लाइन में 45 सुरंग, 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि सैरंग के पास स्थित पुल 114 मीटर ऊंचा है और इसकी ऊंचाई कुतुब मीनार से भी ज्यादा है। अधिकारी ने बताया कि यह देश का खंभे वाला सबसे ऊंचा पुल है। इस रेल मार्ग में पांच सड़क ओवरब्रिज और छह अंडरपास भी हैं। इस रेल मार्ग पर बैराबी के अलावा चार मुख्य स्टेशन- होरटोकी, कावनपुई, मुआलखांग और सैरंग पड़ते हैं।



### यात्रियों को मिलेगा सुरक्षित और किफायती सफर विकल्प

मिजोरम और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधे रेल संपर्क से क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित, कुशल व किफायती यात्रा विकल्प मिलेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि इससे खाद्यान्न, उर्वरक और अन्य आवश्यक वस्तुओं की समय पर और विश्वसनीय आपूर्ति भी सुनिश्चित होगी, जिससे समग्र रसद दक्षता और क्षेत्रीय पहुंच में वृद्धि होगी।

### एनईएसआईडीएस से सेरछिप में बेहतर सड़क संपर्क सुनिश्चित

सेरछिप जिले में पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस)रोड के अंतर्गत खानकॉन-रोंगुरा सड़क से बाजारों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी और क्षेत्र के विभिन्न बागवानी किसानों और अन्य लोगों को लाभ होगा। साथ ही अदरक प्रसंस्करण संयंत्र को भी सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री ने लॉन्गतलाई-सियाहा रोड पर छिमटुईपुई पुल, खेलों के विकास के लिए 'खेलो इंडिया' बहुउद्देशीय इनडोर हॉल और आइजोल के मुआलखांग में एक एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) योजना के अंतर्गत कावर्था में एक आवासीय विद्यालय और तलंगनुआम में एक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन भी किया।

### रेलवे, सड़क, ऊर्जा व खेल परियोजनाओं की रखी गई आधारशिला

अधिकारियों ने कहा कि नयी रेल लाइन से यात्री और माल ढुलाई की प्रक्रिया में सुधार होगा, यात्रा समय में कमी आएगी, पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा और मिजोरम की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर तीन नयी एक्सप्रेस ट्रेन - सैरंग (आइजोल)-दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) राजधानी एक्सप्रेस, सैरंग-गुवाहाटी एक्सप्रेस और सैरंग-कोलकाता एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने रेलवे, सड़क मार्ग, ऊर्जा, खेल आदि समेत विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री की पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास पहल (पीएम-देवाइन) योजना के तहत 500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 45 किलोमीटर लंबी आइजोल बाईपास सड़क से आइजोल शहर में भीड़भाड़ कम होगी और लुंगलेई, सियाहा, लॉन्गतलाई, लेंगपुई हवाई अड्डे और सैरंग रेलवे स्टेशन समेत अन्य से संपर्क में सुधार होगा।



**एजेंसी। मध्य प्रदेश।** सीएम मोहन यादव के हॉट एयर बैलून में लगी आग, मंदसौर में टला बड़ा हादसा मध्य प्रदेश के मंदसौर में शनिवार सुबह एक हैरान करने वाली घटना हुई। मुख्यमंत्री मोहन यादव हॉट बैलून में सवार हुए लेकिन हवा की गति कम होने से बैलून उड़ नहीं सका और उसमें आग लग गई। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत सीएम को बाहर निकाला और आग पर काबू पाया।

### राहुल उपराष्ट्रपति के शपथ से नदारद, अनुराग ठाकुर ने बोले-

## विपक्ष नेता मौकों पर नदारद, वे भारत विरोधी नेता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शनिवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह में न आने पर आलोचना की और कहा कि वह भारत विरोधी नेता बन गए हैं और जहाँ उनकी ज़रूरत है, वहाँ कहीं नहीं हैं। पत्रकारों से बात करते हुए, ठाकुर ने कहा कि जब संसद का सत्र चल रहा होता है, तो विपक्ष के नेता उसमें शामिल नहीं होते। जब स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है, तो विपक्ष के नेता लाल किले पर समारोह में शामिल नहीं होते। विपक्ष के नेता नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होते। ठाकुर ने आगे कहा कि जनता ने पहले 10 साल तक किसी नेता को नेता नहीं बनाया। अगर वह तीसरी बार नेता प्रतिपक्ष बने हैं, तो वह विपक्ष के नेता की बजाय भारत विरोधी नेता बन गए हैं... वह वहाँ कहीं नहीं हैं जहाँ उनकी ज़रूरत है। लेकिन राहुल गांधी भारत विरोध में सबसे आगे हैं। शुक्रवार को, भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने भी कांग्रेस पार्टी की आलोचना की और बिहार कांग्रेस द्वारा एआई-जनरेटेड एक वीडियो पोस्ट किए जाने के बाद उन पर "मानसिक संतुलन खोने" का आरोप लगाया। इस वीडियो में कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां जैसे दो किरदार दिखाए गए थे। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अपना मानसिक संतुलन खो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी की छवि खराब करने के लिए कांग्रेस नेता उन पर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करना राहुल गांधी का काम बन गया है। वह आज उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुए, जबकि वह विपक्ष के नेता हैं..." इस बीच, राज्यसभा सचिवालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार शाम राज्यसभा के सभापति के रूप में पदभार ग्रहण किया।

## नेपाल में अशांति के कारण फीका पड़ सकता है दार्जिलिंग का दुर्गा पूजा उत्सव

**एजेंसी। नेपाल**

- 948 दुकानों में से 900 दुकानें बंद
- केवल 10% दुकानें ही खुली ग्राहकों की भारी कमी

नेपाल में जारी राजनीतिक अशांति के बीच, इस साल दार्जिलिंग में दुर्गा पूजा समारोहों पर आर्थिक रूप से असर पड़ने की आशंका है, शनिवार को दुर्गा पूजा समिति के अधिकारियों ने यह बात स्वीकार की। एएनआई से बात करते हुए, दुर्गा पूजा समितियों के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि इस साल पंडाल का बजट कम होना तय है क्योंकि इस साल त्योहारों पर बिक्री नहीं हुई है। पानीटंकी ब्याबसाई समिति दुर्गा पूजा समिति के सचिव दीपक चक्रवर्ती ने कहा कि इस साल कोई पंडाल नहीं लगाया जाएगा और मंदिर में पूजा की जाएगी। उन्होंने आगे स्वीकार किया कि इस त्योहारी सीजन में केवल 10 प्रतिशत दुकानें ही खुली हैं। चक्रवर्ती ने एएनआई को बताया कि यह पूजा हमारी समिति द्वारा आयोजित की जाती है। इस पूजा का बजट दुकानों से एकत्रित 95 प्रतिशत होता है। दुकानदार यह पूजा करते हैं। हालाँकि, वर्तमान स्थिति में, 10 प्रतिशत दुकानें नहीं खुली हैं। कुल 948 दुकानें हैं, जिनमें से 900 बंद हैं; कुछ ही खुली हैं, लेकिन कोई ग्राहक नहीं है। चक्रवर्ती ने बताया कि दुकानों की बिक्री और दान में कमी के कारण बजट कम कर दिया गया है। इस वर्ष का बजट शुरू में बड़ा था क्योंकि समिति 50वीं पूजा की तैयारी कर रही थी और इस उत्सव में नेपाल से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। हालाँकि, पड़ोसी देश में मौजूदा स्थिति के कारण, इस वर्ष की पूजा 3-4 दिन पहले ही रद्द कर दी गई थी।

### चुनाव आयोग बोला-

## वोटर लिस्ट बनाना, बदलना सिर्फ हमारा काम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा- पूरे देश में समय-समय पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराना उसका विशेषाधिकार है। कोर्ट इसका निर्देश देगी तो ये अधिकार में दखल होगा। आयोग ने कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार वोटर लिस्ट बनाना और उसमें समय-समय पर बदलाव करना सिर्फ चुनाव आयोग का अधिकार है। यह काम न किसी और संस्था और न ही अदालत को दिया जा सकता। चुनाव आयोग ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझता है और वोटर लिस्ट को पारदर्शी रखने के लिए लगातार काम करता है। यह हलफनामा एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया था। याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग ने 5 जुलाई 2025 को बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) को पत्र भेजकर 1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर SIR की तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया था।

### चुनाव आयोग ने कहा- वोटर लिस्ट में बदलाव हमारा अधिकार




1. धारा 21 के मुताबिक, वोटर लिस्ट में बदलाव करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। बल्कि ये सामान्य जिम्मेदारी है, जिसे हर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव या किसी सीट के खाली होने पर होने वाले उपचुनाव से पहले पूरा करना जरूरी है।
2. नियम 25 से साफ है कि मतदाता सूची में थोड़ा-बहुत या बड़े स्तर पर बदलाव करना है या नहीं, यह पूरी तरह चुनाव आयोग के फैसले पर निर्भर करता है।
3. मतदाता सूची को सही और भरोसेमंद रखना चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। इसलिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत 24 जून 2025 के एसआईआर आदेश के मुताबिक अलग-अलग राज्यों में SIR कराने का फैसला किया है।
4. जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के अनुसार आयोग को छूट है कि वह तय करे कि कब समरी रिवीजन किया जाए और कब इंटेंसिव रिवीजन।

### बिहार में एसआईआर पर विवाद

- -बिहार में 2003 के बाद पहली बार यह एसआईआर प्रक्रिया हो रही है। चुनाव आयोग का कहना है कि एसआईआर का उद्देश्य उन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाना है जो मर चुके हैं, जिनके पास डुप्लीकेट वोटर कार्ड हैं या जो अवैध प्रवासी हैं।
- -लेकिन विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से लोगों को वोटिंग अधिकार से वंचित करने की साजिश हो रही है। चुनाव आयोग के 24 जून के नोटिफिकेशन के अनुसार, बिहार की अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।
- -इस प्रक्रिया के बाद बिहार में कुल मतदाता संख्या 7.9 करोड़ से घटकर 7.24 करोड़ रह गई है। करीब 65 लाख नाम हटाए गए।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- आधार को पहचान का प्रमाण मानें

1 8 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बिहार में जारी एसआईआर प्रक्रिया में आधार कार्ड को पहचान प्रमाण के तौर पर अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। चुनाव आयोग को 9 सितंबर तक इस निर्देश को लागू करने का निर्देश दिया था।

2 हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह वोटर सूची में नाम जुड़वाते समय दिए गए आधार नंबर की प्रामाणिकता की जांच कर सकता है।

## तेलंगाना में 'एमएलए चोरी' पर घिरे राहुल गांधी : केटी रामाराव

**एजेंसी। तेलंगाना**



भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला और उन पर तेलंगाना में बीआरएस से कांग्रेस में आने की लहर पर षड्यंत्रकारी चुप्पी बनाए रखने का आरोप लगाया। राव ने कहा कि गांधी, जो राष्ट्रीय स्तर पर अक्सर वोट चोरी के खिलाफ बोलते हैं, राज्य में निर्लज्ज विधायक चोरी पर कोई रुख अपनाने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इस अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक प्रथा पर शर्म आनी चाहिए। यह उस तथाकथित वोट चोरी से भी बदतर अपराध है जिसकी वह लगातार बात करते रहते हैं। बीआरएस नेता ने मांग की कि राहुल गांधी उन विधायकों के बयानों पर प्रतिक्रिया दें जो पाला बदलने के बावजूद अब सार्वजनिक रूप से कांग्रेस में शामिल होने से इनकार कर रहे हैं। राव ने कहा कि इस बेशर्म चोरी में कांग्रेस पार्टी की भूमिका उसके दोहरे मानदंडों को साबित करती है। राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रसारित तस्वीरों की ओर इशारा किया, जिनमें कई दलबदलू दिल्ली में पार्टी का दुपट्टा ओढ़े राहुल गांधी के साथ पोज़ देते दिख रहे हैं। उन्होंने पूछा कि आपने उन्हें कांग्रेस का दुपट्टा ओढ़ाया और अब कह रहे हैं कि वे कभी शामिल ही नहीं हुए? क्या आप अब भी इस इनकार पर कायम हैं? अगर यह विधायक चोरी नहीं है, तो और क्या है? यह वोट चोरी से कम गंभीर कैसे है? क्या आपको इस तरह के राजनीतिक पाखंड में अपनी संलिप्तता पर शर्म नहीं आती?

## दिल्ली पुलिस ने 70 लाख रुपये की कोकीन के साथ दो अफ्रीकी नागरीक गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने दो अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर कोकीन आपूर्तिनेटवर्क संचालित कर रहे थे। आरोपी सोशल मीडिया के जरिये खरीदारों से संपर्क करते थे और मादक पदार्थों के लेन-देन को छिपाने के लिए खुदरा दुकानों के जरिये यूपीआई से जुड़े खातों का इस्तेमाल करते थे अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान नाइजीरियाई नागरिक बेंजामिन इजुचुकवु (43) और आइवरी कोस्ट निवासी कूलिबली मरियम (29) के रूप में हुई है। पुलिस आयुक्त (डीसीपी) ने कहा, ''आरोपियों ने खरीदारों से संवाद करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया और यूपीआई से जुड़े खातों के जरिये मादक पदार्थों की रकम भेजी गई। पैसे के लेन-देन को छिपाने के लिए भुगतान खुदरा दुकानों के माध्यम से किया जाता था, जहां से बाद में इजुचुकवु नकदी एकत्र करता था। मरियम आमतौर पर आपूर्ति का काम संभालती थी, जबकि इजुचुकवु ऑर्डर और भुगतान का समन्वय करता था।' अधिकारी ने बताया कि 10 सितंबर को छतरपुर में एक किराए के मकान पर छापा मारा गया, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया और कोकीन, वजन तौलने वाली एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन और पैकेजिंग सामग्री जब्त की गई। पूछताछ के दौरान, इजुचुकवु ने खुलासा किया कि वह 2018 से भारत में रह रहा था और 2021 में जोसेफ नाम के एक अन्य विदेशी नागरिक से कोकीन खरीदना शुरू किया। पुलिस ने कहा कि उसने 8,000 रुपये प्रति ग्राम की दर से मादक पदार्थ खरीदा और मरियम की मदद से छतरपुर और आसपास के इलाकों में इसे 10,000 रुपये प्रति ग्राम के हिसाब से बेचा।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप कारोबार में नया पन लाने का प्रयास करेंगे, जिसमें आपको बहुत लाभ होगा। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है, जिससे आपकी आय इजाफा होगा। इस राशि के छात्र आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिये बड़े शहर जा सकते हैं।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे, जो आपके तरक्की का मार्ग प्रशस्त करेंगे। आज ऑफिस में आपको प्रमोशन मिलने की ख़ुशी में घर पर पार्टी होगी। आज आप अधिक सोचने से बचें और अपने काम पर ध्यान दें। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने में सफल रहेंगें, सभी आपकी तारीफ करेंगे और दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र की बढ़ोत्तरी होगी। आज आपके काम की तारीफ होगी और आपको किसी बड़ी कम्पनी से ऑफर मिल सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियाँ देंगे। आज का दिन आपके लिए लाभदायक बना रहेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहने वाला है। आज आप किसी कोर्स को करने के लिए किसी शिक्षक की सलाह ले सकते हैं, जिससे आपका कंफ्यूज़न दूर होगा। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा और आपको कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मज़बूती आयेगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आप जरुरी कार्यों को पहले निपटाने की कोशिश करें। आज आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है और उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। दांपत्य जीवन का रिश्ता पहले से मजबूत बनेगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज मल्टीनेशनल कम्पनी में कार्यरत व्यक्तियों की आय में इजाफा होगा और किसी बड़े पद की प्राप्ति होगी। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी, परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनायेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहने वाला है। आज आप अपने कार्यों को समय पर पूरा कर लेंगे और आपके मनोबल में वृद्धि होगी। आज कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी तथा व्यापार की शिथिलता से आपको राहत मिलेगी। आज आपकी सेल्स में बढ़ोतरी होगी और नए क्लाइंट से जुड़ने का मौका मिलेगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप अपनी योजनाओं को सफल बनाने का प्रयास करेंगे, जिसमें सहकर्मी आपका पूरा साथ देंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ बच्चों के भविष्य को लेकर कुछ बात कर सकते हैं। आज आपको घर के बडों का आशीर्वाद मिलेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक उर्जा से भरा रहेगा। आज आप अपने ऑफिस को दूसरी जगह शिफ्ट करने का मन बना सकते हैं, लेकिन उससे पहले आप जगह का परीक्षण कर लें। आज आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आज आप किसी भी काम में जल्दबाजी करने से बचें।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिये शानदार रहने वाला है। आज आपको रोजगार में बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे, जिनके माध्यम से आप तरक्की करेंगे। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है, लेकिन आप इसे बखूबी निभायेंगे। आज बडों की बात ध्यान से सुनें और उस पर अम्ल करने का प्रयास करें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज ऑफिस में कर्मचारी मन लगाकर काम करेंगे, लेकिन बॉस होने के नाते आपको सबके प्रति स्नेह पूर्वक व्यवहार करना चाहिए। आज आप समझदारी से बातों को समझेंगे और उसी अनुरूप अपने काम को आगे बढ़ाएंगे।

## राजग 2029 में भी केंद्र की सत्ता में आएगा : एन चंद्रबाबू नायडू

**एजेंसी। आंध्र प्रदेश**



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार 2029 में लगातार चौथी बार सत्ता में लौटेगी। एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले 11 सालों से जीत रहे हैं, तीसरा चुनाव खत्म हो गया। चौथा चुनाव भी, लिख लीजिए, फिर से राजग ही सत्ता में लौटेगा। इसमें कोई शक नहीं है। इस देश के भविष्य के लिए राजग का आना जरूरी है।'' उन्होंने 11 सालों में भारत को 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मोदी की तारीफ की। नायडू ने कहा कि अमरावती में शुरू किए गए सभी कार्य अगले तीन वर्षों में पूरे हो जाएंगे, जिनमें 50,000 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ग्रीनफील्ड राजधानी (अमरावती) का बुनियादी ढांचा 2028 तक तैयार हो जाएगा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमरावती का उद्घाटन करेंगे और इसे देश को समर्पित करेंगे।

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के पर 28 पर एफआईआर

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के शाहपुर गोवर्धनपुर गांव में प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण करने के लिए 28 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना सेक्टर 126 के प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र बालियान ने बताया कि शुक्रवार रातको नोएडा प्राधिकरण के 'वर्क सर्किल नौ' के अवर अभियंता हरेंद्र मलिक ने शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि शाहपुर गोवर्धनपुर खादर गांव में प्राधिकरण की जमीन पर कुछ लोग लगातार अवैध निर्माण कर रहे हैं।

**भ्रष्टाचार** | जंगलराज पर नड्डा ने आरजेडी को घेरा, तेजस्वी से पूछा-

# लालू के बयानों पर कब माफी मांगेंगा राजक ?

- लालू यादव के पुराने बयानों को किया उजागर (रोड-विरोध पलायनवाद महिमामंडन)

**एजेंसी। पटना**



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज बिहार दौरे पर हैं। बिहार में एक कार्यक्रम के दौरान नड्डा ने कहा कि बिहार के बारे में चर्चा करें तो दो तस्वीर सामने आती है,- एक अंधकारमय बिहार और दूसरा उजाले की ओर बढ़ता बिहार। पहले वोटबैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति होती थी, हर काम में भ्रष्टाचार होता था, हत्या-अपहरण आम बात हो गई थी। आज एनडीए सरकार में बिहार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश जी नेतृत्व में बिहार कई बड़े बदलाव हुए हैं। मुझे खुशी है कि महिला सशक्तिकरण में बिहार ने अपने आप को साबित किया है जेपी नड्डा ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि इंडी एलायंस के नेता सिर्फ सत्ता के भूखे हैं, यही इनका विजन और मिशन है। उन्हें सिर्फ अपने स्वार्थ से मतलब है, बिहार या भारत की जनता से कोई मतलब नहीं। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर लालू यादव कहते थे- रोड बना देंगे तो पुलिस जल्दी पहुंच जाएगी और जानवरों के खुर खराब हो जाएंगे। पलायनवाद पर लालू महिमामंडन करते थे- बिहार का लोग गमछा पहनकर जाता है, सूट पहनकर लौटता है। आज तक राजद ने माफी नहीं मांगी ! भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस और बाकी विपक्ष ने राजनीति को निम्नतम स्तर पर पहुंचा दिया है। पहले इनके मंच से मोदी जी की माता जी को गालियां दी गई और कल कांग्रेस का जो वीडियो आया है वो इस बात का प्रमाण है कि उनकी सोच कितनी गंदी है। उन्होंने कहा कि ये लोग किस तरह राजनीति को गिरा रहे हैं। बिहार की धरती इसका गवाह है। जागृत बिहार की जनता सही समय आने पर इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि 2003 के बिहार में पटना में डर का माहौल था...उस समय एमएलए को दिनदहाड़े मारा गया और मारने वाला लालू प्रसाद का नजदीकी था।

### अब तेजस्वी यादव निकालेंगे बिहार अधिकार यात्रा



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक नए जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करने वाले हैं। उनकी बिहार अधिकार यात्रा 16 सितंबर को जहानाबाद से शुरू होकर 20 सितंबर को वैशाली में समाप्त होगी, जो पाँच दिनों में 10 जिलों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा के दौरान, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले कई निर्वाचन क्षेत्रों में जनसंवाद के माध्यम से मतदाताओं से जुड़ेंगे। राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, संबंधित जिलों के पार्टी सांसदों, विधायकों, जिला अध्यक्षों और नेताओं को इस अभियान में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। नियोजित मार्ग तेजस्वी को जहानाबाद से नालंदा, पटना, बेगुसराय, खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल और समस्तीपुर होते हुए वैशाली तक ले जाएगा। यह पहल पिछले महीने हुई मतदाता अधिकार यात्रा के बाद की गई है, जिसमें यादव कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मतदाता सूची संशोधन से जुड़े मुद्दों पर प्रचार करने के लिए शामिल हुए थे। यह 15 दिवसीय यात्रा 17 अगस्त को सासाराम से शुरू हुई और 1 सितंबर को पटना में समाप्त हुई, जिसमें 20 जिलों में 1,300 किलोमीटर की यात्रा की गई।

## न्यूज बॉक्स

### इमरान खान का आरोप, परिवार की महिलाओं को निशाना बना रहे जनरल आसिम मुनीर



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया है कि सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर उनके परिवार की महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की कानूनी टीम ने संयुक्त राष्ट्र के स्पेशल रैपोर्टेयर ऑन टॉर्चर डॉ. ऐलिस जे. एडवर्ड्स से अपील की है कि इस दंपति के साथ हो रहे कथित दुर्व्यवहार को रोका जाए। पीटीआई नेता सैयद जुल्फीकार ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की ओर से संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक, डॉ. एलिस जे. एडवर्ड्स के समक्ष दो औपचारिक अपील दायर की गईं। इमरान खान के बेटों, सुलेमान और कासिम खान ने अपने पिता के लिए अपील दायर की है, जबकि मरियम वट्टू ने अपनी बहन बुशरा बीबी के लिए अपील भेजी की है।"उन्होंने लिखा, "हम इमरान खान और बुशरा बीबी की मनमानी गिरफ्तारी और अमानवीय व्यवहार के खिलाफ हर मंच पर आवाज उठाना कभी बंद नहीं करेंगे।

### होटल ताज में रखी हैं 16 आईईडी बम की धमकी निकली अफवाह



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित होटल ताज पैलेस को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे होटल में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और होटल की जांच पड़ताल की, लेकिन कहीं से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। चाणक्यपुरी के ताज पैलेस होटल को बम की धमकी भरा ईमेल आया। ईमेल में लिखा गया था कि होटल ताज पैलेस में 16 बम रखे गए हैं। होटल में कई वीवीआईपी लोग रुके हुए हैं, इसलिए होटल को 11 बजे तक खाली करा लो। एक दिन पहले भी ऐसा ही मेल आया था। शुक्रवार को जिस आईडी से दिल्ली एवं बॉम्बे हाई कोर्ट को धमकी भरा ईमेल आया था, उसी आईडी से शनिवार को भी धमकी भरा ईमेल आया है। रात 2 बजे मेल आया। शनिवार को आए ईमेल में लिखा है कि दिल्ली के ताज पैलेस में दोपहर में विस्फोट के लिए 16 आरडीएक्स आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) लगाई गई हैं। वीवीआईपी की मौजूदगी की पुष्टि हो गई है। कृपया सुबह 11 बजे तक सभी अन्य निर्दोष मेहमानों को बाहर निकाल दें।धमकी की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पैलेस के कोने-कोने में छानबीन की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद होटल और पुलिस ने राहत की सांस ली। इस मामले में पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है।

### दक्षिण कोरिया : सूखा प्रभावित कंगनंग जलाशय लबालब, 52 दिनों में पहली बार बढ़ा जलस्तर



**सोल (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया के सूखाग्रस्त कंगनंग के मुख्य जलाशय में जल भंडारण दर शनिवार को रात भर हुई भारी बारिश के बाद 52 दिनों में पहली बार बढ़ गई। मौसम अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्षेत्रीय मौसम एजेंसी के अनुसार, सोल से लगभग 210 किलोमीटर पूर्व में स्थित कंगनंग को 87 प्रतिशत आवासीय जल आपूर्ति करने वाले ओबोंग जलाशय में जल संग्रहण दर सुबह 10 बजे 12.1 प्रतिशत थी, जो पिछले दिन की तुलना में 0.6 प्रतिशत अंक अधिक है। अधिकारियों ने बताया कि 23 जुलाई के बाद से यह पहली वृद्धि है, हालांकि सूखा अभी खत्म नहीं हुआ है।

## नेपाल में सुशीला कार्की के पीएम बनने के बाद दिखा 'नया सवेरा'

# युवाओं को उम्मीद, देश करेगा विकास

- विश्वास जताया, अब देश से भ्रष्टाचार पूरी तरह से होगा समाप्त

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**

जेन-जी के व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल में अंतरिम सरकार का गठन हो गया है। सुशीला कार्की को प्रधानमंत्री पद की कमान सौंप दी गई है। हिंसक विरोध प्रदर्शन से उबरने के बाद देश की जनता को नई प्रधानमंत्री से बहुत उम्मीदें हैं। इसी को लेकर नेपाल के कई युवाओं ने समाचार एजेंसी से बातचीत में अपने विचार साझा किए। उन्होंने विश्वास जताया कि अब देश से भ्रष्टाचार पूरी तरह से समाप्त होगा। निश्चित तौर पर सुशीला कार्की प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने की दिशा में सक्रिय रहेंगी।



**सुशीला के नेतृत्व में देश के विकास को नई गति मिलेगी**



एक अन्य युवा ने सुशीला कार्की की तारीफ की और उन्हें देश के लिए अच्छा नेता बताया। उन्होंने कहा कि सुशीला कार्की के नेतृत्व में देश के विकास को नई गति मिलेगी। निश्चित तौर पर वह हमारे देश के लिए बेहतर साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर नेपाल में विकास की कई संभावनाएं हैं, लेकिन यह अफसोस की बात है कि देश के युवा नशे और नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इसी वजह से आज की तारीख में देश की यह स्थिति बनी हुई है। अगर नेपाल के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं होते, तो आज नेपाल की ऐसी स्थिति नहीं होती।

दिपेंद्र थामा ने सुशीला कार्की को मौजूदा समय में नेपाल के लिए बहुत बड़ी उम्मीद करार दिया। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि सुशीला कार्की अन्य भ्रष्ट नेताओं से अलग और कई मामलों में बेहतर हैं। हमें उम्मीद है कि वह आगामी दिनों में देश को आगे बढ़ाने की दिशा में संकल्पित होकर काम करेंगी। इसके अलावा, हम सभी युवा अब नेपाल को आगे बढ़ाने की दिशा में पूरी मेहनत कर रहे हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस दिशा में हम लोगों को किसी भी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़े। हम लोग दोबारा से नेपाल को विकास के पथ पर अग्रसर करने का काम करेंगे, हमें पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, निसंदेह इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि इस विरोध प्रदर्शन की वजह से नेपाल के विकास की गति धीमी हो गई है। स्थिति अव्यवस्थित हो चुकी है, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि अगर हम सभी युवा एक साथ आ जाएं, तो हम लोग दोबारा से अपने राष्ट्र को खड़ा कर सकेंगे।

## 'रीको' एक्ट के तहत कार्रवाई का संकेत

# ट्रंप ने जॉर्ज सोरोस पर लगाया 'दंगों की फंडिंग' का आरोप

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



- अमेरिकी कारोबारी के एनजीओ 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' ने किया इनकार

**क्या है 'रीको' एक्ट**

रीको अधिनियम के तहत आरोप आमतौर पर संगठित आपराधिक गतिविधियों, जैसे अवैध सट्टेबाजी और ऋण वसूली के लिए लगाए जाते हैं। आरोप सिद्ध होने पर जेल की सजा हो सकती है या फिर भारी जुमार्ना लगाया जा सकता है।

डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस की गतिविधियों को संदेहास्पद माना है। दावा किया है कि यूएस में हो रहे विरोध प्रदर्शन को वे फंड मुहैया कराते हैं। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन पर 'रीको' यानी 'रैकेटियर इंफ्लुएंस्ड एंड करप्ट ऑर्गेनाइजेशंस' एक्ट के तहत कार्रवाई का संकेत दिया है। सोरोस के एनजीओ 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि उनका प्रशासन जॉर्ज सोरोस या उनके परिवार के खिलाफ धोखाधड़ी की जांच कर सकता है, और उन्होंने 'डेमोक्रेटिक मेगाडोनर' पर विरोध प्रदर्शनों को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया।

शुक्रवार को फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा, और हम सोरोस की जांच करेंगे, क्योंकि मुझे लगता है कि यह उनके और अन्य लोगों के खिलाफ रीको का मामला है, यह सिर्फ विरोध प्रदर्शन नहीं है, बल्कि उससे बढ़कर है। पिछले महीने ट्रुथ सोशल पोस्ट में ट्रंप ने इसी तरह की बात कही थी। उन्होंने सोरोस और उनके बेटे को चेतावनी देते हुए कहा था कि सरकार 'आप पर नजर रख रही है।' इतना ही नहीं, उन्होंने पिता-पुत्र की जोड़ी को 'साइकोपैथ का गुट' नाम दिया था।

ट्रंप वाशिंगटन डीसी के एक रेस्त्रां गए थे, जहां उनके विरोध में प्रदर्शन किया गया। ट्रंप का दावा है कि डेमोक्रेटिक पार्टी के बड़े डोनर (दानदाता) सोरोस ने इस कार्रवाई के लिए धन मुहैया कराया होगा। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोरोस ने वर्ष 2020 से अब तक डेमोक्रेट्स को करोड़ों डॉलर का दान दिया है। वर्ष 2025 में ही वे 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' से नवाजे गए थे। दूसरी ओर, सोरोस के एनजीओ 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' ने इन आरोपों को खारिज किया है। इससे पहले भी उसने अगस्त में कहा था, हम लोगों को विरोध प्रदर्शन करने के लिए पैसे नहीं देते, न ही प्रदर्शनकारियों को सीधे तौर पर प्रशिक्षित या इकट्ठा करते हैं।

### रूस के कामचटका में 7.4 तीव्रता का भूकंप




**मास्को (आईएएनएस)।** रूस के कामचटका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास शनिवार को 7.4 तीव्रता का भीषण भूकंप आया, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप रूसी शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 111 किलोमीटर (69 मील) पूर्व में कामचटका क्षेत्र के प्रशासनिक केंद्र में, 39.5 किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप के बाद, कामचटका क्षेत्र के स्थानीय अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी जारी की। कामचटका क्षेत्र के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि समुद्र तट और सुनामी के खतरे वाले अन्य क्षेत्रों में जाते समय विशेष रूप से सावधान रहें। गवर्नर ने लोगों से शांति बनाए रखने और आधिकारिक स्रोतों से मिलने वाली जानकारी पर नजर रखने की सलाह दी। इस बीच, जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के हवाले से जापानी मीडिया आउटलेट एनएचके वर्ल्ड ने बताया कि कामचटका में भूकंप से जापान के तट पर मामूली ज्वारीय उतार-चढ़ाव हो सकता है।

## शहीद शुभम द्विवेदी की पत्नी ने की अपील

# 'भारत-पाक मैच का बायकॉट कीजिए, टीवी मत ऑन करिए'




- 'पाकिस्तान मैच से होने वाली कमाई का इस्तेमाल सिर्फ आतंकवाद के लिए करेगा'
- 'मैं स्पॉसर व ब्रॉडकास्टर्स से पूछना चाहती हूं कि क्या उन 26 परिवारों की राष्ट्रीयता खत्म हो गई है?'
- 'पाकिस्तान आतंकवादी देश है, आप उन्हें कमाई देंगे व उन्हें हम पर फिर से हमला करने के लिए तैयार करेंगे'
- 'पाकिस्तान के साथ कोई भी संबंध नहीं होना चाहिए'- शुभम के पिता

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिवार ने भारत व पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच का विरोध किया है। शुभम की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी, उनके पिता संजय द्विवेदी और पूरा परिवार बीसीसीआई के इस फैसले (भारत व पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच )से बहुत नाराज है। इस बारे में ऐशान्या ने कहा, "मैं इसे समझ नहीं पा रही हूं। मैं लोगों से इसका बहिष्कार करने का आग्रह करती हूं। इसे देखने न जाएं और इसके लिए अपना टीवी भी न चलाएं।" उसने कहा, "बीसीसीआई को भारत व पाकिस्तान के बीच मैच स्वीकार नहीं करना चाहिए था। बीसीसीआई के इमोशन उन 26 परिवारों के लिए नहीं हैं। इन सब की शहादत आपके लिए कोई भी वैल्यू नहीं रखती है।" भारतीय क्रिकेट टीम पर सवाल उठाते हुए उन्होंने दावा किया कि कुछ क्रिकेटरों को छोड़कर, कोई भी खिलाड़ी भारत व पाकिस्तान के बीच मैच का बहिष्कार करने के लिए आगे नहीं आया।" ऐशान्या ने कहा, "हमारे क्रिकेटर क्या कर रहे हैं? कहा जाता है कि क्रिकेटर राष्ट्रवादी होते हैं। इसे हमारा राष्ट्रीय खेल माना जाता है। एक-दो क्रिकेटरों को छोड़कर, किसी ने आगे आकर यह नहीं कहा कि हमें पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करना चाहिए। बीसीसीआई उन्हें बंदूक की नोक पर खेलने पर मजबूर नहीं कर सकता। उन्हें अपने देश के लिए स्टैंड लेना चाहिए। लेकिन वे ऐसा नहीं कर रहे हैं।" मैच से होने वाली कमाई पाकिस्तान जाने पर चिंता जाहिर करते हुए पहलगाम हमले के पीड़ित की पत्नी ऐशान्या ने कहा, "मैं स्पॉसर व ब्रॉडकास्टर्स से पूछना चाहती हूं कि क्या उन 26 परिवारों की नेशनेलिटी खत्म हो गई है? मैच से होने वाली कमाई का इस्तेमाल किस लिए किया जाएगा? पाकिस्तान इसका इस्तेमाल सिर्फ आतंकवाद के लिए करेगा। वह एक आतंकवादी देश है। आप उन्हें कमाई देंगे और उन्हें हम पर फिर से हमला करने के लिए तैयार करेंगे।" वहीं, शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी का कहना है - "22 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान ने हमारे देश के 26 निर्दोष लोगों को मरवा दिया। भारत सरकार ने कहा था कि वह पाकिस्तान के साथ कोई संबंध नहीं रखेगी और खून व पानी एक साथ नहीं बह सकते। जिस दिन से मुझे (भारत बनाम पाकिस्तान मैच के बारे में) पता चला, सिर्फ मैं ही नहीं बल्कि पूरा देश इसका विरोध कर रहा है और कह रहा है कि पाकिस्तान के साथ कोई संबंध, राजनीतिक या खेल के मैदान में नहीं होना चाहिए। मैं इसका विरोध करता हूं और सरकार से जन भावना को ध्यान में रखते हुए इस मामले में कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं।"

## पाकिस्तान : केपी में टीटीपी का हमला

# मारे गए पाक आर्मी के 12 सैनिक जवाबी कार्रवाई में मार गिराए 35

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



खैबर पख्तूनख्वा में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमले में पाकिस्तानी सेना के 12 जवान मारे गए। पाक सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने इसकी जानकारी दी। शनिवार को केपी के दक्षिणी वजीरिस्तान और ख्वारिज में भीषण गोलीबारी हुई जिसमें टीटीपी के कुल 35 आतंकी और पाक सेना के 12 जवान मारे गए। सुबह करीब 4 बजे दक्षिण वजीरिस्तान से गुजर रहे सेना के काफिले पर घात लगा कर दोनों ओर से भारी हथियारों से हमला किया। इस हमले में 12 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। प्रेस विज्ञप्ति में दावा किया गया है कि मारे गए टीटीपी आतंकी 10 से 13 सितंबर के बीच दो अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए। ख्वारिज में 22 और वजीरिस्तान में 13 आतंकी मिलाकर कुल 35 टीटीपी आतंकियों को मार गिराया गया। पाकिस्तानी आर्मी ने इस विज्ञप्ति में अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार को संबोधित करते हुए कहा है कि हम उम्मीद करते हैं कि वो अपनी जमीन से ऐसे किसी हमले को प्रोत्साहित नहीं करेगी। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लिए पाकिस्तान- 'फितना अल ख्वारिज' शब्द का इस्तेमाल करता है। पाकिस्तान लंबे समय से यह कहता रहा है कि उसे अफगानिस्तान के कुछ ' समूहों' से खतरा है। जिनमें टीटीपी और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का नाम भी शामिल है। हाल के वर्षों में अधिकांश हमलों की जिम्मेदारी पाकिस्तानी तालिबान, जिसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान या टीटीपी के नाम से भी जाना जाता है, ने ली है। यह समूह अफगान तालिबान से अलग है, लेकिन कथित तौर पर उनके साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। वहीं, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने सोशल मीडिया के जरिए हमले की जिम्मेदारी ली।

# 'राइज एंड फॉल' में पवन सिंह ने किया 'राजाजी के दिलवा' पर धमाकेदार डांस, आकृति ने दिया साथ




इन दिनों ओटीटी पर रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' की चर्चा जोरों पर है। जहां एक ओर इस शो में टास्क, इमोशंस और कंटेस्टेंट्स की कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है, वहीं दूसरी ओर भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह की मौजूदगी शो की टीआरपी बटोर रही है। वह रियलिटी शो में बतौर कंटेस्टेंट शामिल हैं। शनिवार को मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर इस शो का एक नया प्रोमो जारी किया, जिसने इंटरनेट पर उनके फैंस का ध्यान खींचा। इस प्रोमो में पवन सिंह अपने खास अंदाज में डांस करते नजर आ रहे हैं। वह अपने हिट भोजपुरी गाने 'तोहरा राजा जी के दिलवा टूट जाई' पर ठुमके लगाते दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो में जैसे ही यह गाना बजता है, पवन सिंह मंच पर आते हैं और अपनी जबरदस्त एनर्जी और देसी स्टाइल में नाचने लगते हैं। उनके साथ आकृति नेगी भी ताल मिलाते हुए डांस करती हुई दिखाई दे रही हैं।

'तोहरा राजा जी के दिलवा टूट जाई' गाने को पवन सिंह ने शिवानी सिंह के साथ गाया है। वहीं इसके बोल आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं और संगीत प्रियांशु सिंह ने तैयार किया है। 'राइज एंड फॉल' का यह प्रोमो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और पवन सिंह के फैंस इसे बार-बार देख रहे हैं।

इस प्रोमो के आगे होस्ट अशनीर ग्रोवर का गुस्सैल अंदाज देखने को मिलता है। वे सीधे-सीधे कंटेस्टेंट अरबाज पटेल पर भड़कते नजर आते हैं। अशनीर ने अरबाज को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कुछ लोग सिर्फ खंभे की तरह खड़े रहते हैं। ना काम के, ना काज के।

जब अरबाज ने कहा, "जो उखाड़ना है उखाड़ लो," तो अशनीर का पारा और चढ़ गया। वे साफतौर पर कहते हैं कि अगर कोई शो में बेवजह लड़ाई करेगा तो वे खुद बीच हफ्ते आकर उसे बाहर का रास्ता दिखा देंगे।

'राइज एंड फॉल' में कुल 16 कंटेस्टेंट हैं। इसमें टीवी और सोशल मीडिया से लेकर खेल और फिल्म जगत तक के लोग शामिल हैं।

पवन सिंह के अलावा अर्जुन बिजलानी, कीकू शारदा, अहाना कुमरा, धनश्री वर्मा, कुबेर सैत और अनाया बांगर जैसे नाम इस शो का हिस्सा हैं। यह शो एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होता है।



# न्यूज बॉक्स

## 11वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, इंडिया रीज़न कॉन्फ़्रेन्स में रबीद्रनाथ महतो ने लिया भाग



**रांची।** रबीद्रनाथ महतो 11वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, इंडिया रीज़न कॉन्फ्रेन्स में भाग लेने हेतु बेंगलुरू में हैं। उन्होंने सम्मेलन में विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चा की तथा जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किए। 11-13 सितंबर तक आयोजित 11 वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ,इंडिया रीज़न कॉन्फ़्रेन्स,राष्ट्रमंडल संसदीय संघ कर्नाटक शाखा द्वारा बेंगलुरु में आयोजित हुआ।

रांची प्रेस क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट शुरु

## पत्रकार खेलते भी हैं और खेलाते भी हैं : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर




**रांची।** आज यहां आकर पता चला कि पत्रकार खेलते भी हैं और खेलाते भी हैं। यह कहना था राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का। वे आज शनिवार को रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट-25 का उदघाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। ज्ञात हो कि सीसीएल के सहयोग से रांची प्रेस क्लब द्वारा गांधी नगर स्टेडियम में मीडिया कप फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन आज से किया गया है। टूर्नामेंट के पहले दिन आज शनिवार को दो लीग मैच खेले गये। पहला मैच ग्रुप ए की टीम राजमहल और झुमरा के बीच हुआ, जो एक-एक गोल की बराबरी से ड्रॉ रहा, जबकि दूसरा मैच बेतला और सरजू टीम के बीच हुई, जिसमें बेतला ने सरजू को एक जीरो से हराया। पहले मैच में मैन ऑफ मैच का अवार्ड रंजीत कुमार को मिला, जबकि दूसरे मैच में बेतला के खिलाड़ी नूतन तिर्की को मैन ऑफ द मैच बनाया गया। मुख्य अतिथि झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने खिलाड़ियों का हौसला बुलंद किया। उन्होंने बॉल को किक मारकर मैच का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि कलम के सिपाही, मैदान में भी अपना कौशलता दिखाने में पीछे नहीं रहते हैं। आज पत्रकार बंधुओं का मैच देख कर काफी मजा आ रहा है। उदघाटन समारोह में पूर्व डिप्टी मेयर व झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन अजय नाथ शाहदेव भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि खेल के प्रति पत्रकारों का जोश वाकई काबिल के तारिफ है। न उम्र की सीमा और न कोई बंधन। उन्मुक्त होकर सभी पत्रकार बंधुओं का खेलना देखकर अच्छा लग रहा है। सही मायने में ऐसा लगा कि ये सिर्फ कलम के सिपाही नहीं, वरन हर क्षेत्र में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराते हैं। उन्होंने प्रेस क्लब के आयोजन समिति की जमकर प्रशंसा की और कहा कि इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर आलोक, डॉ. राजश्री जयंती, वरिष्ठ संपादक अनुज सिन्हा, नित्यानंद शुक्ला, कुमार कौशलेंद्र, विनय कुमार, आनंद मोहन, शफीक अंसारी, साई के कोच सुनील कुमार, वरिष्ठ खेल पत्रकार प्रभाष चंद्र झा, वरिष्ठ पत्रकार दिवाकर, अडानी ग्रुप के कम्युनिकेशन हेड संजीव शेखर, प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकान्त, आयोजन समिति के कन्वेनर रतन लाल, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, राजू प्रसाद, आलोक कुमार, आरजे अरविंद, संजय सुमन, सौरभ शुक्ला, विजय मिश्र, मोनू कुमार, ललन पांडेय, जावेद, संतोष मृदुला प्रमुख रुप से मौजूद थे।

## झामुमो केंद्रीय कार्यालय में रांची जिला संयोजक मंडली की बैठक संपन्न



झामुमो केंद्रीय कार्यालय में रांची जिला संयोजक मंडली की बैठक पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक मे सांगठनिक समीक्षा करते हुए पार्टी के सुदृढ़ीकरण हेतु विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही रांची जिला के जिन प्रखंडों एवं पंचायतों का गठन नहीं हुआ है, दुर्गा पूजा से पहले उनका गठन करते हुए विवरणी पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष को सौंपने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस बैठक मे रांची जिला संयोजक मंडली प्रमुख मुस्ताक आलम, केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, जयवंत तिग्गा, बीरू तिर्की, धर्मेंद्र सिंह, नयनतारा उरांव, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा एवं झब्बूलाल महतो शामिल हुए।

## हम सब मिलकर माता-रानी के आगमन की खुशियों को बाटे : साधना



**रांची।** स्टोरी लाइन इंडिया और आर्टिस्टिक एलायंस के द्वारा दो सो से अधिक लोगों के साथ कई गणमान्य अतिथि के बीच रांची के सीसीएल क्लब, गांधीनगर में , नवरात्रि के आगमन से पहले ही माता दुर्गा के स्वागत में ,डांडिया प्रोग्राम का आयोजन बारे धूम धाम से किया। जहां संयोजक साधना झा और सपना चटर्जी ने बताया कि चीफ गेस्ट के रूप में सोनाली भट्टाचार्य, वीवीआईपी गेस्ट के रूप में वसीम आलम व मेघा श्रीवास्तव साथ में वीआईपी गेस्ट में मुख्यरूप से बंदना उपाध्याय, सबीर हुसैन, रिद्धिमा, अव्यंश, अवधेश ठाकुर , डॉ अटल पांडे, आशुतोष द्विवेद्वी, डेजी सिन्हा, नर्मता सोनी,मारिया ,ज्योति, दुर्गा ,सोनल, नूरसत, रीना गुप्ता,नविता लाल, शिव किशोर शर्मा, प्रेमशंकर मिश्रा, रमेश प्रसाद व अन्य मौजूद थे। 13 सितंबर को डांडिया प्रोग्राम का आयोजन में जिस तरह से सभी वर्ग के महिला पुरुष, बच्चे ने हिस्सा ले कर धूम धाम से शिरकत किया , निश्चय ही माता-रानी का आगमन की उल्हास दिख गया। दुर्गा पूजा की धूम अभी से ही महिलाओं , पुरुषों के बीच डांडिया डांस के रूप में देख कर , लगा कि उत्साह दोगुना हो जाता है। अन्य भी कई तरह के भाव को संजोते हुए राजधानी रांची में इस बार एक खास आयोजन हुआ है। स्टोरी लाइन इंडिया और आर्टिस्टिक एलायंस के संयुक्त तत्वावधान मे डांडिया डांस का आयोजन किया गया।

# जेपीएससी अभ्यर्थियों के लिए हो 'प्रतिभा सेतु' का निर्माण : आजसू

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आजसू के महासचिव संजय मेहता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने 'प्रतिभा सेतु' का निर्माण करने का सुझाव दिया है। पत्र में उन्होंने लिखा है की आपका ध्यान एक अति महत्वपूर्व विषय की ओर केंद्रित करवाना चाहता हूं। यह विषय जेपीएससी की परीक्षाओं से संबंधित है। साथ ही, आपसे आग्रह के साथ एक सुझाव देना चाहता हूं। उन्होंने इस महत्वपूर्ण सुझाव पर तत्काल पहल करने का अनुरोध किया है। पत्र में उन्होंने सुझाव देते हुए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा शुरू की गई 'प्रतिभा सेतु' का उल्लेख किया है। यूपीएससी ने अपनी 'प्रतिभा सेतु' पहल को वर्ष 2018 में शुरू किया है, जिसे पहले पब्लिक डिस्क्लोजर स्कीम (पीडीएस) के नाम से जाना जाता था। यह एक डिजिटल मंच है जो उन अभ्यर्थियों की प्रोफाइल को सार्वजनिक करता है, जो यूपीएससी की कठिनतम परीक्षाओं के सभी चरणों में सफल रहे।

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

Email – dddopalamu@gmail.com

### –:पशुपालकों के लिए आम सूचना:–

वित्तीय वर्ष 2025–26 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के राज्यादेश संख्या– 17 रा0 (वि0), दिनांक– 26.08.2025 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत **मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना** के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृषकों/दुधारू मवेशी पालकों द्वारा संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहित विहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर जिला अन्तर्गत संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम**

**-: 02 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत/विधवा ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 90 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग / आपदा / आगलगी /सड़क दुर्घटना / परित्यकत/ विधवा ग्रामीण महिला के लिए | 25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग /आपदा/ आगलगी/ सड़क दुर्घटना/ परित्यकत/ विधवा ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 10 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा /आगलगी / सड़क दुर्घटना/ परित्यकत/ विधवा ग्रामीण महिला के लिए |
| प्रथम चरण (01 गाय/भैंस) | 1,35,050/- | 51,113/- | 61,335/- | 17,037/- | 6,815/- |
| द्वितीय चरण (01 गाय/भैंस) | | 50,175/- | 60,210/- | 16,725/- | 6,690/- |

**-: 05 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | बैंक ऋण/लाभुक अंषदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (03 गाय/भैंस) | 3,37,625/- | 1,52,869/- | 1,01,913/- | 50,956/- | 1,01,912/- |
| द्वितीय चरण (02 गाय/भैंस) | | 1,00,350/- | 66,900/- | 33,450/- | 66,900/- |

**-: 10 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | बैंक ऋण/लाभुक अंषदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (05 गाय/भैंस) | 6,75,250/- | 2,55,563/- | 1,70,375/- | 85,187/- | 1,70,375/- |
| द्वितीय चरण (05 गाय/भैंस) | | 2,50,875/- | 1,67,250/- | 83,625/- | 1,67,250/- |

**–: पशुआहार एवं चारा विकास योजना :–**

| योजना का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंषदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति /जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 7,200/- | 6,000/- | 800/- | 2,000/- |
| विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 18,000/- | 15,000/- | 2,000/- | 5,000/- |

अहर्त्ता :– उपरोक्त वर्णित योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के सदस्यों के लिए हस्तचालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 05 दुधारू गाय तथा विद्युत चालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 10 दुधारू गाय के होने की अनिवार्यता होगी। पषुशेड सहित दुधारू गायों की Jio Tag फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है।

**–: प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :–**

| कार्यक्रम का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंषदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/ जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/ जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/ जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति / जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| मिल्कींग मशीन | 1,20,000/- | 1,08,000/- | 90,000/- | 12,000/- | 30,000/- |
| वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 22,500/- | 18,750/- | 2,500/- | 6,250/- |
| पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| काउ मैट (6.5'×4') | 5,200/- | 4,680/- | 3,900/- | 520/- | 1,300/- |
| डीप बोरिंग(Boring- 4" dia,depth upto 400 ft with PVC casing upto a depth of 40' or as per site. Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200' PVC pipe, cap & starter.) | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |

- **अहर्त्ता** :– उपरोक्त वर्णित योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के पास कम से कम 05 (पाँच) दुधारू गाय/भैंस के साथ–साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो एवं शेड सहित गायों की Jio Tag फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य है।
- **अहर्ता/नियम व शर्ते–**
  - **विभागीय राज्यादेश संख्या– 17 रा0(वि0), दिनांक– 26.08.2025**
- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसित लाभुकों की सूची पर संबंधित प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुशंसा उपरान्त उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- वैसे लाभुक जिन्हें विगत 05 वर्षों में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना का लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमि धारक/पूर्व अथवा वर्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टास्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समूह 'घ' के कर्मी को छोड़कर) रू० 10000/- अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांकन वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर संस्थाओं से निबंधित पेशेवर यथा चिकित्सक, अभियन्ता, वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे।
- 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस की योजना अन्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर किया जायगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का लगातार तीन पाली दुहाई एवं पूर्ण संतुष्टि के उपरान्त गव्य विकास निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध पशुविक्रेता से दुधारू पशु क्रय किया जाएगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अन्तराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- दुधारू गायों का पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण के तहत किया जायेगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ सरकार द्वारा निर्धारित इकाई दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर, दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत अनुदान राशि का भुगतान लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लिए लाभुकों को हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित दर अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में से जो कम होगा, के आधार पर क्रय उपरांत लाभुकों का दावा विपत्र के आधार पर अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर कार्य उपरांत अनुदान की राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर दिया जायेगा।
- चारा काटने की मशीन, मिल्कींग मशीन, खोवा/पनीर मेकिंग यूनिट तथा काउ मैट आदि की विशिष्टियाँ/गुणवत्ता विभाग द्वारा निर्धारित की जायेगी।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।
- लाभुक अंशदान के मामले में (02/05/10 गाय/भैंस) के चयनित लाभुकों का Escrow Account/Dedicated Account संबंधित जिला गव्य विकास पदाधिकारी द्वारा खोला जायेगा एवं अनुदान राशि Escrow Account/Dedicated Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में 01 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से लाभुकों का चयन किया जायेगा।
- आवेदन पत्र के साथ स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/आपदा प्रभावित/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकता की घोषणा संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद का सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा कराना अनिवार्य है।
- प्रत्येक आवेदन के साथ पंचायत के **ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति के बैठक में ली गई प्रस्ताव एवं अनुशंसित सूची** की छाया प्रति संलग्न करना अतिआवश्यक है, जिसमें **मुखिया का हस्ताक्षर व मुहर** नितान्त आवश्यक है।
- अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- लाभुकों के लिए गव्य प्रक्षेत्र अन्तर्गत संस्थागत प्रशिक्षण यथा छः दिवसीय प्रशिक्षण/फारमर्श अवेयरनेस कार्यक्रम (APDF) में प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ लेने हेतु वांछित स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/विधवा/50 वर्ष से अधिक उम्र के निःसंतान दंपति की घोषणा का विकल्प होगा। संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद का सदस्य/ इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा की सत्यता की जाँच करते हुए आवेदन पत्र को सत्यापित किया जायेगा स्थानीयता के लिए Voter Id/ Aadhar Card के आवेदन पत्र के साथ लाभुक को जमा करना होगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चयनित प्रत्येक लाभुको का Escrow Account संबंधित DAHO/DDDO इत्यादि के द्वारा अनिवार्य रूप से खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account में एक माह के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरान्त ही लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अहर्ता प्राप्त पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account में जमा करना सुनिश्चित किया जायेगा। पशुधन इत्यादि के आपूर्ति के उपरान्त लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एकमुस्त आपूर्तिकर्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जायेगी।
- **नोट :–विशेष जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय एवं जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज, पलामू से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है एवं स्वंय आकर निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू

**PR 361839 District(25-26)#D**

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा 822114

email : principal.itigarhwa@gmail.com

Industrial Training Institute

**प्रथम एवं द्वितीय चरण के साक्षात्कार के उपरांत बचे हुए रिक्त सीटों पर Spot Round Admission हेतु सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना**

विभागीय सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, रांची के निर्देशानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगर ऊंटारी, गढ़वा में सत्र 2025–26–27 में प्रथम एवं द्वितीय चरण के साक्षात्कार के उपरांत बचे हुए रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु Spot Round Admission में उपलब्ध व्यवसायों में प्रवेश के निमित्त इच्छुक उम्मीदवारों से जिन्होंने Online Form भरा है परंतु अभी तक कहीं भी नामांकन नहीं लिया है वैसे अभ्यर्थी दिनांक 15 सितंबर से 30 सितंबर को शाम 5.00 बजे तक पहले आवो पहले पावो के आधार पर नामांकन किया जाएगा। जिन अभ्यार्थी को ITI में नामांकन लेना है उनको सभी वांछित दसतावेजों क) प्रवेशिका अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ख) कंडिका 7 में वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ग) आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र, (घ) जाति प्रमाण–पत्र की अद्यतन स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के लिये) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (छ) जिला सैनिक परिशद् द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण–पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (मूल प्रति एवं छायाप्रति) (ज) छः पासपोर्ट साइज का फोटो (झ) मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र लेकर आना अनिवार्य है।

| SL.No | Name of the ITI | Name of the Trade | Place of Admission | Contact no. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Govt. ITI, Garhwa | Fitter, Electrician, Information Technology, Electronics Mechanic, MMV, Turner, COPA, Mechanic Diesel & Welder | Govt. ITI, Garhwa | , 79923112 65620527 1405 |
| 2 | Govt. ITI , Nagar Untari | Fitter , Electrician, Mechanic Diesel, Welder | | |

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा

PR 361910 Labour Employment and Traning (25-26)_D

## समाहरणालय, चतरा
### (जिला खेल-सह-पर्यटन कार्यालय, चतरा)

sport.chatra@gmail.com

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–554/राँची, दिनांक–10.09.2025 द्वारा राज्य में विभागान्तर्गत संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, सेंटर ऑफ एक्सेलेन्स (एकलव्य केन्द्रों) एवं जे0एस0एस0पी0एस0 अन्तर्गत प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षुओं के चयन के लिए जिला स्तर से राज्य स्तर तक प्रतिभा चयन प्रतियोगिता, 2025–26 का आयोजन किया जाना है। उक्त प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु निर्धारित स्थल एवं तिथि की विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र०सं० | प्रतियोगिता का स्तर | ट्रायल का स्थान | दिनांक/समय | खेल विद्या का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता | जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा | 18–19 सितम्बर, 2025, पूर्वा0: 10:00 बजे से | फुटबॉल (बालक/बालिका), एथलेटिक्स (बालक/बालिका), बैडमिंटन (बालक/बालिका) कबड्डी (बालक/बालिका) वॉलीबॉल (बालक/बालिका) एवं कुश्ती (बालक/बालिका) |
| 2 | राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता | राँची | 24–25 सितम्बर, 2025 | सभी खेल |

उक्त प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु निर्धारित दिशा–निर्देश निम्नवत् है:–

1. आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0एस0एस0पी0एस0 के प्रशिक्षण केन्द्रों हेतु प्रशिक्षुओं के उम्र सीमा की गणना 01 अप्रैल, 2025 को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो की जायेगी (मान्य जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है)।
2. वैसे खिलाड़ी जिनकी आयु 14 वर्ष से अधिक है, लेकिन जिन्होने कम से कम राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हे आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जा सकेगा।
3. सेंटर ऑफ एक्सेलेन्स (एकलव्य केन्द्रों) प्रशिक्षण केन्द्र हेतु प्रशिक्षुओं के उम्र सीमा की गणना 01 अप्रैल, 2025 को 16 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 22 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो की जायेगी (मान्य जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है)।
4. खिलाड़ियों को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य होगा।
5. मेडिकल फिटनेस–खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में उपयुक्त पाया जाना चाहिए।
6. खिलाड़ी को माता/पिता/अभिभावक का सहमत्ति पत्र (Consent Letter) प्रस्तुत करना होगा।
7. चयन मानक (बैटरी टेस्ट एवं स्कील टेस्ट) के आधार पर परीक्षण परिणामों के आधार पर किया जायेगा।
8. उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय, चतरा का सम्पर्क सं0– 9691320098, 6207074324, 8083771175 से सम्पर्क कर सकते है।

**नोट** :– उक्त प्रतिभा चयन दो स्तर पर आयोजित किया जायेगा। प्रथम जिला स्तर पर आयोजन उपरांत चयनित बच्चों को पुनः राज्य स्तर पर आयोजन में समेकित बच्चों को भाग लेना होगा।

ह०/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, चतरा

PR 361835 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (25-26)_D

## कार्यालय :– कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू
### योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू – 822101

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड(कृषि प्रभाग)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सामयिक सूचना अंक – 08/2025–2026

प्रिय किसान बंधुओं सभी को जोहार/नमस्कार

इस वर्ष खरीफ मौसम में लगातार दो–ढाई महीनें से वर्षा हो रही है जिसके चलते धान का बिचड़ा रोपायी में आगे–पीछे हो गया है। किसान बन्धु अपने फसल के बढ़वार हेतु लगातार वर्षा के कारण असमय असंतुलित मात्रा में नाइट्रोजनी उर्वरक का भुरकाव किए है जिससे फसल का बढ़वार तो अच्छा हो गया है, लेकिन पौधे मुलायम एवं रसदार हो गये है। गब्भा बनने का समय आ गया है कुछ फसलों में तो गब्भा बन भी गये है। पौधा पौष्टिकता से भरपुर हो गया है अभी मौसम कुछ खुलने लगा है, वातावरण शुष्क और नम बन गयी है जिससे धान के फसलों में रस चूसने वाले कीड़े यथा भूरा तनामधुआ, दहिया, थ्रिप्स, उजली पीठवाला मधुआ इत्यादि के साथ शीथ ब्लाईट (पत्रावरण अंगमारी) जैसे रोग लगने की संभावना बढ़ गयी है।

अतः किसान भाई अपने–अपने फसलों की नियमित निगरानी करते रहें ताकि फसल में कीट–रोग का अधिक संक्रमन नही हो । उपरोक्त कीड़ो में भूरा तना मधुआ कीट एवं तथा शीथ ब्लाईट ब्याधि बहुत ही नुकसानदायक है जिससे फसल उत्पादन काफी प्रभावित होता है।

**भूरा तना मधुआ (Brown Plant Hopper)**

पहचान :– यह कीट भूरे रंग का 4–5 मि0मी0 लम्बा फुदकने वाला कीट होता है। जो फसल के नीचले हिस्से में जल स्तह से ऊपर रहता है। इसके निम्फ एवं व्यस्क दोनो फसलों का रस चूसते है जिससे फसल कमजोर हो जाता है। बढ़वार रूक जाता है, फसल पीला से भूरा होकर सूख जाता है। इस कीट की पहचान खेतो के मेड़ो पर या खेत में बैठकर नीचले हिस्से में कीड़ो को देखा जा सकता है।

कारण :– वातावरण मे शुष्क (उमस) एवं नमी का बना रहना। अधिक जल जमाव तथा असंतुलित मात्रा में नाइट्रोजनी उर्वरक का भूरकाव।

क्षति के लक्षण :– इस कीट के संक्रमण होने पर फसल जगह–जगह पर चकते में जला जैस दिखाता है। जिससे हॉपर बर्न भी कहा जाता है। खेत में जाने पर फसल परिपक्व होने के पूर्व ही फसल का नीचला हिस्सा पत्रावरण सूखा रहता है, जिससे मधुआ के व्यस्क एवं निम्फ द्वारा रस चूस लिया जाता है। कभी–कभी दहिया कीट के संक्रमण से भी ऐसा प्रतित होता है। यदि फसल के नजदीक जाने पर फसल में उजला चिपचिपा पदार्थ दिखाई दे तो यह दहिया का लक्षण होता है।

आर्थिक क्षति दर :– 5–10 कीट प्रति झुड़।

प्रबंधन :– जल निकासी का प्रबंधन संतुलित मात्रा में आवश्यकतानुसार नाइट्रोजनी उर्वरक का भूरकाव, खरपात मुक्त फसल, प्रकाश फंदा का उपयोग।

नियंत्रण :– क्वीनालफॉस 25% तरल का 02 मि0ली0/लीटर ( 800 मि0ली0 प्रति एकड़) या क्लोरपायरीफॉस 20% तरल का 2.5 मि0ली0/लीटर (1 लीटर/ एकड़) या इमिडाक्लोप्रिड 17.8% तरल का 40 मि0ली0 प्रति एकड़ घोल बनाकर छिड़काव करें।

**शीथ ब्लाईट (पत्रावरण अंगमारी रोग)**

पहचान :– यह एक फफूंद जनित रोग है शीथ ब्लाईट सर्वप्रथम पानी की सतह से पत्रावरण पर हरा भूरा या स्लेटी रंग का धब्बा बनता है। यह धब्बे 2–3 से0मी0 तक बढ़ जाते है और आपस मे मिल जाता है। कभी–कभी पत्तियां भी संक्रमित हो जाता है। बालियाँ निकलते समय ज्यादा प्रभारी होता है। बालियों को घेरे रहनेवाले आवरण भूरे बदामी रंग के धब्बे बन जाते है। इस बीमारी से प्रभावित क्षेत्रो में फफूंद के भूरे सरसों के बीज जैसे ढाँचे भी दिखाई पड़ता है।

नुकसान :– बालियाँ गब्भा के भीतर ही रह जाती है या अशंतः निकलती है जिससे पूरे दाने नही भरते जिससे उत्पादन प्रभावित होता है।

प्रबंधन :– नाइट्रोजनी उर्वरकों का अनुशंसित मात्रा ससमय भूरकाव करें।

नियंत्रण :– क्लोरोथैलोनिल (कवच) 75% धु0चूर्ण या कॉपर हाईड्रोक्साईड 35% में कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 02 ग्राम/लीटर या हेक्साकोनाजोल (शीथमार) 5% ई0सी0 का मि0ली0/लीटर घोल बनाकर पौधो में बालियाँ निकलते समय या रोग के लक्षण दिखने पर 15 दिनों के अन्तराल पर दो बार छिड़काव करें।

नोट :– कीटनाशी को छिड़काव साम में 05 बजे के पूर्व वर्षा की स्थिति नही रहने पर करें। साथ ही छिड़काव यंत्र का नोजल जड़ के तरफ होने पर ज्यादा असरकारक होता है।

विशेष परिस्थिति में नजदीक में कृषि पदाधिकारी, पलामू या कृषि विज्ञान केन्द्र चियाँकी डालटनगंज से संपर्क करें।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,
पलामू

**PR 361837 District(25-26)#D**



एशिया कप 2025

# रोमांचक होगा रविवार, फैंस को भारत के जीतने की उम्मीद



सूर्य कुमार यादव (कप्तान)



शुभमन गिल (उपकप्तान)



अभिषेक शर्मा

**एजेंसी। राजकोट**

एशिया कप 2025 में रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच भिड़ंत होगी, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। क्रिकेट फैंस इस मुकाबले को लेकर उत्साहित हैं। उनका मानना है कि टीम इंडिया इस हाई-वोल्टेज मैच को जीतने की प्रबल दावेदार है।

क्रिकेट प्रशंसक धर्मेंद्र ने आईएएनएस से कहा, "एशिया कप 2025 में भारत का पहला मुकाबला शानदार रहा था। हमें आशा है कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत बेहतरीन प्रदर्शन करेगा। उम्मीद है कि हमारे ओपनर्स इस मुकाबले में विस्फोटक बल्लेबाजी करेंगे। दोनों देशों के बीच लंबे समय बाद क्रिकेट मैच खेला जा रहा है। हमारे पास एक नई टीम है। शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा जैसे बल्लेबाजों से हमें खासा उम्मीदें हैं।"

**वंश केशवानी ने कहा,** "हम भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबले को लेकर काफी उत्साहित हैं। लंबे वक्त बाद दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला रविवार को छुट्टी के दिन होगा। ऐसे में पूरे दिन हमें मैच शुरू होने का इंतजार रहेगा। शुभमन गिल मेरे पसंदीदा बल्लेबाज हैं।"

**परिन मोटवानी ने कहा,** "भारत-पाकिस्तान की टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आमने-सामने हैं। मुकाबले को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। हमें इस युवा टीम से काफी उम्मीदें हैं। भारत का बॉलिंग अटैक शानदार है। खिलाड़ी फॉर्म में नजर आ रहे हैं।"

भारत ने यूएई के खिलाफ अपने एशिया कप अभियान की शानदार शुरुआत की। टीम ने पहला मुकाबला 9 विकेट से जीतकर ग्रुप-ए की प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

दूसरी ओर, पाकिस्तान की टीम ओमान के खिलाफ 93 रन से जीत दर्ज करते हुए प्वाइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर पहुंच गई। टीम इंडिया को टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में अब तक सिर्फ पाकिस्तान और श्रीलंका के हाथों ही शिकस्त झेलनी पड़ी है। भारत ग्रुप-ए का अपना अंतिम मुकाबला 19 सितंबर को ओमान से खेलेगा।

अगर भारत-पाकिस्तान फाइनल तक पहुंचते हैं, तो दोनों देशों के बीच एशिया कप 2025 में तीन मुकाबले देखने को मिलेंगे।

## खेल के जरिए अच्छे संबंध बनते हैं, तो बनने देना चाहिए : जायद



**मुंबई।** एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को हाई-वोल्टेज मैच खेला जाना है। बॉलीवुड अभिनेता जायद खान के मुताबिक अगर खेल के जरिए दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध बन सकते हैं, तो उसे बनने देना चाहिए। जायद खान ने पत्रकारों से कहा, "भारत नंबर-1 टीम है। टीम इंडिया शानदार है। मुझे लगता है कि शत प्रतिशत भारत ही इस मुकाबले को जीतेगा। दोनों देशों के बीच मुकाबला होना चाहिए। खेल को खेलभावना की तरह लेना चाहिए। पाकिस्तान के साथ अगर कुछ हद तक अच्छे संबंध बन सकते हैं, तो उन्हें बनने देना चाहिए।" पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान की टीमें पहली बार क्रिकेट मैदान पर आमने-सामने होंगी। हालांकि, कुछ लोग इस मुकाबले को लेकर आपत्ति जता रहे हैं, लेकिन एक खेमा ऐसा भी है, जिसका मानना है कि इस मुकाबले को खेल भावना की तरह लेना चाहिए।

## मुकाबला नहीं खेला जाना चाहिए : केदार जाधव



**पुणे।** पीएम नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को अपना 75वां जन्मदिन मनाएंगे। इस मौके पर लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को लेकर जागरूक करने के लिए पुणे में 'पुणे ऑन पेडल्स' और 'पुणे वॉकेथॉन' का आयोजन हुआ, जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान केदार जाधव ने 14 सितंबर को एशिया कप में खेले जाने वाले भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर प्रतिक्रिया दी। केदार जाधव ने पत्रकारों से कहा, "मैंने पहले ही कहा था, मेरे हिसाब से भारत-पाकिस्तान के बीच यह मुकाबला नहीं खेला जाना चाहिए, लेकिन रविवार को मैच होने जा रहा है।" कुछ दिनों पहले आईएएनएस से बातचीत में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अशोक डिंडा ने कहा था कि भारत को पाकिस्तान के साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहिए। उन्होंने कहा, "बतौर खिलाड़ी मैं जरूर चाहूंगा कि भारत-पाकिस्तान आपस में खेलें, लेकिन सबसे पहले मैं एक भारतीय हूं। पाकिस्तान बार-बार हमारे देश पर हमले कर रहा है। ऐसे में उसके साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहिए, न ही खेल संबंध।

## साउथ अफ्रीका टी20 लीग : एडेन मार्करम बने डरबन सुपर जायंट्स के कप्तान



**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका टी20 लीग के चौथे सीजन के लिए डरबन सुपर जायंट्स ने एडन मार्करम को कप्तान बनाया है। शनिवार को टीम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर मार्करम को कप्तान बनाए जाने की सूचना दी। एडन मार्करम साउथ अफ्रीका टी20 लीग के सफलतम कप्तान हैं। वह पिछले तीन सीजन से सनराइजर्स ईस्टर्न केप के कप्तान थे। उनकी कप्तानी में ईस्टर्न केप 2023 और 2024 में चैंपियन रही थी, जबकि 2025 में उपविजेता रही थी। मार्करम दक्षिण अफ्रीका की भी कप्तानी करते रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका 2024 टी20 विश्व कप का फाइनल मार्करम की कप्तानी में ही खेली थी। मार्करम ने अगले सीजन से पहले सनराइजर्स ईस्टर्न केप से नाता तोड़ लिया था। नीलामी में उन्हें डरबन सुपर जायंट्स ने खरीदा। वह नीलामी में दूसरे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे। डरबन सुपर जायंट्स आईपीएल की लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम है। आईपीएल में मार्करम 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का हिस्सा बने थे और सलामी बल्लेबाज के रूप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। साउथ अफ्रीका टी20 लीग में डरबन अब तक खिताब नहीं जीत सकी है। 2024 में डरबन फाइनल में पहुंची थी, जिसमें सनराइजर्स ईस्टर्न केप के हाथों उसे हार का सामना करना पड़ा था। मार्कराम के अलावा डीएसजी ने नीलामी में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर गेराल्ड कोएत्जी, युवा तेज गेंदबाज क्वेना मफाका, बांग्लादेश के स्पिनर तैजुल इस्लाम को खरीदा।

## हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग

### सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की जोड़ी को सीधे गेम में हराया

**एजेंसी। हांगकांग**

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को सीधे गेम में जीत के साथ हांगकांग ओपन सुपर 500 के फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह उनके पास इस साल खिताब जीतने का लंबा इंतजार खत्म करने का मौका है। दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने चीनी ताइपे के बिंग-वेई लिन और चेन चेंग कुआन को 21-17, 21-15 से हराकर इस सत्र में छह सेमीफाइनल मुकाबलों में मिली हार के बाद अपने पहले फाइनल में जगह बनाई।

**● किससे हो सकती है फाइनल में भिड़ंत?**

आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का सामना चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से होगा। फाइनल मैच 14 सितंबर को दोपहर 3 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

**● कुछ ऐसा रहा मैच का हाल**



शुरुआती गेम में दोनों जोड़ियां 3-3 और 6-6 से बराबरी पर थीं। लेकिन सात्विक के स्मैश और चिराग के तेज 'इंटरसेप्शन' की बदौलत भारतीय जोड़ी 11-8 से आगे हो गई। हालांकि ताइवानी जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 12-12 कर लिया लेकिन भारतीय जोड़ी ने 15-12 से बढ़त बना ली। चिराग के तेज रिटर्न के साथ दूसरे गेम प्वाइंट पर गेम अपने नाम कर लिया। अगले गेम में चेन और लिन मजबूत शुरुआत कर 4-2 से आगे थे, लेकिन भारत ने 6-6 से बराबरी हासिल कर ली। चिराग की कुछ गलतियों के कारण ताइवानी जोड़ी 10-8 से आगे हो ली। लेकिन सात्विक ने एक और तेज स्मैश लगाकर स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया।

## सोशल मीडिया पर सौरव गांगुली के एथनिक लुक ने लगाई आग, शांत नहीं हो पा रहे प्रशंसक!

**नई दिल्ली।** क्रिकेट की सफेद जर्सी को छोड़िए, क्योंकि फैशन में सौरव गांगुली ने एक बिल्कुल नई पारी शुरू की है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान, जिन्हें प्यार से दादा कहा जाता है, एक शाही एथनिक लुक में नजर आने के बाद वायरल हो गए हैं, जिसके बाद फैंस उन्हें 'पिच और स्टाइल का बादशाह' कहने लगे हैं। इस ट्रेंडिंग फोटोशूट में गांगुली ने अपने बोर्डरूम ब्लेजर की जगह बारीक डिजाइन वाले धोती-कुर्ते पहने, और सच कहूं तो उन्होंने कमाल कर दिया। बारीक कढ़ाई से लेकर सहज स्वैग तक, कोलकाता के राजकुमार हर तरह से त्योहारों के मौसम के शोस्टॉपर लग रहे थे। सोशल मीडिया पर बिना समय गंवाए तारीफों की बौछार हो गई, मीम्स प्रशंसकों के एडिट में बदल गए और टाइमलाइन गांगुली के सदाबहार आकर्षण का जश्न मनाने वाले पोस्ट से भर गईं। एक प्रशंसक ने खुशी से कहा, "यह आदमी मैच और दिल दोनों ही बराबर जीत सकता है," जबकि दूसरे ने उन्हें 'बेहतरीन स्टाइल दादा' का खिताब दिया। बेशक, बड़ा सवाल यह है कि क्या हो रहा है? त्योहारों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में कई लोग अनुमान लगा रहे हैं कि यह शूट किसी ब्रांड अभियान या किसी खास सहयोग से जुड़ा हो सकता है। आधिकारिक घोषणा अभी गुप्त है, लेकिन चर्चा बढ़ती ही जा रही है। एक बात तो तय है कि गांगुली खुद को नए सिरे से गढ़ना जानते हैं। लॉर्ड्स में अपनी जर्सी लहराने से लेकर धोती पहनकर देसी अंदाज को नई परिभाषा देने तक, दादा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि दिग्गज कभी भी फैशन से बाहर नहीं होते।

## टीम इंडिया के जर्सी स्पॉन्सर की टेंशन होने जा रही है खत्म...

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शनिवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के नए जर्सी प्रायोजक का चयन अगले दो से तीन हफ्तों में हो जाएगा और बोलियां 16 सितंबर को बंद होंगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का ऑनलाइन गेमिंग कंपनी 'ड्रीम11' के साथ 358 करोड़ रुपये प्रति वर्ष का करार रद्द होने के बाद टीम इंडिया बिना किसी जर्सी प्रायोजक के खेल रही है।

**● गेमिंग एप पर लगा बैन**

ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के प्रचार और विनियमन के पारित होने के बाद यह करार रद्द हो गया जिसके तहत गेमिंग ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। बीसीसीआई ने इसके बाद एक नई निविदा जारी की है जिसमें वास्तविक धन राशि वाले गेमिंग एप, सट्टेबाजी, क्रिप्टोकरेंसी या शराब उत्पादों से जुड़ी कंपनियों के बोली लगाने पर रोक लगी है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## जीएसटी दरें घटने पर हर महीने कीमतों की रिपोर्ट लेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 9 सितंबर को जारी एक सर्कुलर में अपने क्षेत्रीय कार्यालयों से कहा कि वे 22 सितंबर से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद मक्खन, पनीर, शैंपू, टूथपेस्ट, बिस्कुट, चॉकलेट, सीमेंट और दवाओं जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में होने वाले बदलावों पर नजर रखें और मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बिज़नेस स्टैंडर्ड ने उस सर्कुलर को देखा है। इसमें सीबीआईसी ने प्रधान मुख्य आयुक्तों को निर्देश दिया है कि वे व्यापार संघों और क्षेत्रीय इकाइयों से वस्तुवार कीमत के आंकड़े एकत्र करें, जिसमें नई दरें लागू होने के पहले और बाद के दाम शामिल हों। यह कवायद 6 महीने तक के लिए जारी रहेगी, जिससे यह जाना जा सके कि कम हुई जीएसटी दरों का लाभ ग्राहकों तक पहुंच रहा है या नहीं। इस सिलसिले में पहली रिपोर्ट 30 सितंबर तक भेजनी होगी। उसके बाद हर महीने की 20 तारीख को मार्च 2026 तक दरों की रिपोर्ट भेजनी होगी। जिन सूचीबद्ध 54 वस्तुओं की दरों की अद्यतन जानकारी देनी है, उनमें मक्खन, चीज और घी जैसे डेरी उत्पाद, बिस्कुट, चॉकलेट और आइसक्रीम जैसे पैकेज्ड फूड शामिल हैं। इन वस्तुओं में साबुन, शैंपू और टूथपेस्ट जैसे प्रसाधनों के साथ-साथ सीमेंट, दवाइयां, साइकिल, खिलौने जैसी महंगी वस्तुएं और टेलीविजन तथा एयर कंडीशनर जैसी टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं भी शामिल हैं।

- सीबीआईसी सर्कुलर (9 सितंबर): 22 सितंबर से नई जीएसटी दरें लागू होने के बाद रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में बदलाव पर क्षेत्रीय कार्यालयों को नजर रखने का निर्देश।
- मॉनिटरिंग अवधि: कीमतों की निगरानी 6 महीने तक होगी, पहली रिपोर्ट 30 सितंबर तक और उसके बाद हर महीने की 20 तारीख को मार्च 2026 तक भेजनी होगी।
- कवर की गई 54 वस्तुएं: मक्खन, पनीर, घी, बिस्कुट, चॉकलेट, आइसक्रीम, साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, सीमेंट, दवाइयां, साइकिल, खिलौने, टीवी, एसी जैसी वस्तुएं शामिल।

## अमेरिका के राजदूत गोर बोले- भारत में श्रम सुधारें से बढ़ेगें व्यापार के अवसर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि वह श्रम के बेहतर मानकों जैसे सुधारों की वकालत करेंगे। उनका कहना है कि इससे भारत के बाजार अधिक सुलभ बनेंगे और अमेरिकी कंपनियां एक समान अवसर के साथ काम कर सकेंगी।

नियुक्ति की पुष्टि की सीनेट में सुनवाई के दौरान गोर ने एक लिखित बयान में कहा, 'अगर मेरी नियुक्ति की पुष्टि की जाती है तो मैं निष्पक्ष, पारस्परिक और अमेरिकी श्रमिकों एवं व्यवसायों के लिए लाभकारी व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए काम करूंगा। मैं सुधारों की वकालत करूंगा, जिससे भारत के बाजार तक पहुंच बेहतर हो सके और पारदर्शिता आए। साथ ही श्रम मानक उच्च हों। इससे अमेरिका की कंपनियां काम करने के एक समान अवसर पर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगी। मैं राष्ट्रपति ट्रंप की मिशन 500 के लक्ष्य पर काम करूंगा, जिसके तहत द्विपक्षीय कारोबार 2030 तक दोगुना करके 500 करोड़ डॉलर किए जाने का लक्ष्य है। इससे अमेरिकी निर्यात को विस्तार मिलेगा, रोजगार का सृजन होगा और हमारे नागरिकों में समृद्धि आएगी।'

भारत ने इसके पहले विकसित देशों के उच्च श्रम मानकों के अभियान का विरोध किया है, क्योंकि इससे खासकर श्रम केंद्रित उद्योगों में कारोबार की लागत बढ़ेगी और इससे प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो सकती है। गोर ने कहा कि भारत एक रणनीतिक साझेदार है, जिसकी दिशा और दशा का असर पूरे इलाके पर पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा, 'भारत की 1.4 अरब से ज्यादा की आबादी और तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग, अमेरिकी व्यवसायों के लिए अपार अवसर प्रदान करता है। आर्टीफिशल इंटेलिजेंस से लेकर दवाइयों और महत्त्वपूर्ण खनिजों तक, सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। हालांकि भारत की संरक्षणवादी नीतियों और नियामक बाधाओं के कारण साझेदारी को पूरी तरह व्यापक होने में व्यवधान डाला है।'

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार वार्ता इसलिए अटक गई, क्योंकि भारत ने राजनीतिक रूप से संवेदनशील कृषि और डेरी क्षेत्र के लिए अपना बाजार खोलने से मना कर दिया। इसके अलावा अमेरिका द्वारा शुल्क लगाए जाने से भी तनाव बढ़ा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सप्ताह की शुरुआत में तनाव कम करने के संकेत दिए थे, जिनमें लंबित मसलों का समाधान और जल्द व्यापार समझौता होने की उम्मीद जताई गई थी।



- **गोर ने सीनेट** में सुनवाई के दौरान कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी-निष्पक्ष व पारस्परिक व्यापार, पारदर्शिता और उच्च श्रम मानक
- **राष्ट्रपति ट्रंप** की मिशन 500 योजना पर काम करेंगे, जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है
- **कृषि और डेयरी** क्षेत्र में बाजार खोलने से भारत के इनकार और अमेरिका द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण द्विपक्षीय व्यापार वार्ता अटकी रही।

## यूएस टैरिफ से मुश्किल में इंडियन ऑटो पार्ट्स उद्योग

मारुति सुजूकी इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी हिसाशी ताकेउची ने आज कहा कि भारत का वाहन पुर्जा निर्यात 'बड़ी चुनौती' से जूझ रहा है क्योंकि अमेरिका को भेजी जाने वाली लगभग 30 प्रतिशत खेपों पर अब 25 से 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लग रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी दीर्घकालिक विनिर्माण प्रतिस्पर्धी क्षमता मजबूत करने के लिए 'नीतिगत स्थिरता और पूर्वानुमान' का लगातार प्रदर्शन करते रहना चाहिए। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एक्मा) के वार्षिक सत्र में अपने भाषण में ताकेउची ने कहा कि अमेरिकी शुल्कों ने आपूर्तिकर्ताओं पर दबाव डाला है, क्योंकि भारत के पुर्जा निर्यात का बड़ा हिस्सा अमेरिकी बाजार पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि भारत और वाशिंगटन बातचीत कर रहे हैं तथा 'सरकार इस मसले के प्रति बहुत संवेदनशील है और उम्मीद है कि कोई समाधान निकल आएगा।'

## कम महंगाई और ब्याज दरें अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग को महत्वपूर्ण समर्थन करेंगी प्रदान

**नई दिल्ली।** एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक चुनौतियों के बीच कम हेडलाइन मुद्रास्फीति और ब्याज दरें अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग को महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करेंगी। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में अब हेडलाइन मुद्रास्फीति पहले के 3.5 से कम होकर 3.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके परिणामस्वरूप इस वित्त वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति में 140 आधार अंकों (1.4 प्रतिशत) की गिरावट आएगी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, "इस तीव्र नरमी का अर्थ है कि इस वित्त वर्ष में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति में 140 आधार अंकों की गिरावट आएगी, जिससे मौद्रिक नीति में ढील की गुंजाइश बनेगी।

## हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड ने अपने लोकप्रिय उपभोक्ता वस्तुओं की घटाई कीमतें

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी कंज्यूमर गुड्स कंपनियों में से एक हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने सरकार के पर्सनल केयर और फूड आइटम्स पर जीएसटी रेट कम करने के बाद कई लोकप्रिय प्रोडक्ट्स की कीमतों में कटौती की घोषणा की है। नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी और रिवाइज्ड पैक जल्द ही देश भर की दुकानों में उपलब्ध होंगे। पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स में 180 एमएल वाले डव शैम्पू की कीमत 145 रुपए कर दी गई है, जो कि जीएसटी रेट कट से पहले 165 रुपए पड़ती थी। इसी तरह, 100 ग्राम लक्स साबुन, जिसकी कीमत 35 रुपए पड़ती है अब घटकर 30 रुपए रह गई है। ऑफिशियल नोटिफिकेशन के अनुसार, 125 ग्राम वाले लाइफबॉय साबुन की कीमत भी 33 रुपए से घटा कर 28 रुपए कर दी गई है।

## भारत में लॉजिस्टिक्स व इंडस्ट्रियल लीजिंग वर्ष के अंत तक 60 एमएसएफ को पार कर सकती है

**नई दिल्ली।** ग्रॉस लॉजिस्टिक्स और इंडस्ट्रियल (एलएंडआई) लीजिंग वर्ष के अंत तक 60 मिलियन वर्ग फुट (एमएसएफ) को पार करने की उम्मीद है। शनिवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत मांग के बल पर यह सेक्टर एक नया बेंचमार्क सेट करेगा। रियल एस्टेट सर्विस फर्म कुशमैन एंड वेकफील्ड ने एक रिपोर्ट में कहा, "2025 की पहली छमाही में, वेयरहाउसिंग और इंडस्ट्रियल सेगमेंट में लीजिंग की वृद्धि दोहरे अंकों में बनी रही, कुल लीजिंग 30.7 मिलियन वर्ग फुट रही, जो सालाना आधार पर 21.6 प्रतिशत की वृद्धि 2024 की दूसरी छमाही की तुलना में 12.1 प्रतिशत अधिक है।" यह प्रदर्शन इस क्षेत्र के मजबूत फंडामेंटल को दिखाता है, जिसमें लीजिंग एक्टिविटी पिछले तीन लगातार वर्षों से सालाना 50 मिलियन वर्ग फुट को पार कर रही है। इस वर्ष के अंत तक ग्रॉस लीजिंग 60 एमएसएफ को पार कर जाने की उम्मीद है, जो भारत के लॉजिस्टिक्स और इंडस्ट्रियल मार्केट के लिए एक नया मानक स्थापित करेगा।